4 रायपुर संभाग
पर्यटन क्षेत्र की दिशा में जल जगार महोत्सव से धमतरी...

6 अभिमत
सिद्धरमैया पर संकट घोटाले के आरोप

09 विविध
ना नियम ना योग्यता 6 से 10 लाख की बोली में प्रबंधक...

10 संस्कारधानी
अधूरा अमृत मिशन प्रोजेक्टर हैंडओवर...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 29 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-40 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर, पांच घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर हो गये जबकि चार सैन्यकर्मी और एक पुलिस अधिकारी घायल हुए हैं। आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर सेना और पुलिस के संयुक्त बल ने आज तड़के आदिगाम देवसर कुलगाम में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान वहां छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने गोलिया चलायी।

### मनोज सिन्हा ने माता वैष्णो देवी मंदिर में मत्था टेका



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रियासी जिले के कटरा कस्बे की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की और मत्था टेका। सिन्हा ने माता वैष्णो देवी की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए शांति, समृद्धि, खुशहाली की कामना की और सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। जम्मू-कश्मीर उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, उपराज्यपाल ने माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में मत्था टेका। सभी के लिए शांति और समृद्धि की प्रार्थना की।

### भारत ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के संबोधन की निंदा की

**संयुक्त राष्ट्र/नयी दिल्ली।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए दुनिया को उसके आतंकवाद को बढ़ावा देने, अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पनाह देने और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में लाखों बंगालियों के नरसंहार तथा अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न के साथ ही सीमा पार आतंकवादी हमलों की याद दिलाई। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारतीय युवा राजनयिक भाविका मंगलानंदन ने भारत पर निशाना साधने के लिए दिए गए अपने भाषण के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर हमला बोला जिसमे उन्होंने कश्मीर मुद्दा उठाया और 'इस्लामोफोबिया' का आरोप लगाया था।

# जम्मू-कश्मीर में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा

एजेंसी जम्मू
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव हो रहे हैं, क्योंकि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार बनेगी। मोदी ने यह भी कहा कि सितंबर 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के दुश्मनों को हिलाकर रख दिया है और अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि 'आतंकवाद के आकाओं को पता है कि मोदी उन्हें कहीं भी छुपकर ढूंढ निकालेंगे। प्रधानमंत्री ने जम्मू में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी चुनावी रैली है, क्योंकि एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 28 सितंबर है, पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक की सालगिरह। इसी दिन हमने दुश्मनों को उनके घरों में घुसकर मारा और दुनिया को दिखाया कि यह नया भारत है, जिसे अब और हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया है क्योंकि अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता। प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया है कि भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के खिलाफ कोई हरकत करता है, तो मोदी सरकार उन्हें कहीं भी छुप जाने की जगह नहीं देगी और उन्हें सबक सिखाएगी। इस बयान में प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखाया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है और अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इतनी गिर गई है कि उसने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। उन्होंने पूछा, क्या वे वोट के लायक हैं? उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती भी है। उन्होंने कहा, मैं इस शहीद नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान उन्होंने चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, मैंने लोगों में भाजपा के प्रति बहुत उत्साह देखा। जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कांफ्रेंस से थक चुके हैं। मोदी ने कहा कि लोग नहीं चाहते कि पुराने बुरे दिन लौटें, जब भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, पिछले दरवाजे से नियुक्तियां की जा रही थीं।

# मोदी सरकार की नीतियों ने बर्बाद कर दिया देश के युवाओं का भविष्य : खड़गे

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवा विरोधी हैं और उनकी नीतियों ने युवाओं के लिए रोजगार के कोई अवसर पैदा नहीं किए हैं,जिससे देश का युवा बर्बाद हो गया है। खड़गे ने कहा, बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। अभी आए पीएलएफएस के आँकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए – क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2 प्रतिशत के भयावह स्तर पर नहीं है। रंग-बिरंगे नारे देने और फ़ोटोबाज़ी करने के बजाय मोदी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया। क्या ये सच नहीं है कि जिन महिलाओं के पास रेगुलर आय की नौकरी है उनकी संख्या अब सात वर्षों में सबसे कम होकर मात्र 15.9 प्रतिशत रह गई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, क्या गाँव-देहात में अनपेड नौकरी करने वाली महिलाओं की संख्या 2017-18 के 51.9 प्रतिशत से बढ़कर अब 67.4 प्रतिशत नहीं हुई है, जो ग्रामीण बेरोज़गारी को दर्शाता है। विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले सात वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है। ये आंकड़ा 2017-18 के 15.85 प्रतिशत से लुढ़कर अब 11.4 प्रतिशत कैसे रह गया। उन्होंने कहा कि मोदी को याद रखना चाहिए कि भारत का एक-एक युवा जिसके रोज़गार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

# व्यापारियों से वसूली करने वाले केंद्रीय जीएसटी के दो अफसर सस्पेंड

## भ्रष्टाचार के खिलाफ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की बड़ी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में केंद्रीय जीएसटी के दो अधिकारियों को व्यापारियों से धमकी देकर अवैध रूप से 7 लाख रुपये वसूलने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय जीएसटी बोर्ड ने यह कार्रवाई राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर की, जिन्होंने इस मामले की शिकायत दिल्ली में केंद्रीय जीएसटी बोर्ड से की थी। केंद्रीय जीएसटी के छत्तीसगढ़ में अधीक्षक के पद पर आशीष पाठक और पल्लव परगनिहा पदस्थ थे। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के दो व्यापारियों पर टैक्स चोरी का आरोप लगाकर बड़ी कार्रवाई की धमकी दी और इस भय का उपयोग करते हुए 7 लाख रुपये वसूल लिए। दोनों अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर पहले भी शिकायतें आती रही थीं, लेकिन केंद्रीय अधिकारी होने के कारण स्थानीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती थी। जब यह मामला छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तत्काल दिल्ली स्थित केंद्रीय जीएसटी बोर्ड के अधिकारियों से इस बारे में शिकायत की। वित्त मंत्री द्वारा की गई इस शिकायत को गंभीरता से लिया गया और बोर्ड ने मामले की जांच कर करवाई की।

# डिजिटल क्रांति ने पूर्वोत्तर में आमजन के जीवन को सरल बनाया : बिरला

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि डिजिटल क्रांति ने देश के सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र में आमजन के जीवन को सरल बनाने का काम किया है। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ जोन -3 के सम्मेलन में शामिल होने मिजोरम के दौरे पर आए बिरला एजल के बड़ा बाजार पहुंचे और स्थानीय दुकानदारों तथा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से स्वरोजगार करने वाली महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बांस से बनी हैट, ऑर्गेनिक फल और कुछ अन्य कलाकृतियां खरीदी। उन्होंने सभी उत्पादों की खरीदारी डिजिटल पेमेंट के जरिए की। लोकसभा अध्यक्ष ने क्यूआर कोड को स्कैन कर यूपीआई के जरिए दुकानदारों को राशि की भुगतान की। इसके बाद उन्होंने कहा, डिजिटल क्रांति ने देश के सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्र में भी आमजन के जीवन को सरल बनाया है। इस दौरान स्थानीय दुकानदारों ने बिरला को बताया कि उनके व्यवसाय का 80 प्रतिशत से अधिक भुगतान डिजिटल माध्यम से ही आता है। डिजिटल भुगतान माध्यमों के आने से व्यापार में भी इजाफा हुआ है। बिरला फालकुन गांव जाते से रास्ते में सफाई करते कुछ कार्यकर्ताओं को देख रुके और उनसे बात की। सफाई में जुटों लोगों ने बताया कि वे गांधी जयंती पर आयोजित स्वच्छता पखवाड़े के तहत अभियान चला रहे हैं। बिरला ने भी वहां रुककर श्रमदान दिया।

# बुखारा के गवर्नर से सीतारमण ने की भेंट

वार्ता बुखारा (उज्बेकिस्तान)
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुखारा शहर के गवर्नर बोतिर जरीपोव से मुलाकात की और कहा कि बुखारा के साथ भारतीय यात्रियों और व्यापारियों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। सीतारमण ने कहा कि एक पर्यटन स्थल के रूप में बुखारा की लोकप्रियता भारतीयों के बीच बढ़ रही है और वह दोनों पक्षों को पर्यटन और लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। दोनों देशों के बीच गहरी होती शैक्षिक साझेदारी के प्रमाण के रूप में उन्होंने बुखारा में 2023 में आचार्य विश्वविद्यालय की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने बुखारा स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ भारतीय दूतावास के घनिष्ठ सहयोग, विशेष रूप से विश्वविद्यालय में इंडिया कॉर्नर की स्थापना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कई छात्र और संकाय सदस्य भारत सरकार के आईटीईसी प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत भारत आते हैं।

# सीएम ने कहा - सभी कार्य सांय-सांय हो रहे केंद्रीय मंत्री बोले - सफाई का दायरा बढ़ा है

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री का वितरण भी किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में स्वच्छता की दिशा में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धमतरी जिले के ग्राम कोटाभर्री की 106 वर्षीय कुंवर बाई ने बकरी की ब्रिकी कर शौचालय का निर्माण कराया और वे देश एवं प्रदेश के लिए मिसाल बन गई। ग्राम बरगा में इसी तरह के सरपंच ने भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए तथा जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम बरगा में जल संरक्षण के लिए परकोलेशन टैंक का निर्माण किया गया है। यहां जल की उपलब्धता के लिए बोर हेतु राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी कार्य फटाफट और सांय-सांय हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 9 लाख 37 हजार आवास की स्वीकृति मिली। इस कार्यक्रम में 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। देश में कैच द रैन अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बारिश के पानी का जमीन में जल संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्य जुड़े हैं। उन्होंने ग्राम बरगा में जल संरक्षण के लिए तथा जल आपूर्ति के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा की। भू-जल स्तर नीचे चला गया था, लेकिन बोर करने के बाद पानी मिलने लगा और आने वाले वर्षों में इस तरह की सामूहिक पहल प्रदेश के लिए नया मॉडल बनेगा।

# गंगरेल में होगा 5-6 अक्टूबर को होगा जल-जगार महोत्सव

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में गर्मियों में अप्रत्याशित भू जल स्तर में हो रहे गिरावट से लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। धमतरी जिले के गंगरेल में 5-6 अक्टूबर को जीवनदायनी महानदी के तट पर जल-जगार महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के 108 अमृत सरोवर और परकोलेशन टैंक के पानी से अभिषेक किया जायेगा। इसके साथ ही लोगों को जल संरक्षण में अपना पूरा पूरा योगदान देने प्रोत्साहित किया जाएगा। धमतरी जिला में भू-जल स्तर बढ़ाने, जल एवं पर्यावरण संरक्षण करने की दिशा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें जिले के परसतराई, नवागांव, थुहा सहित कई गांव के लोग स्वेच्छा से जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आगे आ रहे हैं। जल संरक्षण के लिए यहां नल और जलाशयों के आसपास जल संरक्षण सबंधी स्ट्रक्चर बनाए गए हैं साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी स्थापित किए गए हैं। गांव की महिलाओं भी जल संरक्षण के लिए आगे आ रही हैं।

# 9 महीने की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया, अपराध का गढ़ बना दिया : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के दूसरे दिन का शुभांरभ कसडोल के सतनाम भवन से शुरू हुई। यात्रा के पूर्व पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने माँ महामाया के मंदिर जा कर पूजा अर्चना किया। उन्होंने प्रदेश मे शांति की कामना राज्य के हर नागरिक की सुख समृद्धि की कामना किया। यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ताओ ने झंडा वंदन किया तथा ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन किया। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का दूसरा दिन है। पहला दिन छत्तीसगढ़ के तमाम वरिष्ठ नेताओं के साथ गिरौदपुरी धाम बाबा गुरू घासीदास के तमोभूमि दर्शन करने के पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह जी की स्मृति नमन के करने के बाद न्याय यात्रा आरंभ की है। कल लगभग 22 से 25 किलोमीटर चले कल का दिन ऐतिहासिक रहा। बलौदाबाजार, बिलाईगढ़ की जनता ने हम लोगों को भी सम्मान और प्यार दिया उसके लिये धन्यवाद। आज का दिन भी 22 से 25 किमी की यात्रा होगी। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा से छत्तीसगढ़ की जनता में एक नया संदेश जा रहा है। इस प्रदेश सरकार की नाकामियों को हम सफल हो रहे है। इसी का नतीजा है कि जिस-जिस क्षेत्र में न्याय यात्रा जा रही है उस रास्ते की पूरे गांव की जनता इस न्याय यात्रा को स्वागत करने के लिये इंतजार कर रहे यह सबसे बड़ी बात है। हमारा मकसद है इस प्रदेश को बचाना प्रदेश को शांति की ओर वापस लाना है। इस 9 महीने की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद कर दिया, अपराध का गढ़ बना दिया। हमारी न्याय यात्रा का मकसद है कि अपराध रूक नहीं रहा लेकिन कवर्धा में पिछले सप्ताह तीन साहू समाज के बेटों की हत्या हुई उस घटना को सरकार रोक सकती थी। आज एक साहू बेटे की फिर हत्या होती है और एक गंभीर रूप से घायल है। इस तरह से पूरे कवर्धा जल रहा है। गृह मंत्री का गृह जिला है, विधानसभा है वो संभल नहीं रहा है तो क्या प्रदेश संभालेंगे?

## हम बीच में कहीं रास्ता भटक गए थे लेकिन वैदिक काल में महिलाएं उच्च स्तर पर थीं

# महिला और शिक्षा देश को विकसित भारत की ओर ले जाने वाले रथ के चक्र : धनखड़

वार्ता जयपुर
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिला शिक्षा के महत्व को बताते हुए कहा है कि महिला और शिक्षा उस रथ के दो पहिए हैं जो देश को चलाएंगे और इनके बिना हम विकसित भारत का सपना नहीं देख सकते। धनखड़ ने जयपुर में इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा को समाज में सबसे बड़ा स्तर बताते हुए कहा कि यह समानता लाती है और लोकतंत्र के प्रस्फुटित होने के लिए यह एक ज़रूरी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज में शिक्षा असमानताओं को दूर कर समानता लाती है, शिक्षा सामाजिक व्यवस्था में बराबरी लाने का सबसे बड़ा साधन है, शिक्षा लोकतंत्र की प्राणवायु है। उन्होंने वैदिक काल में भारतीय समाज कि संरचना पर जोर देते हुए कहा अगर हम अपने वेदों पर नजर डालें तो उनमें महिलाओं की शिक्षा और भागीदारी पर बहुत ज़ोर दिया गया है। हम बीच में कहीं रास्ता भटक गए थे लेकिन वैदिक काल में महिलाएं उच्च स्तर पर थीं। वे नीति निर्माता, वे निर्णय निर्माता तथा मार्गदर्शक थीं। उन्होंने हाल में लागू महिला आरक्षण विधेयक की भी प्रशंसा की, जिसके तहत संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि एक युगांतकारी विकास हुआ है जोकि ऐतिहासिक विकास है और वह लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिला आरक्षण है। संविधान ने अब लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में एक तिहाई आरक्षण प्रदान किया है। इससे वे नीति निर्माण का हिस्सा होंगी, वे कानून बनाने का हिस्सा होंगी, वे कार्यकारी कार्यों का हिस्सा होंगी, वे प्रेरक शक्ति होंगी। यह इस सदी का बहुत बड़ा विकास है। धनखड़ ने वैश्विक स्तर पर भारत में निवेश और व्यापार की असीम संभावनाओं के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि देश ने विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ऐतिहासिक तेजी से विकास और आर्थिक प्रगति को बढ़ते देखा है। दिन प्रतिदिन भारत में संभावनाएँ बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाएं, आईएमएफ, विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और सभी ने कहा है कि भारत विश्व स्तर पर सबसे अधिक संभावनाओं वाला देश है। किसी भी देश में देखें, हम अवसर और निवेश के मामले में सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना कोई बदलाव नहीं हो सकता और शिक्षा गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण होनी चाहिए। शिक्षा को डिग्री से परे होना चाहिए। एक के बाद एक डिग्रियां हासिल करना शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण नहीं है और यही कारण है कि तीन दशकों के बाद देश में एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई है जो छात्रों को उनकी प्रतिभा का पूरा लाभ उठाने में मददगार है। इस नीति के द्वारा उन्हें डिग्री आधारित शिक्षा से दूर कर दिया गया है। इसमें कौशल शिक्षा और योग्यता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके साथ ही कोर्स भी किया जा सकता हैं। धनखड़ ने 2047 में 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने में युवाओं की अहम भूमिका बताते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आवश्यक तत्व देश में मौजूद हैं।

# बीजेपी नेता नारायण चंदेल के छोटे भाई की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

पायनियर संवाददाता जांजगीर
www.dailypioneer.com



पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के छोटे भाई की लाश रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैली गई। बताया जा रहा है कि बीजेपी नेता शेखर चंदेल ने नैला स्टेशन के पास ट्रेन के सामने आकर की खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं इस घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा रही। जानकारी के मुताबिक पूरा घटनाक्रम नैला रेलवे स्टेशन के पास का बताया जा रहा है। भाजपा नेता शेखर चंदेल पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के छोटे भाई थे। शेखर चंदेल बीजेपी में सक्रिय राजनीति के साथ ही स्काउट गाईड के जिला आयुक्त थे। बताया जा रहा है कि वह नैला रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे। लोग कुछ समझ पाते इसी बीच उन्होने ट्रेन के सामने आकर की खुदकुशी कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। शेखर चंदेल की मौत की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी देर रात ही घटनास्थल पर पहुंचे। उधर इस घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। शेखर चंदेल ने किन कारणों से आत्महत्या की, ये अभी पुलिस के जांच का विषय है।

# आईपीएल में अनुबंध के अलावा हर मैच के लिये मिलेंगे साढ़े सात लाख

एजेंसी मुबंई
www.dailypioneer.com




इंडियन प्रीमियर लीग के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर पर दिये जायेंगे। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीज़न में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। उन्होने कहा प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। यह आईपीएल और हमारे खिलाड़ियों के लिए एक नया युग है। बीसीसीआई के इस निर्णय को उन अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिये अहम माना जा रहा है जिन्हे बेस प्राइज पर खरीदा जाता है और वे अन्य अनुबंधित खिलाड़ियों की तुलना में एक सीजन में बहुत ही कम पैसा कमा पाते हैं। इस फैसले का यह भी मतलब है कि आगामी सीजन के लिए टीमों के पर्स (पास रहने वाली रकम) अमाउंट में भी इजाफा कर सकता है। गौरतलब है कि आईपीएल के आगामी सत्र के लिये मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर माह में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प मौजूद होगा। शाह के इस फैसले से ऑक्शन सत्र के और दिलचस्प होने के आसार हैं।

# कालाबाजारी करने वालों से सख्ती से निपटेगी सरकार : यादव

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना रहती है। पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाया जाए। कालाबाजारी, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। डॉ यादव ने समत्व भवन से सोयाबीन उपार्जन, खाद उपलब्धता और वितरण की वीडियो-कान्फ्रेसिंग में कलेक्टर -कमिश्नर से चर्चा कर उक्त निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उर्वरक अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर सतत् निगरानी रखें। खरीफ 2024-25 के लिए प्रदेश में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्राइस सपोर्ट स्कीम में मध्यप्रदेश को सोयाबीन उपार्जन की दी गई स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश में उपार्जन के समुचित बेहतर प्रबंध करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जाए ताकि आवश्यकतानुसार डीएपी के स्थान पर एनपीके, लिक्विड नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। डॉ यादव ने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि राजस्व अमला जनप्रतिनिधियों के साथ ने फसलों की क्षति आंकलन सुनिश्चित करें। खाद भंडारण के लिए डबल लॉक की आवश्यकता होने पर कृषि उत्पादन आयुक्त से समन्वय कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ यादव ने अमानक स्तर का खाद-बीज विक्रय, भंडारण और परिवहन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा कि रबी 2024-25 के लिए खरीफ2024 के अनुसार ही उर्वरक वितरण का पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रबी 2024-25 के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। सभी जिला कलेक्टर बेहतर तैयारी कर लें, वितरण व्यवस्था में कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों से समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी के विज़न अनुरूप प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाए। एनपीके और लिक्विड नैनो यूरिया के उपयोग के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करें। किसानों द्वारा इनके उपयोग से देश की अन्य राष्ट्रों पर निर्भरता भी कम होगी। मुख्यमंत्री ने खरीफ 2024 में एनपीके का उपयोग 45 प्रतिशत होने पर प्रसन्नता जताई जो कि वर्ष 2023-24 में मात्र 26 प्रतिशत था। उन्होंने जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की मालवा क्षेत्र में खाद के 3 रैक और उपलब्ध कराने की मांग के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए। डॉ यादव ने खाद के व्यवस्थित वितरण के लिए अधिकारियों को डबल लॉक केन्द्रों पर अतिरिक्त बिक्री काउंटर खोलने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने प्राइस सपोर्ट स्कीम पर सोयाबीन उपार्जन की कार्रवाई संवेदनशीलता पूर्वक करने को कहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अतिरिक्त सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश सरकार करेगी। प्रदेश में 25 सितम्बर से ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। अधिक से अधिक किसानों से पोर्टल पर पंजीयन कराया जाए। आगामी 20 अक्टूबर तक किसानों का पंजीयन होगा। इसके बाद उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की कार्रवाई 21 दिसम्बर तक होगी। किसानों से 25 अक्टूबर से 31 दिसम्बर 2024 तक सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश के 1400 केन्द्रों पर किया जाएगा। आवश्यकतानुसार इसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है। किसानों को भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा। प्रदेश में 7 जिले दतिया, भिंड, कटनी, मंडला, बालाघाट, सीधी एवं सिंगरौली को छोड़कर शेष सभी जगह सोयाबीन का उपार्जन होगा। इन जिलों से प्रस्ताव आने पर सोयाबीन उपार्जन पर विचार किया जाएगा। बैठक में सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, मुख्य सचिव वीरा राणा, कृषि उत्पादन आयुक्त मोहम्मद सुलेमान, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव परिवहन एस एन मिश्रा, अपर मुख्य सचिव कृषि अशोक बर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय शुक्ला, सचिव एवं आयुक्त कृषि एम सेल्वेन्द्रन, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम पी. खाड़े, संचालक कृषि अजय गुप्ता, एमपी मार्कफेड आलोक कुमार सिंह मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अधिक दिनों तक एनडीए के साथ नहीं रहेंगे : राजद

पायनियर संवाददाता ◀ भागलपुर
www.dailypioneer.com



बिहार विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति एवं राष्ट्रीय जनता दल के नेता बीरेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अधिक दिनों तक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ रहने वाले नहीं हैं, क्योंकि वें उनकी गलत मंशा को समझ चुके हैं। बीरेंद्र ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाजवादी विचार के व्यक्ति हैं। वे कभी भी देशद्रोही वाले राजग गठबंधन के साथ नहीं रहना चाहते हैं और जल्द ही सामाजिक विचारधाराओं के साथ आएंगे। आने वाले दिनों में बिहार और आम जनता के हितों के लिए बेहतर होगा। राजनीति में संभावनाएं खत्म नहीं होती है। बीरेंद्र ने कहा कि प्रदेश की जनता को बहुत कुछ बदलाव नजर आएगा और इसके लिए इंतजार करना होगा। इस बदलाव की तैयारी शुरु हो चुकी है।

जनता भी चाहती है कि बिहार की छवि और धूमिल नहीं हो और हर क्षेत्रों में बिहार निरंतर आगे बढ़ते रहे। सभापति ने कहा कि इस प्रदेश में उत्पन्न स्मार्ट मीटर विवाद मामले में मैंने सबसे पहले विधानसभा सदन और सदन के बाहर विरोध की आवाज उठाई थी, लेकिन उस समय राज्य सरकार ने इसे हल्के में लिया था। हमारी पार्टी ने महागठबंधन के साथ मिलकर इस मामले को एक आंदोलन का रुप दिया है और आगामी एक अक्टूबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में बहुत बड़ा खेल हुआ है और दक्षिण भारत की एक एजेंसी से बहुत बड़ी रकम लेकर बिहार में स्मार्ट मीटर लगाने का काम आवंटित किया गया है।

उक्त स्मार्ट मीटर जनता की जेब को खाली करने वाला मीटर है। इसलिए मै राज्य सरकार को आगाह करता हूं कि जनता को लूटने का काम नहीं करें। राजद नेता ने कहा कि यदि हमारी (महागठबंधन) सरकार बनती है तो सबसे पहले स्मार्ट मीटर के प्रयोग पर रोक लगाई जाएगी, जिससे प्रदेश की जनता को लूटने से बचाया जा सके।

# ‘इमरजेंसी’ फिल्म को पंजाब में चलने की अनुमति नहीं देंगे : एडवोकेट धामी

पायनियर संवाददाता ◀ अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की अंतरिम समिति की हुई बैठक में नौवें पातशाह गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस को बड़े पैमाने पर मनाने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। समिति की बैठक उपरांत मीडिया से बात करते हुये शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि अंतरिम समिति ने भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा बनायी गयी फिल्म इमरजेंसी को खारिज करने का प्रस्ताव पारित किया है और सरकार से इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने को कहा है। एडवोकेट धामी ने कहा कि इस फिल्म में सिखों को बदनाम करने के अलावा जरनैल सिंह खालसा भिंडरावाला का चरित्र चित्रण किया गया है, जिसे सिख समुदाय बर्दाश्त नहीं कर सकता। यह फिल्म सिख विरोधी एजेंडे के तहत देश के खिलाफ जहर उगलने और नफरत फैलाने की भावना से बनायी गयी है, जिसे किसी भी कीमत पर पंजाब में चलने नहीं दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब सरकार को इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाकर राज्य का प्रतिनिधित्व करना चाहिये, ताकि सांप्रदायिक माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सांसद कंगना रनौत की सांप्रदायिक बयानबाजी पर संज्ञान लेने और उनकी सदस्यता रद्द करने की भी मांग की। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि जब देश में सिखों की बात आती है, तो सिखों के साथ भेदभाव किया जाता है। इसका उदाहरण प्रख्यात सिख नेता जसवन्त सिंह खालरा के जीवन पर आधारित फिल्म ‘पंजाब 95’ का सैकड़ों कट्स के बाद भी रिलीज न होना है। एडवोकेट धामी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत की 350वीं वर्षगांठ नवंबर 2025 में आ रही है। इसके साथ ही गुरु गोबिंद सिंह जी की 350वीं पुण्य तिथि और गुरु साहिब के सिख भाई दयाला जी, भाई सती दास जी और भाई मति दास जी की शहीदी जयंती भी आ रही है। उन्होंने कहा कि इन दिनों को आनंदपुर साहिब में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जायेगा, जिसकी रूपरेखा जल्द ही तैयार की जायेगी। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि अंतरिम समिति द्वारा शिलांग में पंजाबी कॉलोनी स्थित 200 साल पुराने गुरु घर को तोड़े जाने का मामला मेघालय सरकार को संज्ञान में लाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस कार्रवाई को तुरंत रोकना चाहिये और स्थानीय सिखों के आवासीय अधिकारों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी चाहिये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि बलवंत सिंह राजोआना के मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद भी केंद्र सरकार ने उनकी फांसी से लेकर उम्रकैद तक की सजा पर कोई फैसला नहीं लिया। अब राजोआना ने इस मामले में फिर से उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है, जिसमें शिरोमणि कमेटी पहले की तरह उनका पूरा समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि समिति ने भी राजोआना और बंदी सिंहों की रिहाई के लिये प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। एडवोकेट धामी ने अंतरिम कमेटी के अन्य निर्णयों के बारे में बताया कि उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली में एक आधुनिक भवन तैयार कर स्वतंत्र रूप से दिल्ली सिख मिशन को सक्रिय करने का निर्णय लिया है।

दिल्ली में शिरोमणि कमेटी का सिख मिशन गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में पहले से ही काम कर रहा है, लेकिन अब जरूरतों को ध्यान में रखते हुये जमीन खरीदी जायेगी और एक भवन तैयार किया जायेगा।

# चिराग पासवान 29 को पहुंचेंगे धनबाद, जन आक्रोश रैली में भरेंगे हुंकार

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान 29 सितम्बर रविवार को धनबाद स्थित बीसीसीएल के नेहरू स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जन आक्रोश रैली को संबोधित करेंगे। पासवान झारखंड के एक दिवसीय दौरे पर सुबह सेवा विमान नई दिल्ली से बिरसा मुंडा हवाई अड्डा रांची पहुंचेंगे। हवाई अड्डा पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। उसके बाद पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं संग सड़क मार्ग से धनबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। पासवान धनबाद स्थित बीसीसीएल के नेहरू स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में जन आक्रोश रैली में हुंकार भरेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अदित्य विजय प्रधान ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा झारखंड का लगातार दौरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चिराग पासवान झारखंड को अपनी जन्मभूमि मानते है एवं पार्टी के संस्थापक स्व? रामविलास पासवान के विकसित झारखंड के सपनों को पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष को एनडीए गठबंधन के तहत धनबाद विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाना चाहती हैं एवं इसको लेकर दोनों पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत का दौर जारी है। लोजपा को पूर्ण विश्वास है कि गठबंधन धर्म निभाते हुए लोजपा धनबाद की सीट जीत कर के एनडीए की झोले में डालेगी, और पूर्ण बहुमत के साथ एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1163.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1163.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 28 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2376.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

## मध्यप्रदेश में आज से सुजल शक्ति अभियान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन एवं ग्रामीणों में नल जल योजनाओं के प्रति स्वामित्व एवं स्वाभिमान की भावना पैदा करने, शुद्ध पेयजल परीक्षण, स्वच्छता, पानी के महत्व, उसकी सुरक्षा, संरक्षण एवं सफल क्रियान्वयन में सहभागिता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज से 02 अक्टूबर (गांधी जयंती) तक ‘जल हमारा-जीवन धारा’ थीम पर सुजल शक्ति अभियान'' चलाया जायेगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार अभियान में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ अन्य विभागों के समन्वय से ग्राम में जल के प्रति जागरूकता लाने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान में नल-जल योजना क्रियान्वित होने वाले चिन्हित ग्राम में योजना की निगरानी के लिए गठित की गई ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति, ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, शिक्षक, स्व-सहायता समूह एवं गैर सरकारी संगठनों आदि के द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। नल जल योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट सेवा देने वाले ग्रामवासियों को मेडल, प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित भी किया जायेगा।

## सोनीपत में अवैध पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो महिलाओं समेत तीन की मौत

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत जिले के रिधाऊ गाँव में एक मकान से चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री में शनिवार को विस्फोट होने से दो महिलाओं और एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि विस्फोट संभवतः गैस सिलेन्डर में रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और फिर आग लग गई। दुर्घटना के समय मकान में करीब बारह लोग थे। घायलों को पीजीआई, रोहतक में दाखिल कराया गया है। इनमें मकान मालिक की बेटी भी शामिल है। पुलिस ने मकान मालिक वेदप्रकाश को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है।

## आयुष्मान भारत अंतर्गत जनजागरूकता आयुष्मान साइकिल रैली का हुआ आयोजन



**जशपुरनगर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मनाए जा रहे आयुष्मान पखवाड़े के तहत 20 से 30 सितम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तहत जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम से आयुष्मान पखवाड़े के अंतर्गत ‘आयुष्मान साइकिल रैली’ का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य स्वास्थ्य और नियमित व्यायाम के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इसके साथ ही आयुष्मान भारत जनआरोग्य योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का लाभ उठाने हेतु लोगों को प्रेरित करना एवं योजना के संबंध में जागरूकता का प्रसार करना भी इसका उद्देश्य था। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत शान्ति भगत, अध्यक्ष नगर पालिका राधेश्याम राम, उपाध्यक्ष नगरपालिका राजेश गुप्ता, जनप्रतिनिधि प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने हरी झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया। रैली में विभिन्न आयु वर्ग के साइकिल सवारों ने भाग लिया। जहां स्कूली बच्चों से लेकर शहर के नागरिकों तथा विभागीय अधिकारियों ने रणजीता स्टेडियम से लेकर जिला अस्पताल, महाराजा चौक, जैन मंदिर, बस स्टैंड होते हुए रैली का समापन रणजीता स्टेडियम में हुआ। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर जोर देते हुए नारे लगाए। इस अवसर अपर कलेक्टर प्रवीण कुमार साहू, सीएमएचओ डॉ. घनश्याम जात्रा, डीपीएम गणपत नायक, ज़िला परियोजना समन्वयक शिशिर सिंह परमार एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रत्येक राशनकार्ड धारी परिवार को पात्रता अनुशार 50 हज़ार से 5 लाख तक का मुफ़्त इलाज प्रदान किया जाता है।

## बिहार में भारी बारिश, कई नदियां उफान पर

**पटना।** बिहार में पिछले 48 घंटे से विभिन्न नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में हो रही लगातार वर्षा पश्चिम चम्पारण जिला समेत कई निचले इलाकों में लोगों के लिए अब आफत बनती जा रही है। राज्य में बाढ़ को लेकर रेड अलर्ट है। जहां नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से गंडक नदी में छह लाख 86 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है वहीं पहाड़ी नदियां भी उफान पर है। वाल्मिकी टाइगर रिजर्व क्षेत्र से होकर गुजरने वाली कई पहाड़ी नदियां विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में प्रलय के से हालात बन गए हैं। प्राप्त यहां रिपोर्ट के अनुसार बगहा-वाल्मीकीनगर मुख्य पथ पर तीन से चार फुट पानी बह रहा है, जिससे वाल्मीकिनगर सहित 12 से अधिक गांवों का जिला मुख्यालय एवं बगहा अनुमंडल से सम्पर्क टूट गया है। वहीं, पानी की तेज धार के कारण हरदिया चांति के पास शनिवार की सुबह एक बाइक सवार बहने लगा।

## यूपीएससी टॉपर गरिमा के नाम से साइबर ठगी का मामला आया सामने

वार्ता ◀ बक्सर
www.dailypioneer.com

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में देशभर में दूसरा स्थान प्राप्त कर बक्सर और बिहार का नाम रोशन करने वाली भागलपुर की डिप्टी कलेक्टर गरिमा लोहिया के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट चलाने का मामला सामने आया है। गरिमा के नाम पर फर्जी फेसबुक अकाउंट चलने वाले व्यक्ति ने भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) के एक अधिकारी से ठगी का प्रयास भी किया है। उन्होंने जब इस बात की शिकायत की तो यह राज खुला कि गरिमा लोहिया स्वयं किसी सोशल साइट पर हैं ही नहीं। साथ ही उनकी तरफसे पूर्व में ही इस तरह के फर्जी फेसबुक आईडी चलाने वालों के विरूद्ध साइबर थाने को सूचना दी गई है। पुलिस अब तक इस मामले में कुछ विशेष नहीं कर पाई है। ऐसे में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। मामले में एलआईसी की बक्सर शाखा में पदस्थापित एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें गरिमा लोहिया नामक एक फेसबुक आइडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट मिली थी जिसे उन्होंने एक्सेप्ट कर लिया। बाद में उन्हें ऐसा लगा कि यह अकाउंट गरिमा संचालित नहीं कर रही हैं। उन्होंने बक्सर टॉप न्यूज से इस बात की शिकायत की जिस पर हमारे द्वारा इस बात की तफ्तीश की गई तो यह राज खुला कि वह अकाउंट गरिमा लोहिया का नहीं था। बाद में एलआईसी अधिकारी ने फर्जी फेसबुक आइडी को अनफ्रेंड कर दिया। मामले में गरिमा लोहिया के भाई वरुण लोहिया ने बताया कि गरिमा लोहिया के नाम से अलग-अलग 40 से 45 फेसबुक आईडी बनाए गए थे। जिसको लेकर उन्होंने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी , लेकिन वहां प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई।

# मनोज शुक्ल ने भोपाल में बच्चियों के साथ बढ़ रहे अपराधों के विरोध में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ भोपाल
www.dailypioneer.com


कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने छोटी बच्चियों एवं उनके माता पिता के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा और बच्चियों एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए अथक प्रयास करने की मांग की। बच्चियों के हाथ में ‘कमिश्नर अंकल हमें बचाओ’ लिखी हुई तख्तियां थीं। कांग्रेस नेता शुक्ला ने कहा की भोपाल में आज कल बच्चियां अपने घर, स्कूल, बाजार कहीं पर भी सुरक्षित नहीं हैं, आजकल उनके साथ अप्रिय घंटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिसका कारण पुलिस की अपराधियों को रोकने की विफलता और कमजोर कानून व्यवस्था एक बड़ा कारण है। राजधानी जैसी जगह में कोई इलाका ऐसा नहीं है की जहां बेटियां और महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की राजधानी में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ दुष्कर्म, अनाचार और अत्याचार से देश के हृदय मध्यप्रदेश गंभीर स्थिति में है। उन्होंने इस तरफ पुलिस को अधिक ध्यान देकर कड़ी कार्रवाई करने एवं इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए जाने जाने की मांग की और कहा की अगर इस तरह की घटनाएं कम नहीं हुई तो बच्चियों की सुरक्षा के लिए हम सीएम हाउस का घेराव करेंगे।

## जैन समाज का परिचय सम्मेलन कोतमा अनूपपुर में 19 अक्टूबर से

**सागर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन गोलापूर्व महासभा का बीसवां जैन युवक युवती परिचय सम्मेलन आगामी 19-20 अक्टूबर को कोतमा अनूपपुर मे आयोजित किया जायेगा। महासभा के महामंत्री चक्रेश शास्त्री ने बताया कि शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सुखोदय तीर्थ संत भवन मे आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का शुभारंभ 19 अक्टूबर होगा विवाह योग्य जैन युवक युवतियों की सचित्र जानकारी पर केंद्रित संस्कार पत्रिका का विमोचन किया जावेगा। इस समारोह में साथ ही दंत परीक्षण और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के प्रतिभावान विधार्थी के साथ हायर एजुकेशन तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ मे चयनित साधर्मी प्रतिभागियो को मंच से चेतना सम्मान से सम्मानित किया जावेगा।

# केटीएम ने हनीमून डेस्टिनेशन के रूप में केरल के विकास पर भरोसा जताया

एजेंसी ◀ कोच्चि
www.dailypioneer.com



केरल ट्रेवल मार्ट के प्रतिनिधियों ने केरल को शादीशुदा जोड़ों के लिए एक आदर्श गंतव्य स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है और उन्हें विश्वास है कि इस राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और शांत वातावरण इसे हनीमून के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है। केटीएम के 12वें संस्करण में भाग ले रहे विदेशी टूर एजेंट केरल की हनीमून डेस्टिनेशन लिए आदर्श गंतव्य स्थल के रूप में विशाल संभावनाओं से काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि वे अपने यहां राज्य के इस आकर्षक पहलू को बढ़ावा देना चाहते हैं। केरल ट्रेवल मार्ट में भाग ले रहे विदेशी टूर एजेंटों के अनुसार, आयुर्वेद के अलावा, हनीमून पैकेज राज्य के पर्यटन क्षेत्र से सबसे अधिक मांग वाला उत्पाद है। छब्बीस-29 सितंबर को विलिंगटन आइलैंड में सागर-समुद्रिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस आयोजन में, वे मुख्य रूप से अपने ग्राहकों के लिए रोमांचक हनीमून पैकेज तलाश रहे हैं। चिली में नोमेड्स चिली की टूर एजेंट वरोनिका रियोसेको ने पहली बार केरल का दौरा किया है ताकि वे राज्य के हनीमून गंतव्यों को बढ़ावा दे सकें। उन्होंने कहा, मैंने पहले भारत की यात्रा की है, लेकिन केरल की सुंदरता और शांति ने मुझे आकर्षित किया है। मैं अपने देश में केरल के हनीमून डेस्टिनेशन को प्रमोट करने के लिए उत्साहित हूं। विदेशी टूर ऑपरेटरों ने कहा कि वे केरल के हनीमून पैकेज में आयुर्वेदिक स्पा, बैकवाटर क्रूज, और प्राकृतिक सौंदर्य के अनुभव शामिल करना चाहते हैं। वे केरल के पर्यटन विभाग के साथ मिलकर केरल को विश्व स्तर पर एक प्रमुख हनीमून गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम केरल के हनीमून पैकेज और पारिवारिक अवकाश पैकेज पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आम तौर पर दक्षिण अमेरिकी लोग गोल्डन ट्राइएंगल (जयपुर, आगरा और दिल्ली) जाते हैं लेकिन दक्षिण भारत कम ही आते हैं। लेकिन अब परिदृश्य बदल रहा है। स्पेन के इनक्रेबल मुंडो के डिएगो सेल्मा ने कहा कि उनके ज्यादातर ग्राहक हनीमून ट्रिप के लिए केरल को पसंद करते हैं। इसने उन्हें भारत और मालदीव को जोड़ने वाला एक विशेष टूर पैकेज पेश करने के लिए मजबूर किया है।

## हमीरपुर में सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले के लंबलू गांव में शनिदेव मंदिर के पास सड़क दुर्घटना में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। ट्रक चालक ट्रक में ईंटें लेकर लंबलू होते हुए तरक्कारी गांव की ओर जा रहा था, तभी उसका वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा, और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि इस घटना का पता चलते ही क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए और घायल चालक को खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाया। इसके बाद उसे निजी वाहन से अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कौन, कहां प्रचार करेगा, पार्टी तय करती है : कुमारी सैलजा

वार्ता ◀ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि कौन, कहां प्रचार करेगा, यह पार्टी तय करती है। कुमारी सैलजा सिरसा में संवाददाताओं से बात कर रही थीं। प्रचार में देरी से उतरने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब प्रत्याशियों की घोषणा होती है, सबसे पहले प्रत्याशी तैयारियों में जुटता है। उसकी तैयारी पूरी होने के बाद प्रचार शुरू होता है। कौन, कहां प्रचार करने जायेगा, यह कार्यक्रम पार्टी तय करती है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अब भी मुख्यमंत्री की दौड़ में हैं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला कांग्रेस में चुनाव के बाद पार्टी उच्च कमान ही करता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी 90 सीटों पर जीतने के लिये लड़ रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों का धरातल पर कोई असर नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बेरोजगारी, महंगाई, अपराध और नशा पर बोलने के बजाय मौन साध कर बैठी है, लोगों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, घर के घर बर्बाद हो रहे हैं, बढ़ते अपराधों को लेकर लोगों में दहशत है, पर कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले काम इन्हीं सब चीजों पर होगा।

# छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने किया कार्यालयों में तालाबंदी







## फेडरेशन ने अपनी मांगो को लेकर रैली निकाली

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के कर्मचारी अधिकारी 27 सितंबर को एक दिवसीय कलम बंद, काम बंद हड़ताल पर रहे। इस दौरान सभी कार्यालयों में तालाबंदी की स्थिति रही। बाज़ार स्थल बखरूपारा में सभी कर्मचारी संगठनों के शासकीय सेवक जुटे एवं अपने अधिकारों के लिए अपनी आवाज़ बुलंद की। जिला संयोजक डॉ दीपेश रावटे ने बताया फेडरेशन चार सूत्रीय मांगों के लिए चार चरणों में आंदोलन कर रहा है, जिसके चौथे चरण में आज कलम बंद काम बंद आंदोलन किया जा रहा है। कर्मचारियों की मुख्य मांग इस प्रकार है 1. केन्द्र के समान महंगाई भत्ता और जुलाई 2019 से लंबित एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजन किया जाए। 2. शासकीय सेवकों को चार स्तरीय वेतनमान दिया जाए। 3. केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए।4. भाजपा घोषणा पत्र अनुसार अवकाश नकदीकरण 240 से बढ़ाकर 300 दिवस किया जाए। कर्मचारी हित के इन मुद्दों का समाधान अगर सरकार शीघ्र नहीं करती है तो सभी शासकीय सेवकों को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को बाध्य होना पड़ेगा। आंदोलन के दौरान महामंत्री तुलाराम नेताम, सचिव देवेंद्र कुमार देवांगन सह सचिव मानकेर उसेंडी एवं मंगलू राम उसेंडी, प्रवक्ता नारायण साहू एवं आशीष गुप्ता कोषाध्यक्ष कन्हैया उइके मिडिया प्रभारी प्रवीण जोशी एवं गजेन्द्र साहू प्रचार सचिव सुंदर वड्डे, सुशीला ध्रुव, विपेन्द्र साहू सलाहकार महेंद्र देहारी, रविकांत ध्रुव, कमलेश सिंह अजजा संघ के भागेश्वर पात्र आइटीआई संघ के अध्यक्ष अजय कुमार देवांगन सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ करेगा खण्ड चिकित्सा अधिकारी केशकाल का करेगा घेराव

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिला कोंडागांव के आह्वान पर केशकाल खंड चिकित्सा अधिकारी के विरोध में 30 सितंबर को पुरे जिले के कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता एवं सौरभ गौर संभाग अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष द्रुपत राज सेठिया की अगुवाई में घेराव किया जायेगा। अवगत हो कि, पिछले कई दिनों से खंड चिकित्सा अधिकारी एवं उनके ऑफिस के बाबू के द्वारा किया जा रहा था शोषण और साथ ही परिवीक्षा अवधि और संतान पालन अवकाश के के नाम पर निचले कर्मचारियों से मनमाने ढंग से की जा रही थी। वसूली जिसका ऑडियो प्रमाण मिलने के पश्चात संलिप्त बाबू को 25 सितंबर को निलंबित किया गया। लेकिन आडियो में स्पष्ट रूप से पता चल रहा हैं कि, खंड चिकित्सा अधिकारी केशकाल डॉ डीके बिसेन का स्पष्ट नाम आडियो में उल्लेख होने के बावजूद भी उन पर किसी भी प्रकार की कर्यावही नहीं की गई। जबकि खंड चिकित्सा अधकारी केशकाल के द्वारा विगत कई महीनों से विकासखंड केशकाल के निचले स्तर के कर्मचारी यों को आर्थिक मानसिक शारीरिक रूप से परेशान एवं दुर्व्यवहार की जा रही हैं आये दिन कर्मचारी अपने काम के साथ साथ अपने सैलरी, भता, अवकाश को लेकर मानसिक तनाव से ग्रसित हैं और खंड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा किसी भी कर्मचारी के द्वारा आवाज उठाने पर उसके साथ व्यक्ति रूप से टारगेट कर के उस कर्मचारी का सैलरी रोकना ओर उसको स्पष्टीकरण देना और उसके विभागीय लापरवाही दर्शाकर, उसे प्रताड़ित करने का प्रयास की जाता है। पुरे ब्लॉक के कर्मचारी खंड चिकित्सा अधिकारी केशकल डॉ डी के बिसेन से आये दिन परेशान रहते हैं और उनके शासकीय कार्य करने में डर महसूस करते है और डॉ डीके बिसेन के साथ कार्य नहीं करना चाहते है। इस कारण से सभी कर्मचारी डॉ डीके बिसेन के खिलाफ उनको खण्ड चिकित्सा अधिकारी पद से हटाने के लिए 30 सितंबर को विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हैं जबकि इसकी शिकायत पूर्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोंडागांव को लिखित रूप से शिकायत की गयी थी जिस पर जांच कमेटी बनाकर जांच की गई जिसमें जाँच कमेटी के रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख है की 3000-3000 हजार परिवीक्षा अवधि के नाम पर लेना पाया गया हैं। साथ ही यह उल्लेखित किया गया है कि, महिला कर्मचारी को संतान पालन के नाम पर पैसा मांगा जा रहा है, इसके अलावा बाबू के आडियो रिकार्ड में पैसा नहीं देने की स्थिति में खंड चिकित्सा अधिकारी केशकल के सामने खड़े करने की बात कही गई है जिससे यह प्रतीत होता है की केशकाल बीएमओ का भी इसमें सम्मिलित होने की संभावना प्रतीत हो रहा है जिसे विरोध में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ छत्तीसग जिला कोंडागांव खंड चिकित्सा अधिकारी केशलाल डॉ डी के बिसेन को ओ को खंड चिकित्सा अधिकारी पद से हटाकर कर्मचारीयों से न्याय की मांग कर रही है।

# केशकाल महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना महेश बघेल केशकाल दंडकारण्य शासकीय महाविद्यालय केशकाल के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा केशकाल विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव जामगांव में सफाई अभियान चलाकर गांव की गलियां, चौक चौराहे, खेल मैदान एवं रोड किनारे मौजूद प्लास्टिक और पॉलिथीन कचरे को कूडादान में इकट्ठा कर लोगों को स्वभाव स्वच्छता एवं संस्कार स्वच्छता का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य एसडी सोनवानी, नेतृत्वकर्ता कार्यक्रम अधिकारी तोरण लाल साहू के साथ एनएसएस स्वयंसेवक अनुज पोटाई, कुसुम देहरी, रमशीला मरकाम, मोहिंद कुमार, अनिल कुमार, आदि 55 एनएसएस स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# भारत स्काउट व गाइड ने मनाई सरदार भगत सिंह की जयंती

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com






भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं पदेन जिला संरक्षक एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के मार्गदर्शन में एवं जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभ देव साहू के कुशल नेतृत्व में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोण्डागांव से संबद्ध शालाओं में सरदार ए आजम अमर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। इसी कड़ी में कबदृ बुलबुल टीम शासकीय प्राथमिक शाला मुरारी पारा बड़ेबेंदरी के एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू के नेतृत्व में शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा कबदृ बुलबुल टीम के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर गांव के लोगों को जागरुक करते हुए अपने आसपास को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में अमर शहीद भगत सिंह की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवम् पुष्प अर्पित कर अमर शहीद को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एडवांस कब मास्टर पवन कुमार साहू ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को सरदार भगत सिंह जी के बताएं मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई गई।

इसी तरह शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव में फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाते हुए सरदार भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। राधिका दीवान के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला टी डब्ल्यू डी देवखरगांव में सरदार भगत सिंह के जीवनी पर रोचक प्रहसंग प्रस्तुत किया, प्रियंका पटेल के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरी पारा चिपावंड में नृत्य नाटिका का प्रस्तुतीकरण की गई, ,कुमारी तनुजा साहू के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला पटेलपारा बम्हनी में सरदार भगत सिंह की जीवनी पर आधारित सामान्य ज्ञान की जानकारी दी गई , पिलादाऊ कंवर के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला आमागुड़ा पारा खचगांव में आकर्षक रंगोली के बनाया गया, घनश्याम यादव के नेतृत्व में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला प्लांटपारा मारागांव में अमर शहीद सरदार भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए जयंती मनाई गई।

# स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन शहर के माडिया चौक, जयस्तंभ चौक और पुराना बस स्टैंड नारायणपुर में किया गया जिसके अंतर्गत आमजनों में स्वच्छता का संदेश फैलाने, शहर को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए स्वैच्छिक श्रमदान के लिए जिला कलेक्टर बिपिन मांझी, अपर कलेक्टर बीरेंद्र बहादुर पंचभाई, जिला सीईओ वासु जैन, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कुमार कोर्राम पार्षद प्रमिला प्रधान, पार्षद अनीता कोरेटी, कमलजीत आहूजा, गणमान्य नागरिक तथा अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए और पुराना बस स्टैंड, जयस्तंभ चौक और अबूझमाडिया चौक में सफाई कर स्वच्छता के लिए श्रमदान के साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाएं और संदेश भी दिए के स्वच्छता का यह प्रकिया निरंतर चलती रहे। सभी नागरिक शहर, राज्य और देश को स्वच्छ बनाने के इस अभियान में लगे रहे जिससे हमारा देश स्वच्छ देश की सूची में सदेव अग्रणी रहे। इस अवसर पर नगर पालिका के बसंत कुंजाम उप अभियंता, भूषण देशमुख, रामचंद्र यादव, अजय राय, निताई सरकार, भक्त प्रह्लाद, विमला पात्र, विकास शर्मा, जवाहर यादव, दिनेश साहू,अंकित, सुकुमार मण्डल, विनय भारती, संगीता कावड़े, सुनील पात्र आदि उपस्थित थे।

# केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने कमजोर विद्यार्थियों के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर असंतोष जताते हुए प्राचार्य को विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि कमजोर छात्रों के परिणामों में सुधार हो सके। उन्होंने प्राचार्य को प्रत्येक महीने की 5 तारीख तक कमजोर बच्चों के मूल्यांकन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही शत प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कड़े निर्देश देते हुए कहा कि, जिन विषयों में छात्र कमजोर हैं, उन विषयों के शिक्षक अभिभावकों के साथ बैठकर समीक्षा करें। कलेक्टर ने विद्यालय में एक अंग्रेजी शिक्षक को अटैच करने के निर्देश देते हुए विद्यालय के लैब, खेल गतिविधियों और सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नगरपालिका के स्टेडियम को सप्ताह में एक दिन स्कूली बच्चों के लिए बैडमिंटन के अभ्यास हेतु आरक्षित रखने के निर्देश भी दिए, ताकि बच्चे खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कलेक्टर ने आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को चिन्हित कर उन्हें जूते उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर में शुद्ध पेयजल, सुरक्षा कैमरे और प्रोजेक्टर की उपलब्धता पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के अद्यतन की जानकारी लेते हुए परिसर में ही आधार अपडेट कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए, जिसमें अभिभावकों की उपस्थिति भी अनिवार्य होगी। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में कचरे के निपटारे की व्यवस्था के लिए सीएमओ कोंडागांव को उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। बैठक में विद्यालय प्रबंधन के साथ अभिभावक भी उपस्थित रहें।

## माकड़ी में आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन

# पखवाड़ा को सफल बनाने जनजागरूकता रथ को किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश कुमार घरत के मार्गदर्शन में माकड़ी विकासखंड में आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा हैं। जिसे सफल बनाने के लिए जागरूकता रथ को डॉ. भौमित वारकर ने हरी झंडी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गांव-गांव जाकर लोगों के बीच जनजागरूकता करेगी। आयुष्मान पखवाड़ा के दौरान ऐसे हितग्राही जिनके आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उनके घर-घर जाकर या गांवों में शिविर आयोजित कर कार्ड बनाए जा रहे हैं। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान सभा और जागरूकता रैली जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वर्तमान में माकड़ी विकासखंड में लगभग 86 प्रतिशत लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और शेष बचे लोगों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी है। इस योजना के अंतर्गत प्राथमिकता एवं अंत्योदय राशनकार्डधारी परिवारों को 5 लाख रुपये तक और सामान्य परिवारों को 50 हजार रुपये तक का इलाज पंजीकृत शासकीय और निजी अस्पतालों में मुफ्त किया जाता है। खंड चिकित्सा अधिकारी ने अपील की है कि, जिन लाभार्थियों ने अभी तक अपना आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया हैं, वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लेकर नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता या ग्राम पंचायत सचिव से संपर्क कर अपना कार्ड बनवा सकते हैं। आयुष्मान पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना हैं, ताकि वे गंभीर बीमारियों से बच सकें और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें।

# सरस्वती शिशु मंदिर गम्हरी में हुआ जिला स्तरीय खेलकूद एवं संस्कृति महोत्सव समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

इस खेलकूद, बौद्धिक कार्यक्रम में कोंडागांव एवं नारायणपुर जिला के 24 विद्यालय ने भाग लिया। जिसमें कुल 500 पुरुष, 150 महिला संरक्षक भैया बहन व 35 व्यवस्था आचार्य, दीदी सम्लित हुए खेल कूद कार्यक्रम सरस्वती वंदना से प्रारम्भ होकर मुख्य अतिथि प्रमिला मरकाम गोला फेक कर खेल का उद्घाटन किया गया। धनोरा विद्यालय से मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया बड़े बेंदरी के ननेमुन्हे बहनों के द्वारा सुन्दर गीत प्रस्तुत किया गया मुख्य अथिति प्रमिला मरकाम सदस्य जिला पंचायत कोंडागांव अध्यक्षता रेखा मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत गम्हरी विशिष्ट अथिति प्रेम शिला मंडावी अध्यक्ष जनपद पंचायत बड़े राजपुर गिरिजा पम्हार उपसरपंच गम्हरी रोहित उपाध्यक्ष सरस्वती ग्राम शिक्षा कोंडागांव त्रिलोक सार्वा सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति कोंडागांव दानी राम नेताम, बुधराम कश्यप समाज प्रमुख हेमंत मरकाम माता पुजारी रमेश बघेल अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर गम्हरी जीवन दास मानिकपुरी सयोजक गम्हरी बीरेंद्र कुमार साहू जिला समन्वयक जिला कोंडागांव, जेमदेर बड़े अशोक मरापी, ताम्बेश कोर्राम शंकर लाल पाण्डे चंद्रशेखर नाग, उमेश यादव, श्रवण नायक संजय नदी, फूलदास कश्यप, मगतु यादव, हेमंत पात्र संतोष मण्डावी हेमलता साहू मिनी विस्वास, श्यामा नाग, खोमन नागे, बिमल दास, महेंद्र पाण्डे ममता पोयाम, अमरबती यादव, सग्राम सागर, रीता व जिला के समस्त आचार्यो बंधु, भगिनी, भैया बहन एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहें।


# पर्यटन क्षेत्र की दिशा में जल जगार महोत्सव से धमतरी जिला को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर पहचान : नरेंद्र रोहरा

## 5 वा 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की शान गंगरेल बांध में होगा जल जगार महोत्सव

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने आगामी जल जगार महोत्सव में भागीदारी करते हुए इसे सफल बनाने के लिए शहरवासियों से अपील की है। यह महोत्सव 5 और 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की शान गंगरेल बांध में आयोजित किया जाएगाए जो कि जल संरक्षण और उसके महत्व को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। साथ ही पर्यटन क्षेत्र की संभावनाएं को शासन की योजनाओं में शामिल कर धमतरी का नाम छत्तीसगढ़ के साथ भारत के नक्शे में अलग से पहचान दिलाना इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। इस आयोजन के जरिए जल की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का उद्देश्य हैए साथ ही प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित करना है। देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मनसानुरूप गंगरेल बांध, धमतरी में जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आयोजित हो





रहा जल जगार कार्यक्रम एक आवश्यक और समयानुकूल पहल है, जो जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेगा। इसके माध्यम से जल संकट से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने और जल के सही उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएंगे। जल एक अमूल्य संसाधन है और इसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। इस तरह के आयोजन हमें इस दिशा में सही मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान करते हैं। जल जगार का उद्देश्य न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने की दिशा में ठोस

### महत्वपूर्ण बिंदु और आयोजन का उद्देश्य

नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने बताया कि जल जगार महोत्सव का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि आम जनमानस को जल के महत्व और उसके संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। गंगरेल बांध, जहां यह आयोजन हो रहा है, क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत है और इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा एवं अन्य जन-जागरूकता फैलाने वाले कार्यक्रम शामिल होंगे। नेता प्रतिपक्ष ने इस महोत्सव में सभी से भागीदारी की अपील की यह कहते हुए कि जन सहयोग के बिना इस तरह के बड़े आयोजनों का प्रभावी होना संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, किसानों और अन्य सभी वर्गों से इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी मिलकर जल संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो हम आने वाली पीढियों को सुरक्षित भविष्य दे सकते हैं। जल संकट की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि हम जल के प्रति अपनी सोच बदलें और इसे बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें।


### जल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस महोत्सव के जरिए जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना ही उनका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने इसे सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि जल स्रोतों की रक्षा के लिए सामाजिक एकता और समर्पण आवश्यक है।

कदम उठाना भी है। जल संकट, जलवायु परिवर्तन और घटते जल स्त्रोतों के गंभीर मुद्दों को देखते हुए यह महोत्सव विशेष रूप से प्रासंगिक हो गया है। नेता प्रतिपक्ष ने अपनी अपील में कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ष्जल ही जीवन है और अगर हम आज जल का उचित संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए संकट गहरा सकता है।

# इस शरीर में कर्म उस दरवाजे के समान है जिसे बंद न करने पर बाहर का धूल घर में प्रवेश कर ही जाता है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



उपाध्याय प्रवर अध्यात्म योगी परम पूज्य महेंद्र सागर महाराज साहेब युवा मनीषी परम पूज्य मनीष सागर महाराज साहेब के शिष्य रत्न युवा संत परम पूज्य विशुद्ध सागर जी महाराज साहेब ने प्रवचन के माध्यम से फरमाया कि अपने मन को भोग के रोग से और पाप के संताप को हटा लें तो जीवन का उद्धार हो सकता है। ये दुनिया एक भ्रम है। जिसको मैं परिवार कहता हू वो संसार का केवल एक व्यवहार हैए जिसको धनवान कहता हू वो माया का जंजाल है। इसलिए मोह-माया का चक्कर हटाकर निजचरण अर्थात स्वयं के अंदर रहे हुए परमात्मा को स्मरण करना है। ज्ञानी कहते हैं राग की आग में और द्वेष के बीच में अगर फंस गया तो संभलना मुश्किल है। मेरी चांद जैसी आत्मा में मानो संसार के मायाजाल का ग्रहण लग गया है। अब इस ग्रहण को दूर करने का प्रयास करना है। इस संसार में जब से आए हैं संसार के हर वस्तु के लिए मेरी-मेरी ही करते है । पर इतना तो सोच इस संसार में क्या तेरा है। तू संसार की वस्तुओं को ज्ञान की कसौटी पर परख कर देख। समझ आ जायेगा कुछ भी तेरा नहीं है। हे मानव तू अनादि से इस संसार का चक्कर लगा रहा है। कभी देव गति तो कभी नरक और तिर्यंच गति पाता रहा है। और ये सब इस कर्म के चक्कर में संसार का चक्कर लगाते रहा है। अब कुछ ऐसा कर की कर्म को चक्कर लगाना पड़े। जिस दिन ऐसा कर पाया उस दिन इस संसार से मुक्त हो जायेगा। कर्म शुभ हो या अशुभ ए दोनो इस संसार के भ्रमण का कारण है। इसलिए हे चेतन तू पहले अपनी आत्मा में आने वाले कर्मों को संवर के माध्यम से रोक ले और जो कर्म पहले से आत्मा में लगे हुए हैं उन्हें समता से भोग कर समाप्त कर ले। तभी आत्मा कर्म से मुक्त होकर सिद्ध, बुद्ध और मुक्त हो सकता है। ज्ञानी कहते हैं आत्मा तो गुणों की खान है, अगर आत्मा में सम्यक ज्ञान दर्शन और चारित्र का प्रकाश आ जाए तो आत्मा समकीत को प्राप्त कर सकता है, जिससे आत्मा का संसार भ्रमण संक्षिप्त हो जायेगा। ज्ञानी कहते हैं आत्मा की दृष्टि से सबमें समानता है किंतु आत्मा संसार में आकर अपने कर्म के कारण विषमता को प्राप्त कर लेती है कोई रागी है तो कोई वैरागी, कोई बुद्धू है तो कोई बुद्धिमान, कोई धनवान है तो कोई निर्धन, कोई बलवान है तो कोई कमजोर, कोई भोगी है तो कोई योगी और इस विषमता का कारण हमारे द्वारा किए जाने वाले कर्म ही है। ज्ञानी भगवंत कहते हैं इस शरीर में कर्म उस दरवाजे के समान है जिसे बंद न करने पर बाहर का धूल घर में प्रवेश कर ही जाता है। जिस प्रकार सरोवर में आने वाले जल के रास्ते को जब तक बंद न किया जाए उसमें जल आते ही रहता है उसी प्रकार आश्रव ही हमारी आत्मा में कर्मो के आने का द्वार है। इस आश्रव के द्वार को बंद करने का माध्यम है संवर। संवर का अर्थ है रोकना। अर्थात आत्मा में आने वाले शुभ-अशुभ कर्मों को रोकना। ज्ञानी कहते हैं इच्छा पूर्वक पाप कर्मों का त्याग करना चाहिए। विरती धर्म का पालन जीवन में करना चाहिए। मानव जीवन भले ही मलमूत्र की खान हैए भले ही नाशवान है लेकिन फिर भी मानव जीवन मोक्ष का साधन है।

# गरबा महोत्सव से तिल्दा-नेवरा नगर होगा भक्तिमय, गरबा महोत्सव को लेकर विकास मित्र मंडल दे रहे प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

आश्विन नवरात्र के आगमन के पूर्व जहां भक्ति की फुहार एकाएक प्रबल होने लगती है, वहीं मां दुर्गा के उपासक भी नवरात्र के नौ दिनों को भक्तिमय करने में जुटा रहता है। रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा नगर में मां दुर्गा पूजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। मातारानी का पंडाल सजने लगा है वहीं माता रानी के सेवक भी सेवा का भाव अर्पित करने तैयारियां शुरू कर दिया है। तिल्दा-नेवरा नगर के समाज सेवा से जुड़े संस्था विकास मित्र मंडल जो लगातार तीन वर्षों से माता रानी के भक्तों को सेवा का सुमन अर्पित करने गरबा महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं, इस आयोजन में दुरदराज के भक्तजन भी शरीक होने जा रहे हैं। विकास मित्र मंडल व नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी के नेतृत्व में जहां श्री गणेशोत्सव पर्व पर भगवान श्री गणेश पूजन में विभिन्न झांकियो के साथ पूरा नगर को भक्तिमय कर दिया गया था एक तरफलाल बाग चा राजा का मनोरम गुफा सहसा भक्तों को आकर्षित कर रही थी वहीं विदाई के अवसर पर विभिन्न विशाल झांकियो के बीच अघोरी बाबा का प्रदर्शन, मुंबई के आतिशबाजी कला के चलते विकास मित्र मंडल ने खूब सुर्खियां बटोरी, वहीं अब माता रानी की सेवा की तैयारी में भी विकास मित्र मंडल जुट गया है, जिनके नेतृत्व में भक्तों को गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बताया जा रहा है कि इस प्रशिक्षण में भक्त गण सेवा भाव अर्पित करने पूरी तैयारी कर रहे हैं और वे गरबा महोत्सव में शरीक होने हेतु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

# जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए हुए सराहनीय प्र्रयास

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

इस आधुनिक दौर में जल एवं जंगल के अंधाधुंध दोहन के चलते हमारी धरती के पानी के स्तर में लगातार गिरावट आ रही है, जिसका असर हाल ही में गर्मी के मौसम में कई बड़े शहरों में देखने को मिला है। लोग पानी के लिए किस तरह परेशान हुए है, वह भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और सोशल मीडिया में देखने को मिला है। जिले में जल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर नम्रता गांधी ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक सराहनीय प्रयास किये है, जिनमें से एक है अमृत सरोवरों का निर्माण। जिले के चारों विकासखण्ड में कुल 119 अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इनमें धमतरी विकासखण्ड में 23, कुरूद मे 38,मगरलोड में 29 और नगरी विकासखण्ड में 29 अमृत सरोवर शामिल है। धमतरी जिले के ग्राम



कन्हारपुरी में निर्मित किये गये अमृत सरोवर को प्रदेश का सबसे बड़ा अमृत सरोवर बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस तालाब की खास बात यह है कि जितनी लागत इस सरोवर को बनाने में आयी, उससे अधिक आय भी पंचायत को हुई। यह संभव हो पाया संसाधनों के बेहतर उपयोग से। जहां एक ओरइस तालाब ने किसानों के लिए सिचाई सुविधा का एक नया रास्ता खोला दिया। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को सालभर निस्तारी की समस्या से भी मुक्ति मिल गयी, और भूमि का जलस्तर बना रहा। गौरतलब है कि धमतरी जिले में रेलवे द्वारा ब्राडगेज का काम किया जा रहा है। ग्राम कन्हारपुरी व आसपास में रेलवे को पटरी बिछाने के कार्य हेतु मुरुम व मिट्टी की आवश्यकता थी। रेल्वे विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर कन्हारपुरी ग्राम पंचायत के साथ मिट्टी निकालने का एग्रीमेंट कराया गया। मिट्टी गांव के मुरा तालाब में उस जगह से निकाली गई, जहां तालाब गहरीकरण का कार्य होना था। रेलवे के माध्यम से तालाब की आवश्यकतानुसार खुदाई कार्य कराया गया जिससे तालाब की पूरी तस्वीर ही बदल गई। इतने बड़े क्षेत्रफल में अब तक प्रदेश में कहीं भी अमृ सरोवर का तालाब नहीं बना है। इस तालाब में बारिश के मौसम में पानी के भराव के साथ ही हरियाली की चादर बिछी नजर आ रही है। तालाब के आसपास के 46 किसानों की 70 एकड़ फसल को सिंचाई की जा सकेगी। इन किसानों को सिंचाई की कोई चिंता नही रहेगी। इधर रेलवे के साथ एग्रीमेंट किया गया था कि गांव से मिट्टी निकालने के बदले रायल्टी की राशि पंचायत में जमा की जाएगी। इस एग्रीमेंट के तहत रेलवे विभाग के कन्हारपुरीकरीब 12 लाख रुपए हैं जो पंचायत में जमा करेगा। इस राशि से गांव के विकास की अलग से कार्य योजना तैयार की जाएगी। कन्हारपुरी के मुरा तालाब का कुल रकबा 09 एकड़ है। गहरीकरण के पहले इस तालाब की जलधारण क्षमता महज 32 हजार 400 घनमीटर थी जो अब 57 हजार 800 घनमीटर हो गई है। इन्हीं कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते हुए आगामी 5 एवं 6 अक्टूबर को रविशंकर जलाशय गंगरेल में जल जगार महोत्सव का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस महोत्सव में जिले के 108 अमृत सरोवरों के जल से रूद्राभिषेक, हाफ मैराथन, आसमान से कहानी, आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नवरात्रि मेला, कबाड़ से जुगाड़, रंगोली प्रतियोगिताएं इत्यादि आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर गांधी ने इस वृहद आयोजन में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर जल संरक्षण में अपनी सहभागिता निभाने की अपील लोगों से की है।

# अभाविप एवं रत्नाबांधा समिति द्वारा मानसगान का प्रतियोगिता का किया आयोजन




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं ग्राम पंचायत रत्नाबाँधा की समिति द्वारा मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सिंह ठाकुर को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश नाग एवं अतिथि सन्दीप अग्रवाल को बुलाया गया। कार्यक्रम में दीपक सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में सनातन धर्म की शिक्षा देने हेतु बच्चों के माता पिता से आग्रह किया। सनातन धर्म की चर्चा के दौरान उन्होंने कुकरेल में पंडित प्रदीप मिश्रा अंतराष्ट्रीय कथा वाचक के कार्यक्रम में अपने अनुभवों को भी साझा किया और सबको बताया की शिव की महिमा महादेव की कृपा इतनी प्रभावशाली रही कि सबकुछ अपने आप होने लगा। प्रशासन की इतनी अच्छी व्यवस्था रही, पुलिस का इतना बढिया सहयोग मिला ऐसा लग रहा था मानो की लाखों भक्त शिव पार्वती के स्वरूप में धर्मनगरी में अवतरित हो गए हैं। रामकथा त्रेता युग की वो घटना कर्म है जो कि समूचे सनातनी समाज को मर्यादा पुरूषोत्तम बनने की प्रेरणा देती है, प्रभु का चरित्र, विछोह, हनुमानजी का सेवा भाव, भरत का प्रेम, लक्ष्मण की समर्पण सेवा, उर्मिला का त्याग,इतना कुछ है, रामायण या रामचरित मानस समाज का दर्पण है। शुक्रवार को भोग भंडारे का कार्यक्रम रखा गया समूचा क्षेत्र राम जी की भक्ति में लीन हो गया।

# शिवमहापुराण कथा के भव्य आयोजन को सफल बनाने में सभी का रहा सहयोग, दीपक ठाकुर ने जताया अभार

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कुकरेल स्थित कांटाकुर्रीडीह में 19 से 24 सितंबर तक आयोजित शिव महापुराण का भव्य आयोजन किया गया था। इस शिवमहापुराण के कथावाचक अंतरराष्ट्रिय कथावाचक पं प्रदीप मिश्रा थे। इस भव्य व दिव्य आयोजन लगभग 10 से 15 लाख श्रद्धालुओं ने लाभ लिया। इस आयोजन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने वाले संस्था का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि वनांचल जैसे क्षेत्र में इस तरह का आयोजन करवाना अपने आप में अद्भुत एवं दिव्य हैं । इस शिव महापुराण में सबसे बड़ी चुनौती सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था जिसको धमतरी जिला पुलिस व्दारा बखूबी निर्वहन किया गया जिससे कथा में



पहुंचने वाले जिले के अपितु अन्य जिलों से पधारे श्रध्दालुओं को तकलीफों का सामना नहीं करना पड़ा। समाजसेवी दीपक ठाकुर ने इस आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले दीपक लखोटिया, हेमराज सोनी, सन्दीप अग्रवाल, प्रिंस जैन, गोपाल साहू, गौरव जैन, राजू अग्रवा, दिनेश मण्डावी, दशरथ, दिनेश देवांगन एवं समस्त भाई बहन के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि धरमतराई के कण कण में सनातन धर्म समाया हुआ है। यह उसी का परिणाम है कि इतना बड़ा व सफल आयोजन क्षेत्र में संपन्न हो सका। उन्होंने क्षेत्र की धर्म प्रेमी जनता, प्रशासन, समाजसेवी संस्था, मीडिया जगत का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई जारी

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग द्वारा 27 सितंबर को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम-डोंगरा में आरोपी अमित अवधेलिया के कब्जे से 45 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम तिल्दा मे आरोपी सुरेश कुमार डहरिया के कब्जे से 25.00 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब एवं 3.96 बल्क लीटर गोवा स्पेशल व्हिस्की मदिरा जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई में आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम नगर सैनिक राजकुमारी पैंकरा,चिंतामणी डहरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा प्रांतीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ की प्रांतीय कार्य कारिणी की बैठक महादेव घाट रोड यादव सामाजिक भवन में प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्व ̓यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें वर्ष 2024 में अभी जिला इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। सदस्यता अभियान, अहीर रेजिमेंट, जातिगत जन गणना, ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्य में यादव समाज की समस्याओं तथा उनकी मूलभूत मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन तैयार कर एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री निवास जाकर ज्ञापन दिया गया है। राष्ट्रीय सचिव इंजीनियर एस डी यादव ने अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नोएडा में 21, 22 सितम्बर 2024 को आयोजित मीटिंग के बारे में विस्तृत से चर्चा की तथा सभी विषयों पर शीघ्र ही कार्य करने का अनुरोध किया। रेजांगला शौर्य कलश यात्रा पुनः शुरू करने 18 नवम्बर के पूर्व युवा टीम को समस्त जिलों में ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करने



के निर्देश दिए। सदस्यता अभियान हेतु प्रत्येक जिले को पचास पचास सदस्य अक्टुबर माह में बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। युवा वर्ग तथा महिलाओ को भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के यजमान शोभाराम यादव एवं राहुल यादव रायपुर थे। कार्य क्रम में मुख्य रूप से भुनेश्व ̓यादव प्रदेश अध्यक्ष, इंजीनियर एस डी यादव प्रमुख महासचिव एवम राष्ट्रीय सचिव, प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सिंह यादव, अशोक यादव महामंत्री, गणेशराम यादव, नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, माधुरी यदु, उपाध्यक्ष, मिथिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, डॉ प्रतिक यादव सचिव, परमेश्व ̓यादव सचिव, प्रदेश सचिव संतोष यादव, महासमुंद जिला अध्यक्ष विनोद यादव, प्रहलाद यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, पवन यादव ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली, जगमोहन यादव उपाध्यक्ष, जतिराम यादव कोषाध्यक्ष, घनश्याम यादव, खुमेश यादव युवा महामन्त्री, चंद्रप्रकास यादव, किशोर यादव, मनोज कुमार यादव जेजेपुर अंजू कुमार यादव भोथिया जेजेपुर, निधि यादव, नरोत्तम् यादव, सुजीत यादव, जितेंद्र कुमार यादव जिला अध्यक्ष बिलासपुर, संजय यादव सारंगढ़, नरोत्तम यादव गरियाबंद, प्रहलाद यदु गरियाबंद, एम एल यादव, हितेंद्र यादव, राम सजीवन यादव, मुरारी यादव राकेश्वर यादव, चमन यादव, पुष्पराज यादव रायपुर एवं सभी जिलों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर एस डी यादव प्रमुख महासचिव ने किया। आभार प्रदर्शन प्रदेश सचिव गणेश राम यादव ने किया।

# माधव गौ सेवा संगठन कसडोल का हुआ गठन, सर्वसम्मति से नागेश्वर साहू बनाये गए अध्यक्ष




पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कसडोल के कर्मियों तथा गौ सेवा से जुड़े लोग द्वारा बेसहारा मवेशियों सहित राष्ट्रीय राजमार्ग में बैठें मवेशियों के संरक्षण करने का कार्य किया जा रहा था जिसके बाद इन कर्मचारियों से प्रेरणा लेकर नगर के अन्य लोग भी इस मुहिम में शामिल होकर एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर नगर के आसपास मवेशियों को नगर के गौशाला में एकत्रित करने के साथ दुर्घटना में घायल मवेशियों की देखरेख किया जा रहा था इस दौरान नगर के लोगों के द्वारा उक्त गौशाला के लिए आवश्यकता अनुरूप सहयोग भी प्रदान किया जा रहा था लेकिन एक संगठन नही बनने के कारण उक्त गौशाला की उचित देखभाल के अलावा अन्य सामग्री की व्यवस्था में परेशानी हो रहा था इसके अलावा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ शासन से सहयोग भी बिना संगठन के संभव नही होने के कारण अब समिती के सदस्यों के द्वारा गुरुवार को माधव गौ सेवा संगठन कसडोल का गठन किया गया है। आपको बता दे कि सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से कांजी हाउस गौशाला में बैठक आहुतकर संगठन में मुख्य प्रमुख सलाहकार पुणेश्वर मिश्रा, भानु प्रताप साहू, संरक्षक विमल वैष्णव, अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष संदीप यादव, दिनेश साहू, सचिव अनिल घीवर, कोषाध्यक्ष दिलीप निर्मलकर एवं संयोजक टिकेश्वर वर्मा को बनाया गया है।

# उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में प्रतिभा अकादमी ने गिरीश पाढ़ी को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

कबड्डी के राज्य स्तरीय निर्णायक, सामाजिक कार्यकर्ता, राज्यपाल पुरस्कृत स्काउटर के रूप में ख्याति प्राप्त शिक्षक गिरीश कुमार पाढ़ी को उत्कृष्ट शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ समग्र विकास मंच दुर्ग में सम्मानित किया गया। मालवीय नगर चौक के समीप खालसा पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल दुर्ग मे छात्र व शिक्षको के सर्वांगीण विकास ओर समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक (ज्योति बाई फुले शिक्षा 2024 ) सम्मान का आयोजन किया गया था। जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल थे, अध्यक्षता दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स संघ छत्तीसगढ़, विसिष्ट अतिथि के रूप में ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक, निधि चंद्राकर, रवि सिंगौर रहे। शिक्षा कला साहित्य आदि विभिन्न क्षेत्रों से कुल 215 शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इस संस्था के संरक्षक परसराम साहू,संस्थापक संजय कुमार मैथिल, प्रांतीय अध्यक्ष मीना भारद्वाज, उपाध्यक्ष महादेव जायसवाल, महासचिव वीरेंद्र साहू के सफल मार्गदर्शन में न केवल दुर्ग जिला के शिक्षक बल्कि रायपुर, रायगढ़, सारंगढ़, महासमुन्द, जांजगीर चांपा, कोरबा, शक्ति, सरगुजा, एमसीबी, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, बस्तर, राजनांदगांव, बालौद, कबीरधाम अन्य जिले के शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

# छग शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ लोकहित हरित सृजन धारा सेवा समिति के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ शिक्षक रत्न सम्मान समारोह 2024 का आयोजन रविवार को सरायपाली में रखा गया है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न अंचलों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा सांसद रूप कुमारी चौधरी होंगी। समारोह की अध्यक्षता बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर एवं सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष चंद्र कुमार पटेल होंगे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू ने बताया कि हमारी समिति पर्यावरण, कला, संस्कृति एवं साहित्य के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य करती है। फुलझर अंचल में पहली बार प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। समारोह प्रातः 10 बजे प्रारंभ होगा। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में भागवत साहू, कलेश्वर साहू, डीजेंद्र कुर्रे, रोहित शर्मा, प्रेमचंद साव, निर्मला साहू, धात्री नायक, कल्पना भोई, वेद पटेल, कमलेश साहू, प्रहलाद साहू, मनोज कैवर्त, सुनीता साहू, मनोज साहू आदि तैयारी में जुटे हैं।

# प्रथम वाहिनी भिलाई में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com






मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में खेलों के विकास तथा उसके संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा राज्य के खिलाड़ियों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। साय प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप 2024-25 के समापन अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 23 सितम्बर से प्रारंभ इस प्रथम अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप प्रतियोगिता का समापन किया गया। समारोह में राज्य के खेल मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग शहर के विधायक गजेन्द्र यादव, अहिवारा के विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना सहित राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि चेयरमेन विनीता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा, सेनानी प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र भिलाई राजेश कुकरेजा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी खिलाड़ियों का छत्तीसगढ़ के पावनधरा में स्वागत एवं अभिनंदन किया। साय ने बेहतर आयोजन की सराहना करते हुए इसके छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण आयोजन में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम वाहिनी भिलाई में स्थित इंडोर स्टेडियम के छत ढलाई एवं अन्य अपूर्ण कार्य को पूरा करने हेतु 01 करोड़ रूपए की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी खिलाड़ियों के इस अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन की भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साय ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के खेल के प्रति लगाव एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि पुलिस की व्यस्तम सेवा के बावजूद आप लोग खेल के समय निकाल पाते हैं, वह निश्चित रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। नियमित रूप से खेल खेलने से आप लोगों के फिटनेस तथा शारीरिक एवं मानसिक स्थिति भी संतुलित रहेगा। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से खिलाड़ियों को एक दूसरे को जानने और समझने का अवसर मिलता है। इसके अलावा हमारे खिलाड़ी एक दूसरे का अनुभव भी साझा करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता का देश है। जो कि खेल के माध्यम से चरितार्थ होता है। साय ने वेटलिफ्टिंग खेल की सराहना करते हुए कहा कि वेटलिफ्टिंग के एक अनोखा खेल है। जो कि हमारे शरीर के असीम संभावनाओं के बारे में हमें बोध कराता है। इस अवसर पर उन्होंने सिडनी ओलंपिक का स्मरण करते हुए इस प्रतियोगिता में कर्णम मल्लेश्वरी के उत्कृष्ठ खेल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपने वचन से लगभग दो गुणा उठाने की कोशिश की। इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर वेटलिफ्टिंग में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी बनी। इस अवसर पर साय ने केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा राज्य में खेलों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम छत्तीसगढ़ में खेलों की अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। हमारी सरकार के द्वारा राज्य में खेलों इंडिया के 07 नये सेंटर स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हम अभी बस्तरियां ओलंपिक का आयोजन करने जा रहे हैं। साय ने कहा कि वर्षो बाद बस्तर में शांति लौट रही है और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में शांति कायम हो रही है। उन्होंने कहा कि जब शांति स्थापित होती है तो सांस्कृतिक गतिविधियां और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित होती है। इसी कड़ी में हम बस्तरियां ओलंपिक को लेकर बेहद उत्साहित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल को बढ़ावा देने के लिए हमने राज्य में छत्तीसगढ़ क्रीडा प्रोत्साहन योजना आरंभ करने का निर्णय लिया है। खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए हम राज्य में लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान ऑफ सेंटर आरंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस सभी खेलों पर है। इसके अंतर्गत एथलेटिक अकादमी, कब्बड्डी एकादमी, तीरंदाजी एकादमी के माध्यम से इन खेलों में प्रतिभाओं को बढ़ावा देने का कार्य रहे हैं। साय ने कहा कि भिलाई में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश भर के खिलाड़ी रूके हैं। उन्होंने कहा कि मैं भारत में खेलों को उज्ज्वल भविष्य को लेकर आश्वस्त हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी हर बार उत्साहवर्धन करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे। खिलाड़ियों की उम्दा प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रतियोगिता में शामिल होने पहुंचे देश के विभिन्न राज्यों के प्रतियोगी खिलाड़ियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए खेल के प्रति उनके लगाव एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा राज्य में खेलों के विकास तथा खिलाड़ियों को मदद उपलब्ध कराने कार्य किया जा रहा है। वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार की मंशा है कि छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए हमारे देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रौशन करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय पुलिस कंट्रोल बोर्ड के प्रतिनिधि चेयरमेन विनीता शर्मा ने इस बेहतरीन आयोजन की भूरी-भूरी सराहना की। इस अवसर पर पुलिस महानिर्देशक अशोक जुनेजा ने अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप प्रतियोगिता से महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि खेल खिलाड़ियों में आपसी भाईचारा, प्रेम और सद्भावना के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विवेकानंद सिन्हा ने आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा अखिल भारतीय वेटलिफ्टिंग कलस्टर चैम्पिशियनशिप प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित विभिन्न खेलों के विजेताओं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में प्रतियोगी खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट भी किया गया। इसके अलावा प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ियों द्वारा सुमधुर एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## निगम दफ्तर में बंद रहा सरकारी काम, महंगाई भत्ते समेत अन्य मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com






नगर पालिक निगम स्वायत्तशाही कर्मचारी महासंघ दुर्ग द्वारा कलम बंद काम बंद आंदोलन किया गया। स्वायत्तशासी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा एवं महामंत्री अनिल सिंह ने बताया कि राज्य शासन से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता देय तिथि से लागू किये जाने सहित अन्य तीन सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन द्वारा किये गए हड़ताल का समर्थन किया गया। संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा महामंत्री अनिल सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेश के शासकीय सेवकों को गोदी की गारंटी के तहत केन्द्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का जी.पी.एफ. खातो में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण,चाार स्तरीय समयमान वेतनमान,केन्द्र के समान गृह भाडा-भत्ता स्वीकृत करने एवं सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश सीधे नगरीय निकाय को लागू, करने की मांगो को लेकर आज निगम कार्यालय में कलम बंद काम हड़ताल किया गया। महामंत्री अनिल सिंह ने कहा कि यह एक-एक शासकीय सेवक के हित में फेडरेशन का सराहनीय निर्णय है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के उक्त आंदोलन को स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ छग प्रदेश पूर्ण सर्मथन किया गया।इस अवसर पर अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, रमाकांत शर्मा, आरके बोरकर, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, शुभम गोइर, राजू लाल चन्द्राकर, सत्यनारायण शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, विनोद उपाध्यय, किरण अग्रवाल, लक्ष्मी साहू, साक्षी वर्मा, योगेंद्र वर्मा, चित्रलेखा चन्द्राकर, प्रिंसी सिंह, रेखा कुर्रे, चंद्रकला कसार, मुन्ना यादव सहित आदि मौजूद रहें।

## पांच गाड़ियों से टायर की चोरी: पुलिस रात्रि गश्त कब करती है दिखाई नहीं पड़ता

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com




शहर में ट्रक और मेटाडोर से लगातार टायरों की चोरी हो रही है जिससे कि ट्रक मालिक और मेटाडोर मालिकों में काफी असंतोष और रोष व्याप्त है। पिछले दो-तीन दिनों से रोजाना लिंक रोड में खड़ी ट्रैकों एवं मेटाडोर से टायरों की चोरी हो रही है पिछले दिनों में लगातार चार पांच गाड़ियों से टायर की चोरी हुई है पुलिस की रात्रि ग्रस्त कहा है यह दिखाई नहीं पड़ रहा है। व्यक्त की गई। शुक्रवार को ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं मेटाडोर संगठन के मालिकों के द्वारा महेश्वरी भवन में बैठक आहूत की गई। इसमें नगर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई गई। साथ ही पुलिस के सुस्त रवैये को लेकर नाराजगी बाद में यूनियन के सभी लोगों ने महेश्वरी भवन से शहर थाने तक के पैदल मार्च कर थाना पहुंचकर ज्ञापन दिया। इस दौरान रास्ते पर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की गई। पुलिस को सौंप गए ज्ञापन में बताया गया है कि 2 दिन पूर्व मयूर परिवहन की ट्रक से दो टायर की चोरी हुई थी, जिसकी सूचना थाने में दे दी गई थी। चोरी की इस वारदात के 24 घंटे बाद फिर बीती रात फिर दो गाड़ियों से चार टायरों की चोरी हो गई, जिसको लेकर के वाहन मालिकों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में कहा गया कि शीघ्र ही ठोस कार्रवाई नहीं होती है। तो और चोरी की घटनाएं नहीं रुकती है, तो ट्रक मालिकों को विवश होकर धरना-प्रदर्शन करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त अपने वाहनों की चाबी जिले के पुलिस अधीक्षक को जाकर सौंपना पड़ेगा। इसके पूर्व भी इस सड़क से और अन्य स्थान तरेंगा रोड सिद्ध बाबा बब्बू गोदाम के समीप से ट्रक से कुल 100 बैटरी बैटरी वायर जैक रोड खड़ी गाड़ियों से चोरी हो चुके हैं। ड्राइवरों के हाथ से मोबाइल व नगदी रकम की भी लूट व छीना झपटी पूर्व में हो चुकी है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से राधेश्याम शर्मा फग्गा महाराज, जीतू तिवारी, मनमहेंद्र सिंह चावला, संजय अग्रवाल, निहाल पांडे, विनय मल, पंकज त्रिवेदी, मयूर शर्मा, पप्पू अग्रवाल, बबलू मिश्रा, सन्नी मक्कड़, रवि वर्मा, राधेश्याम शर्मा, मयूर शर्मा, संजू दाऊ, जित्तू तिवारी, विनय मल, विवेक दाऊ, बबलू चावला, सतीश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, अजय मिश्रा, निहाल पांडे, सन्नी मक्कड़, बेदू वर्मा, सुशील वर्मा, सौरभ वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सौरभ दास आदि शामिल थे।

## मुख्यमंत्री साय ने चण्डी मंदिर में की पूजा अर्चना



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत विकास कार्यों के भूमिपूजन के पहले दुर्ग के प्राचीन चण्डी मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों के लिए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, आयुक्त एस.एन. राठौर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला भी मौजूद थे।

## माँ धूमावती सिध्दपीठ में आत्म कल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्जवलन

**रायपुर।** माँ धूमावती सिद्धपीठ शीतला माता मंदिर चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर में इस वर्ष शारदीय नवरात्र अश्विन शुक्ल (क्वांर) में माँ धूमावती आत्म कल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्जवलन गुरूवार 03 अक्टूबर 2024 को प्रातः 11:36 बजे से 12:24 के मध्य शुभ मूहूर्त पर होगा 7 देवशयनकाल सृष्टिपालन कारिणी अंतिम उपाय माँ धूमावती द्वारा काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, राहू-केतु, शनि सहित नवग्रह कुप्रभाव, कलह, दरिद्रता, दुर्भाग्य, अलक्ष्मी, रोग निवारण एवं सौभाग्य, सफलता, स्थायित्व, समृध्दि, न्याय, संतान जैसे मनवांछित फल प्राप्ति सहित आत्म कल्याण हेतु विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किया जायेगा। माँ धूमावती सिध्दपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी द्वारा नवरात्रि पर्व में माँ धूमावती की साधना, आराधना, उपासना हेतु मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। पीठाधिश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने जानकारी दी कि नवरात्रि पर्व की तैयारी पूर्णतः व अंतिम चरण में है। भक्तगण गुरूवार 03 अक्टूबर 2024 तक ज्योति कलहा स्थापना करवा सकते है।

## सी.ई.ओ., क्रेडा द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पी.एम. जनमन योजना अंतर्गत सौर विद्युतीकरण कार्यों की ली समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




राजेश सिंह राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रेडा द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पी.एम. जनमन योजना अंतर्गत अविद्युतीकृत पी.वी.टी.जी. घरों के सौर विद्युतीकरण कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में क्रेडा प्रधान कार्यालय से आर.एस. भाकुनी, अधीक्षण अभियंता, जे.एन. बैगा, कार्यपालन अभियंता, आकाश शर्मा, सहायक अभियंता एवं क्रेडा प्रधान कार्यालय के अधिकारी कर्मचारीगण तथा समस्त जिलों के जिला प्रभारी भी उपस्थित थे। बैठक में योजनांतर्गत एम.एन.आर.ई., भारत सरकार द्वारा प्रथम एवं द्वितीय चरण में स्वीकृत कुल 1284 अविद्युतीकृत पी.वी.टी.जी. घरों को सोलर होम लाईट संयंत्रों की स्थापना कर शत-प्रतिशत सौर विद्युतीकरण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गए है। पी.एम. जनमन योजना भारत सरकार की अतिमहत्वपूर्ण योजना होने से अवगत कराते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ कर नवंबर 2024 तक कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश समस्त जिला प्रभारियों एवं स्थापनाकर्ता इकाई को दिये गए। सी.ई.ओ. क्रेडा ने कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी व इकाई के विरूद्ध जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की बात कही गई। इसके अलावा शत-प्रतिशत गुणवत्ता एवं संयंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने हेतु समस्त जिला प्रभारियों को व्यक्तिगत रूप से कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गए है।

बैठक में सी.ई.ओ., क्रेडा द्वारा जिला अंतर्गत यदि कोई पी.वी.टी.जी. परिवार यदि विद्युतीकरण हेतु छूट गए हो तो ऐसे पी.वी.टी.जी. परिवारों का सर्वे कर सौर विद्युतीकरण हेतु प्रस्ताव क्रेडा प्रधान कार्यालय को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि योजना का लाभ सभी हितग्राहियों/ परिवारों को मिल सके।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार सहायक कलेक्टर को सौंपा गया प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में पदस्थ वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी एम. भार्गव सहायक कलेक्टर दुर्ग को जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु सहायक कलेक्टर भार्गव को प्रशिक्षण अभ्यास हेतु 30 सितंबर 2024 से 27 अक्टूबर 2024 तक चार सप्ताह की अवधि के लिए तहसीलदार धमधा का प्रभार सौंपा गया है। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में तार सिंह खरे तहसीलदार धमधा के द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार परिवीक्षाधीन अधिकारी भार्गव को 28 अक्टूबर से 10 नवंबर 2024 तक दो सप्ताह की अवधि के लिए कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा में संलग्न किया गया है। प्रशिक्षण अवधि में सोनल डेविड अनुविभागीय दण्डाधिकारी धमधा द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सलनी**
**जनपद पंचायत-जैजैपुर, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलनी जनपद पंचायत जैजैपुर जिला-सक्ती (छ.ग.) के आम जनताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलनी के निम्न।

| क्र. | तलाबों | खसरा नं. | रकबा |
|---|---|---|---|
| 1. | चण्डी बैगा डबरी | 264 | 1.3560 |
| 2. | मुडा तालाब | 1367 | 0.2020 |
| 3. | खुटहन | 214 | 0.6960 |
| 4. | कुधरी तालाब | 1116 | 07490 |
| 5. | कांदा कोंडी | 212/1 | 0.8330 |
| 6. | खाल्हे डबरी | 216 | 0.8450 |
| 7. | बन्डबरी तलाब | 1274 | 0.1860 |
| 8. | गुलगुल तालाब | 231 | 0.4250 |
| 9. | मौहारी तलाब | 858 | 0.8370 |

उक्त तलाबों को शासन के निर्देशानुसार शासकीय नियमों के तहत 10 वर्षिया पट्टे पर दिनांक 1/10/2024 से 9/10/2024 तक आवेदन कर सकते हैं उसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा जिसका स्वयं जुम्मेदार होंगे।

**सचिव**
ग्राम पंचायत सलनी
जनपद पंचायत जैजैपुर
जिला-सक्ती (छ.ग.)

**सरपंच**
ग्राम पंचायत सलनी
जनपद पंचायत जैजैपुर

# छत्तीसगढ़ की एतिहासिक भाटापारा की रामलीला का स्वर्णिम इतिहास

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

### नवरात्र में 105वें वर्ष का मंचन 3 अक्टुबर से प्रारंभ



छत्तीसगढ़ की सबसे प्राचीन एवं एतिहासिक रामलीला का मंचन बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के भाटापारा नगर में आयोजित की जाती है, जिसका मंचन प्रतिवर्ष नवरात्र पक्ष में किया जाता है जो इस वर्ष भी आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा आगामी नवरात्र के प्रथम दिवस 3 अक्टूबर से किया जाएगा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के सदस्यो ने बताया कि यहां रामलीला समिति का गठन ब्रिटिश काल में सन 1920 मे स्थापित किया गया था, तब से रामलीला का मंचन हो रहा जिसका आगामी 3 अक्टूबर 2024 से आरंभ होने वाला रामलीला मंचन का 105 वें वर्ष का मंचन शंकर वार्ड स्थित रामलीला मैदान के मंच पर किया जाएगा जो 13 अक्टुबर 2024 तक 11 दिनो तक मंचन होगा। दशहरा उत्सव एवं रावण वध की लीला के साथ पुरे रामचरित मानस के आधार पर संपुर्ण रामायण का संक्षिप्त मंचन रावणभाटा मैदान भाटापारा में 12 अक्टुबर को दशहरा पर्व पर आयोजित होगा। रामलीला में नारदमोह, मुनिआगमन, धनुशयज्ञ, वनवास, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीवध, लंकादहन, विभिशण-शरणागति, अंगदरावण संवाद, लक्ष्मणशक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध, राजतिलक जैसी लीलाओ का मंचन कर भगवान राम के मर्यादा पुरषोत्तम चरित्र को दिखाया जाता है और धर्मसंस्कृति का प्रचार किया जाता है।

### भाटापारा की रामलीला का है अनोखा साहित्य

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा मंचित रामलीला का साहित्य अनोखे तरिके से तैयार किया गया है जिसमे गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस मुख्य आधार है, इसके अलावा यहां बोले जाने वाले संवादो में राधेश्याम रामायण, आर्य संगीत रामायण, रामचरित्र दर्पण रामायण, वसुनायक रामायण, ज्वालाप्रसाद कृत श्रीरामायण, नाट्य रामायण, हिन्दी रामायण, नथाराम गोंड संगीत रामायण, राधेश्याम पंडित कृत नाट्य जैसे अनेको साहित्य के मंथन और विशेषज्ञों व जानकारो द्वारा अनुवादीत हिन्दी के मिश्रण से रामलीला मंचन के लिए साहित्य तैयार किया गया है जिसके माध्यम से मनोरम एवं मनमोहक रूप से रामलीला का संचालन किया जाता हैं।

### नन्हें बच्चों की कलाकारी है विशेषता वही मातृभाषा से जुड़ते है बच्चे

भाटापारा की रामलीला में 7 से 10 साल के बच्चे करते है अभिनय और बोलते हे फरार्टेदार रामलीला के संवाद। इस रामलीला मे 10 वर्ष का बच्चा कर रहा है लक्ष्मण का पात्र अभिनय। वही 2री से लेकर 12 तक के बच्चे अधिकतर रामायण के किरदार को निभाते है जिसमें राम, लक्ष्मण, सीता, रावण, हनुमान, कुंभकर्ण जैसे अनेक किरदारो को जीवंत करते हुए शानदार रामायणो के संवादो को बोलते हुए मंचन करते है। जिसके कारण इसे बच्चो की रामलीला भी कहते है साथ ही बच्चे इस रामलीला में साहित्यिक हिन्दी, संस्कृत, अवधि भाषा जैसे अनेक साहित्यो को सीखते है। जो वर्तमान में अंग्रेजी की आवश्यकता बच्चो को अपने मातृभाषा से दुर कर रही है वही ये रामलीला बच्चो को अपने धर्म संस्कृति से जोड़ते हुए मातृभाषाओं का भी ज्ञान दे रही है।

### नवरात्र के नवमी पर होती है भव्य देवीलीला

नवरात्र मे प्रथम दिवस से आयोजित इस रामलीला में नवमी दिवस पर अहिरावण वध की लीला पर भव्य देवीलीला का आयोजन होता है जो भयानक डरावनी एवं पाताललोक का प्रदर्शन होता है जिसे देखने उस दिन रामलीला मैदान पर हजारो में लोगो की भीड़ होती है। मां निकुम्बला देवी की शानदार झांकी प्रदर्षित की जाती है। जिसमे अहिरावण के द्वारा रामलक्ष्मण का हरण कर देवी के समक्ष बली चढाने ले जाया जाता है और हनुमान जी द्वारा अहिरावण का वध किया जाता है।

## संपादकीय

### सिद्धरमैया पर संकट घोटाले के आरोप

**कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया** को अपने पूर्व कार्यकाल में कथित भूमि घोटाले के कारण राजनीतिक व विधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष अदालत द्वारा मैसुरू लोकायुक्त पुलिस को कथित 'मूडा' घोटाले में उनकी संलिप्तता की जांच करने के आदेश के बाद सिद्धरमैया पर संकट गहरा गया है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया की याचिका खारिज कर दी है जिसमें राज्यपाल द्वारा जांच की सहमति को चुनौती दी गई थी। सिद्धरमैया पर 2013-2018 के अपने पूर्व कार्यकाल में कथित भूमि घोटाले का आरोप है। अब इस मामले के तूल पकड़ने के कारण वे विवाद में घिरे हैं। इन आरोपों का संबंध बैंगलुरू में महत्वपूर्ण जमीन का 'डिनोटीफिकेशन' से है जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली भूमि को कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए निजी डेवलपरों को दिया गया था। इस घटनाक्रम से न केवल राजनीतिक तूफान उठ खड़ा हुआ है, बल्कि इससे कांग्रेस सरकार के स्थायित्व पर भी सवाल उठ रहे हैं जो पहले से ही आंतरिक चुनौतियों का सामना कर रही है। इस मामले ने विपक्षी दलों और एक्टिविस्टों के आरोपों को उजागर कर दिया है जिन्होंने सिद्धरमैया पर अपने पद का दुरुपयोग कर निजी लोगों के पक्ष में भूमि के डिनोटीफिकेशन का आरोप लगाया था। आरोप है कि इससे सरकारी खजाने को भारी वित्तीय



नुकसान हुआ। डिनोटीफिकेशन आमतौर से उन मामलों में किया जाता है जहां सरकार को सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए भूमि की जरूरत न हो। लेकिन विपक्ष का आरोप है कि यह निर्णय निहित स्वार्थों से प्रभावित था।

इस जांच का उद्देश्य सिद्धरमैया की भूमिका और इस बात का पता लगाना है कि क्या उन्होंने कानूनी दायरे में रह कर काम किया। हालांकि, जांच अभी शुरुआती चरण में है, पर इसके राजनीतिक प्रभाव दिखने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा द्वारा गंभीर जांच और यहां तक कि उनके इस्तीफे की मांग करने से सिद्धरमैया पर दबाव बढ़ रहा है। आरोपों के जवाब में सिद्धरमैया ने किसी गलत काम का जोरदार खंडन किया है। उन्होंने जांच को 'राजनीति से प्रेरित', अपनी छवि खराब करने तथा सरकार को अस्थिर करने का प्रयास बताया है। अपने बचाव में सिद्धरमैया का कहना है कि भूमि का डिनोटीफिकेशन कानूनी प्रक्रियाओं के अंतर्गत किया गया था और संबंधित अधिकारियों ने इसकी स्वीकृति दी थी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे ही मामले कई पार्टियों के अनेक राजनेताओं के खिलाफ दर्ज किए गए हैं। उनका संकेत है कि यह विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों को परेशान करने का आम राजनीतिक तरीका है और इसका संबंध केवल उनके प्रशासन से नहीं है। लेकिन यदि जांच गति पकड़ती है और उनके खिलाफ ठोस सबूत सामने आते हैं तो पार्टी के भीतर तथा जनता की नजरों में उनकी छवि निश्चित रूप से खराब होगी। कर्नाटक में मुख्य विपक्षी दल के रूप में भाजपा इस भूमि घोटाले का लाभ उठा कर सिद्धरमैया की निष्ठा और उनके नेतृत्व पर सवाल उठाएगी। यदि मामला अदालतों में गया तथा न्यायिक निगरानी की मांग हुई तो भाजपा की जवाबदेही की मांग से लंबी राजनीतिक अनिश्चितता पैदा हो सकती है। कर्नाटक जैसे राज्य में भ्रष्टाचार की कोई आशंका सिद्धरमैया की सार्वजनिक छवि ध्वस्त कर सकती है क्योंकि यहां चुनावी मुकाबला कांटे का होता है। सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार पारदर्शिता और विकास के वादों पर सत्ता में आई थी। ऐसे में यह मामला तूल पकड़ने तथा और ज्यादा सटीक सबूत सामने आने पर सिद्धरमैया का संकट और गहरा सकता है जिसमें वे अपना बचाव करने की स्थिति में नहीं रहेंगे।

# एकसाथ चुनाव की ओर बढ़ता भारत

भारत में एकसाथ चुनाव कराने की भूमिका तैयार हो रही है। लेकिन संवैधानिक और राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए इसका सफल क्रियान्वयन अनिश्चित बना हुआ है।



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत में एकसाथ चुनाव कराने की भूमिका तैयार हो रही है। इसके लिए 'एक देश, एक चुनाव' का प्रस्ताव तैयार हो चुका है। लेकिन संवैधानिक और राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए इसका सफल क्रियान्वयन अनिश्चित बना हुआ है। 'एक देश, एक चुनाव' का विचार संसदीय व आम जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने पिछले सप्ताह इसे आगे बढ़ाने का निर्णय भी कर लिया है। मोदी कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है और संसद के आगामी सत्र में यह विधेयक पेश करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस पर विचार-विमर्श के लिए एक समिति गठित की थी जिसकी रिपोर्ट और संस्तुतियों को अब स्वीकार कर लिया गया है।

हालांकि, इस अवधारणा पर अतीत में भी बहुत बार बहस हो चुकी है, पर इस पर कोई राजनीतिक सहमति नहीं बन सकी थी। वर्तमान समय में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी-भाजपा की सरकार लंबे समय से चुनाव सुधारों के पक्ष में रही है और अब वह चुनाव व्यवस्था में परिवर्तनों को गति देने का प्रयास कर रही है। 'एक देश, एक चुनाव' इस दृष्टिकोण से सर्वाधिक परिवर्तनकारी चुनाव सुधार हो सकता है। अतीत में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा बाद में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने एकसाथ चुनाव कराने का विचार सामने रखा था, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा इस विचार को खारिज कर दिया था।

वर्तमान समय में भाजपा द्वारा यह प्रस्ताव आगे बढ़ाने का समय बहुत अच्छा है। यह प्रस्ताव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उस समय रखा जब वे पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री के रूप में लगातार अपने तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर चुके थे। भाजपा पिछले दो दशक से अधिक समय से इस महत्वपूर्ण चुनाव सुधार की पैरवी कर रही है। हालांकि, यह विचार तार्किक और कारगर दिखता है, पर इसे क्रियान्वित करने पर अनेक सवाल भी उठते रहे हैं। इस संबंध में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारत ऐसे सुधार के लिए तैयार है? यह सवाल भी बहुत महत्वपूर्ण है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास आवश्यक दो-तिहाई बहुमत है जिसके द्वारा वे संसद में यह विधेयक पेश कर संविधान संशोधन कराने में सफल होंगे? इसके साथ ही अनेक अन्य सवाल भी हैं जिनके जवाब की आवश्यकता है। सर्वाधिक प्राथमिक और सबसे जरूरी यही तथ्य है कि इस विधेयक को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत होने पर ही आगे बढ़ाया जा सकता है। हालिया, लोकसभा 2024 के चुनाव में भाजपा अपने दम पर सदन में बहुमत से 40 सीटें पीछे रह गई और वह जनता दल युनाईटेड-जदयू तथा तेलगू देशम पार्टी-टीडीपी के सहयोग से ही बहुमत प्राप्त कर सरकार बनाने में सफल हुई। हालांकि, ये दोनों पार्टियां पहले से ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का हिस्सा थीं और उन्होंने एकसाथ मिल कर लोकसभा चुनाव लड़ा था। लोकसभा की वर्तमान गणित को देखते हुए भाजपा को इन दलों के साथ ही अन्य मैत्रीपूर्ण दलों का समर्थन प्राप्त करना होगा। भाजपा 'एक देश एक चुनाव' के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया में व्यापक परिवर्तन इसीलिए करना चाहती है क्योंकि उसके विचार से ऐसा करने से बार-बार चुनाव कराने से मुक्ति मिल जाएगी। एकसाथ चुनाव होने से सरकार तथा राजनीतिक दलों का चुनावों पर होने वाला खर्च भी घटेगा। लेकिन इन सबके बावजूद अधिकांश विपक्षी दलों ने एकसाथ चुनाव का विचार खारिज कर दिया है। इस विचार को अस्वीकृत करने वाले दलों में कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां, तृणमूल कांग्रेस तथा क्षेत्रीय व अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। उन्होंने इसे यह कह कर अस्वीकार कर दिया है कि इससे सत्तारूढ़ दल को 'राजनीतिक बदला' लेने का अवसर मिल जाएगा। उनको यह आशंका भी है कि इसे भाजपा को लाभ होगा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने इस मुद्दे पर विचार कर इस बारे में सभी राजनीतिक पार्टियों की राय ली और इसके बाद सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। कोविंद समिति के समक्ष उपस्थित हुई 32 पार्टियों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि 15 ने इसे अस्वीकार कर दिया। समिति ने यह संकेत भी दिया कि केन्द्र को इस प्रस्ताव के क्रियान्वयन के लिए एक समिति का गठन करना चाहिए। इसके साथ ही सभी वर्गों को शामिल करने वाली एक संयुक्त मतदान सूची भी होनी चाहिए जिसका सभी चुनावों में प्रयोग किया जा सके। वर्तमान समय में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए मतदान सूची में बार-बार सुधारों के साथ ही स्थानीय निकायों में मतदान सूची लगभग अलग होती है। इस संयुक्त सूची का प्रयोग कर मतदाता राष्ट्रीय, राज्य व स्थानीय निकाय चुनावों में वोट दे सकेंगे। इससे मतदाताओं के पंजीकरण में आने वाली कमियों को कम किया जा सकेगा। समिति ने इस संबंध में सभी पक्षों से बातचीत की योजना बनाई है।

समिति ने दो हिस्सों में चुनाव कराने का सुझाव दिया है। पहला चुनाव लोकसभा और विधानसभाओं के लिए तथा दूसरा स्थानीय निकायों के लिए होगा। ऐतिहासिक रूप से 1952 में पहले चुनाव होने के बाद से 1967 तक एकसाथ चुनाव होते थे। लेकिन श्रीमती इंदिरा गांधी के सत्ता में आने के बाद से स्थिति बदल गई। उन्होंने विपक्ष शासित राज्य सरकारों को भंग करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 356 का प्रयोग करना शुरू किया जिससे स्वतंत्र चुनावों की शुरुआत हुई। इसके बाद से आज तक यही स्थिति बनी हुई है। लेकिन 'एक देश एक चुनाव' पर विधेयक को अनेक संवैधानिक, विधिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। समिति ने देश में एकसाथ चुनाव कराने के लिए संविधान के अंतिम पांच अनुच्छेदों में संशोधन का सुझाव दिया है। ये संशोधन अनुच्छेद 83 से 172 तक होंगे। भाजपा को अपने दम पर बहुमत प्राप्त नहीं है, जबकि संविधान संशोधनों के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता है। इसके साथ ही संविधान इस विषय पर मौन है कि क्या चुनाव एकसाथ होने चाहिए। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती संसद में उपयुक्त संख्या में सांसदों को लामबंद करना होगा। इसके साथ ही अभी 'एक देश एक चुनाव' पर राजनीतिक सहमति बनाने का काम भी बाकी है। भाजपा ने इस दिशा में विपक्षी दलों से बात करने या उनको समझाने-बुझाने का प्रयास नहीं किया है।

विपक्ष इस मुद्दे पर आक्रामक मूड में है क्योंकि उसका विश्वास है कि एकसाथ चुनाव से भाजपा को लाभ होगा। कांग्रेस इसके विरोध में है। इसी प्रकार वामपंथी पार्टियां, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन ने भी यह विचार अस्वीकार कर दिया है। 15 विपक्षी दलों के पास 205 सांसद हैं, जबकि मोदी को 362 मतों की आवश्यकता है। एकसाथ चुनाव के लिए विधिक ढांचा भी जरूरी है जो आवश्यक परिवर्तन कर सके। इसके साथ ही कार्यकाल के बीच में ही गिर जाने वाली राज्य सरकारों की समस्या से भी निपटना होगा। यह विचार अच्छा है और इससे पैसे की बरबादी पर लगाम लग सकती है। इसके ाथ ही हर दे साल में चुनाव से नीतिगत विकलांगता जैसी स्थिति पैदा होती है।

इसलिए विपक्ष को खारिज करने के पहले इस पर विचार करना चाहिए। यदि उनके पास कोई वैकल्पिक योजना हो तो इस पर सार्वजनिक बहस हो सकती है। कुल मिला कर मोदी इस विधायन को संसद में एक रणनीति के अंतर्गत ला रहे हैं। चाहे हारें या जीतें, इससे मोदी को लाभ होगा। यदि वे जीत जाते हैं तो यह एक चुनावी वादा पूरा करना होगा। यदि विधेयक गिर जाता है तो भी वे हमेशा इसे अच्छे इरादे से लाने का दावा कर सकते हैं, लेकिन विपक्ष ने इसे स्वीकार नहीं किया। भले ही यह विधेयक लाने में विलंब हो, पर इस पर बहस होनी चाहिए तथा एकसाथ चुनाव का रास्ता अंततः निकाला जाना चाहिए। आखिरकार बार-बार चुनावों पर सरकार द्वारा किया जाने वाला खर्च करदाताओं का पैसा है।




# क्वाड का स्पष्ट दृष्टिकोण

> क्वाड सम्मेलन ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति बनाए रखने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता माना है।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

इस सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाई-प्रोफाइल अमेरिका यात्रा ने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों का महत्व रेखांकित करते हुए अनेक प्रमुख निर्णयों के माध्यम से 21वीं शताब्दी में साझेदारी का भविष्य निर्धारित कर दिया। भारतीय प्रधानमंत्री की यह यात्रा रूस और यूक्रेन की उनकी यात्राओं के बाद हुई। यह बहुआयामी दृष्टिकोण उजागर करती है जहां भरत सर्वोच्च स्तर पर राजनयिक संपर्क मजबूत करते हुए अपने राष्ट्रीय हितों को पवित्रतम मानता है। प्रधानमंत्री मोदी तथा अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने परस्पर मैत्रीपूर्ण ढांचा रेखांकित किया, जबकि प्रधानमंत्री ने 'ओवल आफिस' में उनके पूर्ववर्ती के साथ एक राजनीतिक रोड शो किया था। यह सारी दुनिया को संकेत है कि अमेरिका-भारत द्विपक्षीय संबंधों को सभी पक्षों का समर्थन प्राप्त है। क्वाड नेताओं के सम्मेलन, अनिवासी भारतीयों के साथ मोदी का 'राकस्टार कंसर्ट' शैली के आयोजन तथा अमेरिका में तकनीकी क्षेत्र के सीईओ के साथ बैठक ने यह संकेत दिया है कि अमेरिका और भारत के बीच संबंधों ने बहुत तेज गति प्राप्त कर ली है। ऐसे में पीछे देखने की किसी प्रकार की आशंका का कोई स्थान नहीं है।

क्वाड सम्मेलन की बैठकों में चीन की अदृश्य उपस्थिति रही। क्वाड सम्मेलन ने बिना नाम लिए आक्रामक तथा समुद्री अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन करने वाले के रूप में चीन की ओर संकेत किया। इसमें कहा गया, 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चार प्रमुख समुद्रतटीय लोकतंत्रों के रूप में हम स्पष्ट रूप से इस परिवर्तनशील क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो वैश्विक सुरक्षा तथा समृद्धि का अपरिहार्य तत्व है। हम इस क्षेत्र को अस्थिर करने वाले या किसी एकपक्षीय कार्रवाइयों का घोर विरोध करते हैं जो शक्ति या दबाव से यथास्थिति बदलने को लक्षित हो। हम क्षेत्र में ऐसे अवैध मिसाइल प्रक्षेपणों की निन्दा करते हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं। हम समुद्री क्षेत्र में हालिया खतरनाक और आक्रामक कार्रवाइयों की निन्दा करते हैं। हम इस क्षेत्र को ऐसा बनाना चाहते हैं जहां कोई देश प्रभुत्व न बनाए तथा किसी देश पर प्रभुत्व न स्थापित हो। इस क्षेत्र में सभी देश दबाव से मुक्त हों और अपना भविष्य तय करने के लिए अपने अधिकारों का प्रयोग कर सकें। हम एक स्थिर व खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्ध हैं जो मानवाधिकारों, स्वतंत्रता के सिद्धान्त, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का दृढ़ समर्थन करे तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ चार्टर समेत अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार धमकी या शक्ति प्रयोग न करे। असोसियेशन आफ साउथईस्ट एशियन नेशन्स-आशियान, पैसिफिक आईलैंड्स फोरम-पीआईएफ तथा इंडियन ओसेन रिम असोसियेशन-आईओआरए समेत क्षेत्रीय संस्थानों के नेतृत्व का सम्मान क्वाड के सभी प्रयासों के केन्द्र में है और यह बना रहेगा।'



हालांकि, क्वाड 'नाटो' की तरह कोई रक्षा साझेदारी नहीं है, पर वैश्विक महाशक्ति चीन की उपस्थिति तथा उसके द्वारा पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में अपनाई जाने वाली दबाव की रणनीतियों के कारण डेलावेयर सम्मेलन में भाग लेने वाले नेता प्रभवित थे। दिल्ली, राष्ट्रपति बाइडेन के गृह शहर डेलावेयर, सिडनी और टोकियो अंतरराष्ट्रीय समुद्रों पर गहरी नजर बनाए हुए हैं जहां चीन के अनेक उल्लंघन सामने आए हैं। नेताओं ने घोषणा की, 'आज हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए नई क्षेत्रीय समुद्री पहल-मैत्री की घोषणा कर रहे हैं जो इस क्षेत्र में हमारे साझीदारों को आईपीएमडीए तथा अन्य क्वाड साझीदार पहलों से प्राप्त उपकरणों को अधिकतम बनाने में सहायता करेगी।

इससे हम समुद्रों की निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित कर कानूनों को लागू करेंगे तथा अवैध व्यवहारों को निष्प्रभावी करेंगे। हम 2025 में भारत में होने वाली मैत्री कार्यशाला की ओर देख रहे हैं। इसके साथ ही क्वाड साझीदार अगले वर्ष आईपीएमडीए में नई तकनीक और डेटा को समाहित करेंगे जिससे हम इस क्षेत्र में अद्यतन क्षमता और सूचनाओं को उपलब्ध करा सकेंगे।' इस प्रकार चीन क्वाड नेताओं की प्रमुख चिन्ता बना रहेगा और इन चारों देशों को जोड़ने के लिए शक्तिशाली गोंद का काम करेगा।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख हित रखने वाले देश ज्यादा निकट आएंगे। अगला क्वाड सम्मेलन दिल्ली में होने की आशा है, जहां एक नया अमेरिकी राष्ट्रपति प्रमुख सम्मानित अतिथि होगा। पूर्व-राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा क्वाड समूह को प्रोत्साहन देने तथा राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा सम्मेलन को उच्च स्तर प्रदान करने से यह कहना उचित होगा कि क्वाड मजबूत होता रहेगा।

## आप की बात

### एनआरआई कोटा

**पंजाब सरकार** द्वारा मेडिकल में 15 प्रतिशत एनआरआई कोटा रखने पर देश के प्रधान न्यायाधीश वाई. वी. चंद्रचूड़ ने इसकी जरुरत को खा़रिज करते हुए कहा कि इससे देश के मेधावी छात्रों के पहले भाई-भतीजावादियों को फ़ायदा मिलेगा जो कि ठीक नहीं है। उन्होंने सरकार को सही तर्क देते हुए एनआरआई कोटे की अनुमति को निरस्त कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय का यह निर्णय स्वागत योग्य है। सवाल है कि आखिर एनआरआई कोटा क्यों दिया जाना चाहिए? इससे एक ओर एनआरआई के रिश्तेदारों के छात्र फ़ायदा उठाते हुए देश के प्रतिभावान छात्रों का हक मारेंगे तो दूसरी ओर भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। विडंबना है कि यह निर्णय उस पंजाब सरकार द्वारा किया गया जो स्वयं को आम आदमी का प्रतिनिधि बताती है। ऐसे समय जब देश में मेडिकल शिक्षा की सीटें कम होने और निजी क्षेत्र में फीस महंगी होने के कारण देश के अनेक छात्र बांग्लादेश, यूक्रेन, चीन व मध्य एशिया के देशों में डाक्टरी पढ़ने जाते हैं, तब पंजाब में चिकित्सा शिक्षा में एनआरआई कोटा अत्यन्त निंदनीय है। मोदी सरकार लगातार नए मेडिकल कालेज खोल रही है जिससे मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ी है, पर जनसंख्या के अनुपात में डाक्टरों की संख्या को देखते हुए यह अब भी कम है।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### दिसानायके की चुनौतियां

**राष्ट्रपति चुनाव** में श्रीलंका के मतदाताओं ने श्रमिक के बेटे अनुरा कुमारा दिसानायके को चुना। जनता द्वारा सीधे राष्ट्रपति का चुनाव होने की पद्धति के चलते दिसानायके 50 प्रतिशत से कम वोट पाकर भी राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे देश के इतिहास में पहली बार मतगणना के दूसरे दौर में जीते हैं। संसद में उनके मात्र तीन प्रतिनिधि चुनकर आए हैं। स्पष्ट है कि दिसानायके को सत्ता की बागडोर संभालकर श्रीलंका को सुशासन देने में कदम-कदम पर विपक्ष का विरोध सहना पड़ेगा। अतीत में व्यक्त अपनी भारत-विरोधी विचारधारा के चलते उन्हें निष्पक्ष छवि बनानी होगी तथा यह भी सिद्ध करना पड़ेगा कि वह चीन की कठपुतली बनकर नहीं रहेंगे। पहले तमिल-विरोधी होने के कारण उन्हें तमिल जनता को भी विश्वास में लेना होगा। हालांकि उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत-चीन के बीच निष्पक्ष संतुलन बनाकर रखेंगे। विदेशी कर्ज में आकंठ डूबी श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना मुश्किल होगा। जहां भारत ने उनको पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है, वहीं चीन भी उन पर डोरे डालने में लग गया है। ऐसे में देखना होगा कि आने वाले कुछ महीने में दिसानायके देश की राजनीति व अर्थनीति को क्या दिशा देते हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### बाल यौन अपराध

**सुप्रीम कोर्ट** ने सुझाव दिया है कि संसद को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण-पाक्सो कानून में संशोधन को लेकर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उसने कहा है कि बाल पोर्नोग्राफी शब्द के स्थान पर बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री शब्द का इस्तेमाल किया जाए। इसके परिणामस्वरूप ऐसे अपराधों की वास्तविकता को और अधिक सटीक रूप से दर्शाया जा सकेगा। पीठ ने कहा कि बाल पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल किसी भी न्यायिक आदेश या फैसले में नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, बाल पोर्नोग्राफी देखना और उसे डाउनलोड करना यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 और सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी कानून के तहत अपराध है। पीठ ने सुझावा दिया है कि भारतीय संघ एक विशेषज्ञ समिति गठित करने पर विचार कर सकता है जिसका काम स्वास्थ्य और यौन शिक्षा के लिए एक व्यापक कार्यक्रम या तंत्र तैयार करने के साथ ही देश भर में बच्चों के बीच कम उम्र से ही पाक्सो कानून के बारे में जागरूकता बढ़ाना हो। इससे बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के संबंध में मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण बनाना और उसे प्रसारित करना सुनिश्चित किया जा सकता है। यह सुझाव निश्चित रूप से स्वागत योग्य है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### आर्थिक संतुलन के प्रयास

**फेडरल रिजर्व** द्वारा अमेरिका में आधा प्रतिशत घटाए जाने और आगामी वर्षों में दो प्रतिशत तक घटाए जाने की संभावना व्यक्त की है। फेडरल रिजर्व के इस कदम ने दुनिया के पूंजी बजार और शेयर बाजार में उथल-पुथल मचाई है। इसके कारण भारतीय शेयर बाजार लगातार रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच रहा है। वैसे फेडरल रिजर्व के ब्याज घटाने वाले कदम के बाद अब भारतीय रिजर्व बैंक को भी ब्याज दरों मे कटौती पर विचार करना चाहिए। डॉलर का अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है और उसी के अनुरूप विश्व की अन्य करेंसियां चलती है। यदि भारत में भी ब्याज दर घटाई जाती है तो इसका फायदा लोन लेने वाले ग्राहकों को भी दिया जाना चाहिए। हालांकि, रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति बढ़ने के भय से पिछले काफी समय से ब्याज दरों में कटौती से बच रहा है। इससे कर्ज लेने वाले लोगों की उम्मीदें टूटती हैं तथा अर्थव्यवस्था की प्रगति भी प्रभावित होती है। लेकिन दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में आर्थिक संतुलन बहुत कठिन काम है।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# शहीद शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर भव्य रैली निकालकर दी गई उन्हें श्रद्धांजलि








**पायनियर संवाददाता < बालोद**
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और मजदूर नेता शहीद शंकर गुहा नियोगी की शनिवार को शहादत दिवस लौहनगरी के नाम से मशहुर दल्लीराजहरा में मनाई गई। महज 48 साल की उम्र में कत्ल कर दिए गए नियोगी पूंजीवादी और नीतियों के खिलाफ मजदूरों की आवाज बन गए थे। जहां भिलाई में चल रहे मजदूर आंदोलन के दौरान 28 सितंबर 1991 को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद आज तक हर साल दल्लीराजहरा में हजारों की तादाद में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से लोग श्रमिक यहां पहुंचते हैं। और शंकर गुहा नियोगी के स्मारक में पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं तो भव्य रैली निकालर उन्हें याद करते है। शंकर गुहा नियोगी का बलिदान यूं ही व्यर्थ नहीं गया। शंकर गुहा नियोगी के मार्गदर्शन में चलकर जनमुक्ति मोर्चा के लोग श्रमिकों के साथ किसानों के हित की लड़ाई लड़ते हैं। यही वजह है की हर पुण्यतिथि को यानि 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ के कोने कोने से लोग यहां पहुंचकर शंकर गुहा नियोगी को श्रद्धांजलि देते हैं और उन्हें याद करते हैं।

### खदान में मजदूर के रूप में किया काम

दरअसल 28 सितंबर 1991 की सुबह ठीक 4 बज रहे थे, जब शंकर गुहा नियोगी के दुर्ग स्थित अस्थाई निवास पर कुछ लोगों ने खिड़की से निशाना लगाते हुए शंकर गुहा नियोगी को गोली मार दी। वह मंजर वह दिन याद करके आज भी श्रमिकों की आंखों में आंसू आते हैं। श्रमिकों के मसीहा कहे जाने वाले शंकर गुहा नियोगी ने श्रमिकों के हित के लिए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की स्थापना की जहां श्रमिकों के जननायक के रूप में उभरते हुए शंकर गुहा नियोगी ने पूंजी वादियों की नीतियों के खिलाफमजदूरों की आवाज बंद कर सामने आए श्रमिकों के हित में लड़ाई लड़ी। दल्लीराजहरा स्थित माइंस भिलाई स्टील प्लांट में काम करने वाले श्रमिकों के हित के लिए लगातार आवाज बुलंद करते रहे दल्लीराजहरा को अपनी कर्मभूमि मानने वाले शंकर गुहा नियोगी खदान में मजदूर के रूप में भी काम किया। शंकर गुहा नियोगी छत्तीसगढ़ की जमीनी हकीकत से वाकिफथे। लिहाजा एक और तो वह आद्योगिक और खदान मजदूर की लड़ाई लड़ रहे थे। तो दूसरी और उद्योगों और खदानों के कारण अपनी जमीन से बेदखल हो रहे किसानों के संघर्ष में उनका साथ भी दे रहे थे, कुछ लोग थे, जिन्हें यह बात पसंद नहीं थी। जहां 28 सितंबर को ही उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई शंकर गुहा नियोगी ने श्रमिकों के साथ साथ ऐसे किसान जिनकी जमीन हड़प ली गई, उनके लिए भी अपनी आवाज हमेशा बुलंद कि उनके जाने के बाद छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा दो हिस्सों में बट गया। जो जनमुक्ति मोर्चा और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा हुआ। जहां जनमुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष और शंकर गुहा नियोगी के बेटे जीत गुहा नियोगी अब मजदूरों की आवाज बुलंद कर सामने आते हैं।

# कार्य के प्रति सच्ची लगन एवं निष्ठा से सफलता अवश्य प्राप्त होगी : राणा

## आई.टी.आई प्रशिक्षार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम सम्पन्न

**पायनियर संवाददाता < बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान आईटीआई में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर वंदना गीत व छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत अरपा पैरी के धार का गायन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय आईटीआई के प्राचार्य हरि सिंह राणा रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम हमारी भारतीय संस्कृति के अनुरूप नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के रखा गया है। आप सभी का यह सौभाग्य है कि आपको प्रशिक्षण के लिए अवसर प्राप्त हुआ क्योंकि प्रशिक्षण के साथ चेतना विकास मूल्य शिक्षा से संबंधित जीवन मूल्यों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता हैं। सरकार के द्वारा अग्निवीर एवं राष्ट्रीय सेवा संघ (आरएसएस) योजना चलाई जा रही हैं। इनमें जुड़कर आप स्वयं में अनुशासन, स्वास्थ्य व देशहित के लिए जागरूक होकर कामयाबी हासिल करें व जीवन में कार्य के प्रति सच्ची लगन, अनुशासन व मेहनत से सफलता प्राप्त करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय आईटीआई के प्रशिक्षण अधिकारी एवं समाधान आई.टी.आई. के आई.एम.सी. के सदस्य जी.पी बर्मा रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि आप सभी केवल प्रमाण पत्र लेने के लिए पढ़ाई ना करें बल्कि कार्य करने के कौशल प्राप्त कर निरंतर आगे बढ़ें। यदि आप आईटीआई का प्रशिक्षण सही तरीके से प्राप्त कर लेते हैं, तो आपके करियर में निखार जरूर आएगा। यहां के सभी ट्रेनिंग ऑफिसर मूल्य शिक्षा एवं तकनीकी कौशल से परिपूर्ण है, आपको स्व-स्फूर्त होकर ग्रहण करने के लिए तत्पर रहना हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि जीवन में जब भी आपको जिम्मेदारी करने का अवसर मिले तो उसे मन से स्वीकार करें। जिम्मेदारी निभाने से आपकी गुणवत्ता बढ़ेगी व आप कुछ नया जरूर सीख पाएंगे। आईटीआई की प्राचार्या श्रीमती आशा झा ने संस्था का परिचय देते हुए कहा कि संस्था में प्रशिक्षण के साथ संबंधों में रहने के व्यवहारिक मूल्यों का ज्ञान प्रदान किया जाता है। इन मूल्यों को जीवन में लाने से व्यक्तित्व का विकास होता है। चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष स्वीटी मालिक ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समझदार व जिम्मेदार नागरिक बनाना हैं। चेतना विकास मूल्य शिक्षा हमें स्वयं में विश्वास, परिवार में समृद्धि, समाज में अभयता व प्रकृति की चारों अवस्थाओं में संतुलन स्थापित करने का ज्ञान प्रदान करता हैं। विद्यार्थियों में इन मूल्यों का विकास कर इस उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। नव -प्रवेशित विद्यार्थियों का ट्रेनिंग ऑफिसर द्वारा आरती की थाल व तिलक से सम्मान किया गया। आईटीआई स्टेनो की छात्रा खिलेश्वरी साहू द्वारा भरत नाट्यम नृत्य, आईटीआई इलेक्ट्रिशियन के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत पर नृत्य, आईटीआई इलेक्ट्रीशियन के छात्र युवराज साहू द्वारा गीत, आईटीआई कोपा की छात्रा प्रियंका एवं साथी द्वारा नृत्य में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को शाल व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति व परंपरा से परिपूर्ण रहा।

# "नशामुक्ति थीम" पर भाषण, चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन




**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम तथा नशामुक्ति के लिए स्कूली विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से आज स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में समाज कल्याण विभाग, द्वारा ''नशामुक्ति थीम'' पर भाषण, चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में कु. रिजा खान ने प्रथम स्थान, कु.पलक शर्मा ने द्वितीय स्थान एवं राजकुमार झारिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कु.विदुला श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान, कु.प्रियंका कुशवाहा ने द्वितीय स्थान एवं कु.उजमा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में चित्रकला प्रतियोगिता में कु.दिक्षा धुर्वे ने प्रथम स्थान, आयुश श्रीवास ने द्वितीय स्थान एवं सिमांत अनंत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता प्रतिभागियों को उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती अभिलाषा पण्डा द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य रंगलाल बारले एवं समस्त स्टॉफ विद्यार्थीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई।

# नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ग्राम बिरकोना पहुंचकर जल जीवन मिशन के कार्यों का औचक निरीक्षण किया, ईई और ठेकेदार पर कलेक्टर भड़के

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों में नियम-शर्तों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही करने के दिए निर्देश

**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले के नवपदस्थ कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम बिरकोना पहुंचे और केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता में शामिल जनजीवन मिशन के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बिरकोना निवासी विरेन्द्र चंद्रवंशी, अघनु धुर्वे सहित अन्य ग्रामीणों के घर पहुंच कर जल जीवन मिशन के तहत घर-घर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाईप लाईन और नल के स्ट्रक्चर का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश स्ट्रक्चरों में नल गायब मिले। गलियां में पाईप लाईन का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित एजेसी द्वारा मिशन के कार्यों को निविदा नियम-शर्तों के तहत नहीं करने तथा मिशन के कार्यों में कोताई बरतने पर संबधित विभाग के ईई और ठेकेदारों पर कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड की कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से चर्चा करते हुए जल जीवन मिशन की फीडबैक भी लिए। कलेक्टर वर्मा ने निरीक्षण के पूरे कबीरधाम जिले के जल जीवन मिशन के कार्यों की पूरी जानकारी तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ईई को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत कार्य, पूर्ण कार्य, प्रगतिरत कार्यों और प्रारंभ होने की तिथि तथा निविदा-शर्तों के तहत निर्माण कार्य पूर्ण होने की अवधि की पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण तथा शहरों में घर-घर स्वच्छ तथा निर्मल जल की आपूर्ति करना इस योजना का उद्देश्य है। यह लोक-स्वास्थ्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना में कोताई बिल्कुल बर्दास्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ग्राम बिरकोना के कार्यों का सुधार करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अधिकारी दिलीप सिंह राजपूत ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम बिरकोना में 496 घरों में पेयजल आपूर्ति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 435 घरों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, शेष कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि गांव में स्थल विवाद होने के कारण पानी टंकी का निर्माण कार्य रूक गया था। स्थल विवाद का निराकरण के बाद पानी टंकी का निर्माण के लिए आवश्यक कार्यवाही शुरू हो गई हैं। जल जीवन मिशन अंतर्गत कबीरधाम जिले के 959 ग्रामों के लिए योजना तैयार की गई है, जिसमे से रेट्रोफिटिग की 231, सिंगल विलेज की 542 व सोलर पंप आधारित 186 ग्राम सम्मिलित है। सभी ग्रामों में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन चयन के लिए के लिए पात्र, अपात्र सूची का प्रकाशन

**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र, समर्पित मानव संसाधन के चयन के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। जिसके विरूद्ध निर्धारित तिथि तक प्राप्त आवेदन पत्रों का प्रारंभिक सूची तैयार कर जिला स्तरीय समिति के समक्ष जांच एवं परीक्षण के लिए प्रस्तुत किया गया। गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत पात्र, अपात्र अभ्यर्थियों की विस्तृत सूची जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सूचना-पटल पर चस्पा की गई हैं। इसके अलावा जिले के वेबसाईड पर भी अवलोकन किया जा सकता हैं। प्रकाशित सूची में दर्शित अभ्यर्थी अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में उम्मीदवार 30 सितंबर 2024 समय 5:30 बजे तक आवेदन पत्र एवं दस्तावेजी साक्ष्य के साथ जिला पंचायत या संबंधित जनपद पंचायत में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# सेवा भाव से ही स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है : कलेक्टर गोपाल वर्मा

**पायनियर संवाददाता < कवर्धा**
www.dailypioneer.com




कबीरधाम जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम बिरकोना में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और कहा कि हमें सेवा भाव से स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र साहू ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, ग्रामीण शामिल हुए। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उपस्थित ग्रामीण एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 02 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस अभियान के तहत लोगों में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्य शासन द्वारा संचालित स्वच्छ भारत अभियान के तहत समाज और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस अभियान में हम सबकों सेवा भाव से जुड़ना चाहिए। कलेक्टर ने इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महिला स्वच्छग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से शुरुआत हुई। जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत शैक्षणिक सामूहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में फूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार भी किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वछता चौपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जा रहा है।

# भाषायी कौशल के विकास में प्रिंट रिच वातावरण की भूमिका महत्वपूर्ण : राजेन्द्र साहू

**पायनियर संवाददाता < बेमेतरा**
www.dailypioneer.com




जोन स्तरीय समीक्षा बैठक की नियमित बैठक के तहत संकुल जोन जेवरा अंतर्गत सहायक जिला परियोजना अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू एवं बीआरसी राजेन्द्र साहू ने निरीक्षण किया। निरीक्षण में संकुल जोन के सभी शिक्षकों से अपेक्षित कार्यो को पूरे मनोयोग से पूर्ण करते हुए प्रत्येक छात्र को कक्षा अनुरूप दक्ष बनाने के लिए प्रेरणादायक बातें कही। इस शनिवार की बैठक की मूल विषय वस्तु शाला में प्रिंट रिच वातावरण पर जोर देते हुए कहा कि कि शालाओं में हर दीवार पर शिक्षादायक हों। एपीसी भूपेन्द्र साहू ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक विकास की दिशा में स्वयं की जवाबदेही शिक्षक स्वयं तय करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में शत प्रतिशत योगदान करें। नियमित समीक्षा बैठक में सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्यतः शामिल कराने हेतु समन्वयकों को निर्देशित किया गया। संकुल केंद्र कोबिया में प्रातः 8 बजे से प्राथमिक शाला के भाषा विषय समूह के शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। वर्तमान सत्र 2024 - 25 को शिक्षा विभाग छ. ग. शासन सर्वांगीण शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में निर्धारित किया गया है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना, उनके कौशलों का कक्षा अनुरूप विकास करना मुख्य उद्देश्य है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए शिक्षा विभाग सत्रारंभ पूर्व शिक्षकों का प्रशिक्षण, नियमित कार्यशाला का आयोजन, प्रत्येक शनिवार को किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है। बैठक में संकुल जेवरा, जीया, मटका, जेवरी और कोबिया समन्वयक तथा संकुल प्राचार्य कोबिया एवन कुमार जांगड़े, प्रधान पाठिका सुनीता साहू, संकुल समन्वयक उद्धव साहू तथा भाषा समूह हिन्दी अंग्रेजी के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# सुने मकान में सेंधमारी, आरोपी गिरफ्तार



**पायनियर संवाददाता < उतई**
www.dailypioneer.com

उतई थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाशों ने यहां के एक सूने मकान में सेंधमारी की थी। बदमाशों ने घर में जो सामान मिला उसे उठाकर ले गए। एलईडी टीवी, हांडी, परात व अन्य सामान चुरा ले गए। घर के लोग घर वापस पहुंचे तो उन्हें चोरी की बात पता चली। इस मामले में उतई थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार 25 सितंबर को नरेन्द्र देवांगन निवासी ग्राम डुण्डेरा ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने अपनी शिकायत में बताया कि 20 सितंबर की रात 8 बजे अपने घर में ताला लगाकर सपरिवार ग्राम जोरातराई अपने माता पिता के पास गया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे घर वापस आया तो घर के सभी सामान बिखरा पड़ा था। चोरी की शंका होने पर घर को चेक किया तो घर के सीमेंट सीट व रोशनदान की खिड़की टूटा मिला। घर में रखे एलईडी टीवी, सेटअप बाक्स, बर्तन एवं ब्रेकर मशीन गायब थे। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305, 317(5), 3(5) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर कामेश्वर उर्फ विक्की मरकाम पिता धनेश मरकाम (28), सलीम महिपाल पिता इन्दरू महिपाल (29) को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किये। दोनों आरोपियों ने बताया कि चोरी किए बर्तन को बेचने के लिए रितेश कुर्रे को दिये हैं। इसके बाद पुलिस ने रितेश कुर्रे पिता बंशीलाल (29) को हिरासत में लिया गया। आरोपियों की निशानदेही पर 1 एलईडी टीवी 42 इंच, 1 नग ब्रेकर मशीन, 1 नग सेटअप बाक्स, 1 नग पीतल का हण्डा, 1 नग पीतल का बड़ा परात, 3 नग पीतल का छोटा परात, 1 नग पीतल का लोटा, 1 नग कांसा का लोटा, 1 नग पीतल का बटलोही कीमती 50 हजार रुपए बरामद किया गया। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उतई निरीक्षक विपिन रंगारी, एएसआई नेमन सिंह साहू, प्रधान आरक्षक महेश देवांगन, आरक्षक भूपेन्द्र साहू, कृष्णा बंजारे, मुकेश यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# लिनेश क्लब प्रेरणा द्वारा 9 माह में किया गया कार्य पर बेस्ट पीएसटी मिला पुरस्कार

**पायनियर संवाददाता < बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



लिनेश क्लब प्रेरणा बेमेतरा के शानदार 9 माह में समाज सेवा के रूप में क्लब के सदस्य गण एवं पीएसटी मेंबर्स के द्वारा जो भी कार्य किए गए उसके लिए हमें एरिया 7 की ओर से बेस्ट पीएसटी का पुरस्कार दिया गया और सम्मानित किया गया तथा सभी बेस्ट माइक्रो चेयर पर्सन व माइक्रो चेयरपर्सन शारदा तिवारी उमा तिवारी जी शशि तिवारी बेस्ट अध्यक्ष पुरस्कार मिला विनोद राघव रामेश्वरी साहू निधि बनाफर द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में समाज सेवा कार्य करने के लिए उन्हें भी सम्मानित किया गया तथा बचे हुए दो माह में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

# पायनियर खबर का असर... अंततः सड़क से हटाया गया डगाल, कटर नहीं मिलने पर टंगिया से काटकर नपा की टीम ने हटाया

## राहगीरों और स्कूली बच्चों के साथ रफ्तार में चलने वाले वाहन चालकों की होगी सुरक्षा




डीपू बगीचा के सैंकड़ों साल पुराने खोखले पेड़ से राहगीरों और स्कूली बच्चों को खतरा, आए दिन टूटकर गिर रहे डाल
15 दिन पहले गिरे विशालकाय पेड़ अभी तक नहीं हट सका, हाई वोल्टेज तार भी जद में


जशपुर न.पा. उदासीन...विधायक के आवागमन मार्ग डीपू बगीचा के सामने दो महीने से सड़क पर पड़ा है विशाल पेड़ का डगाल
अंधेरे में कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा, सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

टिकैतगंज मार्ग में विगत दो महीने से गिरकर सड़क पर पड़े डगाल को अंततः नगर पालिका ने शनिवार को हटा दिया। नगर पालिका को लकड़ी काटने का आधुनिक औजार कटर नहीं मिल सका इसलिए सफाईकर्मियों से टंगिया से काटकर उसे कचरा फेंकने वाली गाड़ी में डालकर सड़क से किनारे कर सड़क आवागमन के लिए सुगम बना दिया गया। पायनियर में इस जनहित के मुद्दे को प्राथमिकता के साथ प्रकाशित करने के बाद ही नगर पालिका प्रशासन में जागरूकता और गंभीरता आई जिसके बाद दिनभर की मेहनत से विशाल डगाल को हटाया जा सका।

### और छंटाई की आवश्यकता

डीपू बगीचा सड़क पर शहर से टिकैतगंज की ओर हाई वोल्टेज बिजली के तार भी गुजरे हैं। कई खंभे लगे हुए हैं। विशालकाय पेड़ों की कमजोर डालियां टूटकर आए दिन बिजली के तारों पर गिर रहीं हैं। इससे रिहायसी इलाके में जान का खतरा का भी अंदेशा हैं। बिजली के तारों को हमेशा नुकसान होता है।

### खतरे से बाहर हुए राहगीर

डीपू बगीचा से होकर जाने वाली टिकैतगंज सड़क से जशपुर विधायक का भी लगभग रोजाना आवागमन होता है। यहां से रोजाना बड़ी गाड़ियां भी गुजरती हैं। बिजली विभाग की मेहरबानी की वजह से यहां अंधेरा भी छाया रहता है। ऐसे किसी दिन बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई थी, लेकिर अब डगाल को हटा देने से खतरा टल गया है।

टूटे हुए डगाल को सड़क से हटा दिया गया है। कमजोर हो चुके शाखाओं की छंटाई भी जल्द करा दी जाएगी।

**योगेश्वर उपाध्याय, सीएमओ नपा जशपुर**

# जिला स्तरीय स्वयं सेवकों का हुआ चयन कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई और शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.सुशील कुमार एक्का के निर्देशानुसार सक्ति जिला में जिला स्तरीय स्वयं सेवकों का चयन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति, शासकीय वेदराम महाविद्यालय मालखरौदा और अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय नगरदा के स्वयं सेवक चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ डी पी पाटले,प्रो अजीत जॉन (एनसीसी अधिकारी), डॉ.देवेंद्र शुक्ला जवाहर लाल नेहरु महाविद्यालय सक्ति, डॉ. शकुंतला राज, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो मुन्ना लाल सीदार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम आरंभ किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। डॉ देवेंद्र शुक्ला द्वारा एनएसएस के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा की एनएसएस व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका अदा करता है सभी स्वयं सेवकों को नियमित गतिविधि, सात दिवसीय शिविर,और स्वच्छता, नशामुक्ति आदि कार्यक्रमों में सतत शामिल होना चाहिए। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। एनसीसी अधिकारी प्रो अजीत जॉन द्वारा स्वयं सेवकों को मॉक ड्रिल कराया गया और उनकी ऊंचाई मापा गया उनका शारीरिक और मानसिक फिटनेस को जांचा गया। डॉ शुक्ला द्वारा सभी छात्रों से उनकी प्रतिभा के अनुसार प्रेरणा गीत, भाषण, नृत्य आदि विषयों पर बोलने को कहा गया। डॉ शकुंतला राज द्वारा सभी छात्रों को एनएसएस में अनुशासन और समय के महत्व को समझाया गया। चयन शिविर में आए हुए छात्रों को बधाई दिए और अपना बेस्ट देने को कहा। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, डॉ कौशल्या मैत्री, प्रो मुन्ना लाल सीदार ने भी एनएसएस के महत्व और प्री आरडीसी चयन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। जिला संगठक प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनको धन्यवाद दिया।

# हफ्ते भर से लापता ग्रामीण की सड़ी गली लाश मिली

## जंगल में फंदे पर लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते करीब एक हफ्ते से लापता एक वृद्ध ग्रामीण का शव जंगल में मिला है। वृद्ध ग्रामीण की लाश सड़ी गली हालत में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी मिली है। जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भंवरखोल गांव का यह मामला सामने आया है। इस मामले में मिली जानकारी के मुताबिक रामसिंह राठिया ग्राम भंवरखोल उम्र 60 वर्ष का शव सड़ी गली अवस्था में मिला है। ग्रामीण के गुम होने के बाद बीते 26 सितंबर को लगभग 3 बजे आसपास उसके परिजन और उसके साथी रामसिंह की तलाश में मिरमिरी जंगल नामक स्थानीय जंगली इलाके की ओर गए थे। इस दौरान उन्हें राम सिंह का शव पेड़ पर लटका हुआ मिला। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। बीते 18 तारीख को रामसिंह अचानक कहीं लापता हो गया था। जिसके बाद 23 सितंबर को रामसिंह की गुम होने के संबंध में परिजनों द्वारा पुलिस को सूचित किया गया था। वहीं 26 सितंबर को ग्रामीण का शव बरामद होने पर पुलिस द्वारा जांच कर पोस्ट मार्टम कराया गया है। उसके बाद मृतक का शव परिजनों को सुपुर्द कर पुलिस ने आगे की पड़ताल शुरू कर दी है।

# आईटीसी के सनफिस्ट डार्क फैंटेसी ने बच्चों की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के लिए बिग फैंटेसीज पहल की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत का पसंदीदा कुकी ब्रांड, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी, जो रोजाना के पलों को खास अनुभवों में बदलने के लिए जाना जाता है, ने गर्व से अपनी अभिनव पहल, बिग फैंटेसीजः गिव विंग्स टू योर इमेजिनेशन की घोषणा की है। इस पहल के माध्यम से, ब्रांड का लक्ष्य कला को तकनीक के साथ मिलाकर बच्चों में रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को जागृत करना है। यह अनोखी और दूरदर्शी पहल सेंट जोसेफ स्कूल, बैंगलोर में बच्चों, उनके माता-पिता और सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में शुरू की गई। इस कार्यक्रम में बच्चे की कल्पनाशक्ति को जागृत करने के महत्व विषय पर एक विस्तृत पैनल चर्चा भी हुई, जिसमें अंतरिक्ष अन्वेषण, शिक्षा, मनोविज्ञान और रचनात्मक कला के क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल थीं। पैनल चर्चा के अतिथि वक्ताओं में सुश्री मंदिरा बेदी, प्रकाश राव (इसरो के पूर्व निदेशक), डॉ. मेघा महाजन (डीएम- निमहंस) और रेवरेंड फादर रोहन डी'अल्मेडा (प्रिंसिपल, सेंट जोसेफस्कूल) जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। पैनल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे कल्पनाशक्ति एक बच्चे के समग्र विकास का एक मूलभूत पहलू है और कैसे यह रचनात्मकता और समस्या सुलझाने के कौशल को बढ़ावा देती है, जिससे उन्हें नए विचारों को जागृत करने और चुनौतियों से निपटने में मदद मिलती है। इसरो के पूर्व निदेशक प्रकाश राव ने रचनात्मकता और तकनीक के बीच तालमेल बैठाने और भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में कल्पनाशक्ति की भूमिका के बारे में बात की। अली हैरिस शेरे, सीओओ, बिस्कुट और केक क्लस्टर, फूड्स डिवीजन, आईटीसी लिमिटेडने नई पहल के शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए कहा, आईटीसी सनफीस्ट डार्क फैंटेसी में, हमारा विश्वास हैं कि बच्चों के जीवन को सामान्य से खास बनाने के लिए रचनात्मकता और कल्पना की शक्ति महत्वपूर्ण है। 'बिग फैंटेसीज़' के माध्यम से हमें भारत में पहले कभी नहीं देखी गई तकनीक लाने पर गर्व है, जो बच्चों को खुद को व्यक्त करने और अपनी कल्पनाओं को साकार होते देखने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करती है। हम देश भर के युवाओं के मन में आश्चर्य और नवाचार की भावना पैदा करने के लिए उत्साहित हैं, जो उन्हें बड़े होने पर असीम संभावनाओं का पता लगाने के लिए प्रेरित करेगा। यह अनूठी पहल फैंटेसी स्पेसशिप के माध्यम से बच्चों में असीमित कल्पना पैदा करने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करने की आकांक्षा रखती है। यह एक विशाल इंटरैक्टिव स्क्रीन से सुसज्जित बस है जो पूरे भारत के स्कूलों में जाएगी। अत्याधुनिक तकनीक के संयोजन से संचालित, यह पहल बच्चों के हाथ से बनाए गए डिज़ाइनों को उनके मूल आकर्षण को बरकरार रखते हुए वाइब्रेंट डिजिटल रचनाओं में बदल देती है। एक बार स्कैन करने के बाद, उनकी कलाकृति डिजिटल रूप से 3ष्ठ इंटरैक्टिव कैरेक्टर में बदल बदल जाएगी, जिसे काल्पनिक अंतरिक्ष यान के अंदर बड़ी टच स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह अभियान बैंगलोर में शुरू होगा और जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर शुरू किया जाएगा।

# एनटीपीसी को टाईम वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज 2024 की सूची में शामिल किया गया

पायनियर संवाददाता < सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी को सितंबर 2024 में घोषित टाईम वर्ल्ड्स बेस्ट कंपनीज 2024 की सूची में शामिल किया गया है। यह पुरस्कार टाईम और Statista द्वारा प्रदान किया जाता है, जो दुनिया का सबसे बड़ा डेटा और कंपनियों की रैंकिंग वाला पोर्टल है। विश्व की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों की सूची बनाने के लिए, बहुत सारी कंपनियों का गहराई से अध्ययन किया गया। यह सूचीकरण कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण, राजस्व वृद्धि और पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट शासन डेटा को ध्यान में रखकर किया गया है। विश्व की अग्रणी बिजली कंपनी बनने के दृष्टिकोण के साथ, एनटीपीसी नए तरीके अपनाकर और तेज़ी से काम करके भारत को आर्थिक, योग्य और पर्यावरण के लिए सुरक्षित बिजली और अन्य ऊर्जा से जुड़ी चीज़ें दे रहा है, जिससे देश का विकास हो रहा है। एनटीपीसी अपने मूल्यों से निर्देशित है कि बिजली उत्पादन का उसका मुख्य व्यवसाय सामाजिक और पर्यावरणीय विकास के साथ अंतर्निहित रूप से जुड़ा हुआ है।

यह उपलब्धि एनटीपीसी की सफलता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने और वैश्विक क्षेत्र में एक मजबूत शक्ति के रूप में उभरने के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। यह एनटीपीसी परिवार के प्रत्येक सदस्य के समर्पण और कड़ी मेहनत का भी प्रमाण है और उत्कृष्टता की दिशा में एनटीपीसी परिवार के साझा दृष्टिकोण और अथक प्रयास का प्रतीक है। यह एनटीपीसी के पीपल बिफोर पीएलएफ (प्लांट लोड फैक्टर) दृष्टिकोण, मानव संसाधन के विकास और प्रबंधन में इसकी उत्कृष्टता, निरंतर प्रक्रिया सुधार के माध्यम से एक देखभाल करने वाला, सीखने वाला और आकर्षक कार्यस्थल बनाना, कर्मचारी कल्याण और देखभाल पर ध्यान केंद्रित करना और एक सार्थक, सहयोगी कर्मचारी अनुभव बनाना भी मान्यता है। कर्मचारियों की जरूरतों को प्राथमिकता देना और व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप लोगों के व्यवहार को रणनीतिक रूप से अपनाना है।

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी... प्रेम प्रसंग में चार ने मिलकर युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंका था

## साक्ष्य मिटाने के मामले में पिता, पुत्र एवं उनके रिश्तेदार भाई कुल 4 आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लड़की से मिलने आए युवक को घर के पास देखकर प्रेमी युवक की लोगों ने पीट पीटकर हत्या कर दी। मामले के सम्बंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 26 सितंबर की सुबह ग्राम लोटापानी के जीवन यादव अपने पुत्र बजरंग यादव उम्र 20 साल के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना कुनकुरी में आये थे, उसी दौरान करडेगा पुलिस चौकी में कुछ लोगों द्वारा एक लावारिस मोटर सायकल को चैकी में पहुंचाने की बात सामने आई। इसी दौरान ग्रामीणों से बजरंग यादव के शव को रंगाडीपा जंगल में पड़े होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर पंचनामा कार्यवाही पश्चात् शव का पी.एम. कराया गया, पी.एम. रिपोर्ट में मृतक की मृत्यू हत्या करने से होना पाये जाने पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 103(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### इस तरह घटना को दिया अंजाम

ईश्वर यादव ने बताया कि 26 सितंबर की रात 01:30 बजे इसका पुत्र संदीप यादव ने इसे फोन कर बताया कि बजरंग यादव उनके दुकान घर के खिड़की के पास खड़ा है, यह बताने पर ईष्वर यादव तुरंत टार्च पकड़कर घर से बाहर निकला और देखा कि बरजंग यादव उसके घर के बाहर खिड़की के पास खड़ा था, जिसे पकड़ने के लिये यह दौड़ाया तब बजरंग यादव उनके घर के पीछे की ओर भाग रहा था, उसी दौरान गांव से जीतिया त्यौहार मनाकर घर लौट रहे संदीप यादव व उग्रसेन यादव दोनों बजरंग यादव का पीछा करने लगे, फिर इनके पीछे-पीछे ईश्वर यादव भी बजरंग यादव का पीछा करने लगा। तीनों बजरंग यादव को ढूंढते हुये एक नाला के पास पहुंचे तो देखे कि बजरंग यादव जमीन में फिसलकर गिर गया था, तब उसे संदीप यादव और उग्रसेन यादव पकड़कर उठाये थे, इतने में ईश्वर यादव भी वहां पहुंच गया और बजरंग यादव से मेरे घर के पास आने के बारे में मारपीट कर पूछने पर वह उनके परिवार की एक लड़की से प्रेम संबंध होना व उसी से मिलने आना बताया। बजरंग यादव से ऐसी बात सुनकर वे आगबबूला हो गये एवं ईष्वर यादव ने पास रखे डंडा से बजरंग को मारा, संदीप हाथ, मुक्का से मारपीट कर रहा था तथा उग्रसेन यादव उसका हाथ को पकड़कर रखा हुआ था। संदीप यादव ने बजरंग के गला को दबाया तो वह जमीन में गिर गया, उसकी मृत्यू नहीं होने पर ईश्वर यादव ने जोर से उसका गला को दबाकर मौत के घाट उतार दिया, तत्पष्चात् उसके शव को वे तीनों पकड़कर रंगाडीपा जंगल में फेंक दिये। बजरंग यादव का मोटर सायकल जो ईश्वर यादव के आम बगीचा में लावारिस हालत में पड़ा हुआ था इस मोटर सायकल के बारे में गुमराह करने एवं साक्ष्य मिटाने के लिये इनके द्वारा एक साथी बिरजू कुमार यादव के साथ मिलकर प्रयास किया गया।

### इस तरह खुला मामला

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर प्रकरण के सभी पहलुओं को अलग-अलग एंगल से जॉच करने की निर्देष दिये गये, टीम द्वारा गुम इंसान एवं मोटर सायकल मिलने की घटना को दोनों को मिलान कर मोटर सायकल चौकी में पहुंचाने वाले संदेही आरोपी ईष्वर यादव, संदीप यादव, उग्रसेन यादव, बिरजू यादव सभी निवासी मयूरचुंदी को अभिरक्षा में लेकर उनसे मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ किया गया। पहले तो सभी संदेहियों ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास कर अपने आपको बचाने व मामले में संलिप्त नहीं होना बताते रहे, परंतु विवेचना में आये तथ्य एवं मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर ईष्वर यादव ने प्रेम प्रसंग में बजरंग यादव की हत्या करना बताया।

### इन्हें भेजा गया जेल

आरोपियों का कृत्य उक्त धारा सदर का अपराध पाये जाने पर आरोपीगण ईश्वर यादव उम्र 50 साल, संदीप यादव उम्र 23 साल, उग्रसेन यादव उम्र 34 साल एवं बिरजू कुमार यादव उम्र 40 साल सभी निवासी मयूरचुंदी को 28 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में एसडीओपी कुनकुरी विनोद मण्डावी, उप निरीक्षक सुनील सिंह, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर, उप निरीक्षक अषोक यादव, स.उ.नि. रामनाथ राम, स.उ.नि. ईश्वर वारले, उ.नि. नसरूद्दीन अंसारी, प्र.आर. 343 मोहन बंजारे, आर. मुकेश भगत, आर. राजेन्द्र राम, आर. अजय लकड़ा, आर. षिवषंकर राम, आर. अविनाष लकड़ा, आर. धीरेन्द्र मधुकर, आर. नंदलाल यादव, आर. अमित त्रिपाठी इत्यादि का सराहनीय योगदान रहा है।

# ट्रेक्टर का लोन किस्त पटाने के नाम से लाखो रूपया लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

अच्छेमति साहू निवासी मडवा थाना जांजगीर द्वारा फायनेंस सुविधा लेकर ट्रेक्टर वाहन खरीदी की गई थी। जिसको श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर शाखा से फायनेंस कराए थे। जिसका लोन की किस्त के वसुली हेतु श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर के फील्ड आफिसर राहूल यादव द्वारा किस्त के पैसे लेने प्रार्थिया के घर आया करता था। आरोपी राहूल यादव द्वारा प्रार्थिया के घर जाकर बोला कि माह फरवरी 2023 में 1,56,000/ रूपया पटा दोगे तो लोन क्लोज हो जायेगा तब आरोपी के झांसे में आकर प्रार्थिया द्वारा लोन के ब्याज में छूट मिलेगा और लोन क्लोज हो जायेगा सोचकर 04.02.23 को आरोपी राहूल यादव को 90,000/रु दी थी। कुछ दिन बाद आरोपी राहूल यादव उसके घर आया और कम्पनी का क्लोज रिपोर्ट दिखाया और बोला कि आपके नाम से 1,58,000/ रूपया पटा दिया हूं और शेष रकम मुझे 20 फरवरी 2023 के पहले पटा देना तब यह दो-दो हजार के तीन किस्त में 6000/ रूपया तथा 14.02.2023 को 57,000/ रूपया 17.02.2023 को 3000 रूपया लोन का रकम आरोपी राहूल यादव को दिया था जिस पर रकम पूरा देने के बाद आरोपी द्वारा पावती और लोन क्लोजर लेटर 06.02.2023 का दिया और बोला कि लोन क्लोज हो गया है कंपनी का एनओ.सी. 01 माह में डाक के माध्यम से आयेगा। 13.05.2023 को श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर के द्वारा एक पत्र मिला जिसमें अच्छेमति साहू के लोन खाते में 33,500/ रूपये ही जमा होना तथा शेष 78,252/- बकाया होना लिखा था। तब प्रार्थिया लोग आरोपी राहुल यादव को फोन किया तो उसने फोन नहीं उठाया तो श्रीराम फायनेंस लिमिटेड जांजगीर शाखा में जाकर पता किया तो आरोपी राहुल यादव द्वारा लोन खाते पर 33,500/ रूपया ही जमा किया है जिसका 78,525/रु शेष बचा हुआ है। आरोपी राहुल यादव वर्तमान में श्रीराम फायनेंस में काम नहीं कर रहा है लोन किस्त बचे को पटाना होगा तब प्रार्थिया को अहसास हुआ कि आरोपी राहूल यादव के द्वारा झांसे में लेकर इससे लोन का रकम लेकर बैंक में जमा न कर स्वंय लेकर तथा फर्जी लोन क्लोजर रिपोर्ट श्री राम फायनेंस का सील लगा हुआ बनाकर धोखाधडी किया है। आरोपी को घटना के संबंध में पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया जो प्रार्थिया अच्छेमति साहू के नाम से लोन का किस्त रकम को लेना तथा लोन के रकम में 33,000/ रूपये को कम्पनी में जमा किया गया तथा बाकी बचे रकम को अपने उपयोग में खर्च कर लिया हूं और फर्जी क्लोजर रिपोर्ट देना अपना जुर्म स्वीकार किये जाने से आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# अपने गलत मान्यताओं को बदलें तभी संसार होंगे सुखी : ऋषभ सागर



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

सहजानंदी चातुर्मास में प्रवचन श्रृंखला के अन्तर्गत महावीर भवन में विराजित परम पूज्य ऋषभ सागर जी ने बताया कि हमारे जीवन में हम देखते हैं कि हमारे पास सब कुछ है फिर भी ऐसा महसूस होता है कि कुछ नहीं है। सब होने पर भी दुखी जीवन जीते हैं। शिकायत वाला जीवन जीते हैं। हर व्यक्ति के अंदर कुछ ना कुछ उलझन, दिक्कत चल रही है। हम हम एक दूसरे को समझ नहीं पा रहे हैं। इसलिए आनंद से जी नहीं पा रहे हैं। हमें यह सोचना चाहिए अगर कोई जैसा भी व्यवहार कर रहा है तो वह क्यों ऐसा कर रहा है। किसी भी तरह का व्यवहार का कारण उसके भीतर के विचार और अनुभव है और यह अनुभव, घटना से आते हैं। जब भी हम किसी घटना से जुड़ते हैं तो हम सुखी या दुखी होते हैं और जब हम सुखी होते हैं हमारे भीतर एक धारणा बैठ जाती है कि यही सुख है और किसी से दुख मिले तो पता चलता है कि उससे दुख है। जब-जब वह स्थिति सामने आती है तो वह दिमाग में बैठ जाता है। बच्चा आसपास की घटनाओं से प्रतिक्रिया ग्रहण करता है। इस तरह से उसकी धारणा और अनुभव बढ़ते हैं और चाह कर भी वह अपने व्यवहार को बदल नहीं पाते क्योंकि उसकी धारणा उसके व्यवहार को बदलने नहीं देती। आपके आसपास तो ऐसे भी होंगे जिनमें कई लोगों को तो झूठ बोलना भी अच्छा लगता है और उसे अपने व्यवहार में मिला लेते हैं। उससे उन्हें सुख मिलते हैं।उन्होंने कहा आप अपनी सोच बदले अपने आप आपका व्यवहार बदल जाएगा। धारणा बदलने से व्यवहार बदलता है। जैसे एक लड़की का शादी के बाद व्यवहार बदलता है। एक बार जो चीज घर कर जाती है उसे बदलना मुश्किल तो होता है।

### श्रद्धा अगर बदले तो आचरण अपने आप बदलेगा

उन्होंने प्रवचन के दौरान कहा कि जैसे-जैसे हमारे भीतर मान्यताएं बैठते जाती है हम वैसा व्यवहार करते हैं। पर हम सामने वाले का व्यवहार बदलने की कोशिश करते हैं। लेकिन उसकी धारणा बदलना जरूरी है। उन्होंने कई बेहतर उदाहरण के जरिए धारणा और व्यवहार के बारे में बताया। एक उदाहरण में उन्होंने कहा कि लोग सोचते हैं कि कोई बीमार हो तो उसका ज्यादा ध्यान रखा जाता है। स्वस्थ हो तो ध्यान नहीं रखा जाता। यह भी एक गलत धारणा लोगों के बीच है। ऐसे में फिर बार-बार बीमार भी पड़ते हैं। लोग दूसरों का ध्यान आकर्षित करने के लिए काम करते हैं। दूसरों का अटेंशन पाने से लोगों को खुशी मिलती है। यह चीज जब इतनी ज्यादा बढ़ जाती है तो आप बदलना भी चाहे तो नहीं बदल पाते। हम आचरण को बदलने की कोशिश करते हैं लेकिन जो चीज मान्यता में आ जाती है तो वह बदल नहीं पाती। हमारी सोच हमारी आस्था ही हमें प्रेरित करती है कि दूसरे हमारे प्रति कैसा व्यवहार करें। हमारे अंदर जो भावना होती है उसी की तरह हमें परिस्थितियां मिलती है। लेकिन हमने हमेशा आचरण की निंदा की हमने सोच के निंदा नहीं की। हमने आचरण को बदलना चाहा लेकिन श्रद्धा को बदलना नहीं चाहा। लेकिन श्रद्धा अगर बदले तो आचरण अपने आप बदलेगा। जिसके भीतर यह मान्यता बैठ गई कि मुझे तो कोई समझता नहीं है तो फिर उसे बदलना और मुश्किल हो जाता है। इसलिए हमें यह देखना चाहिए कि हमारे आसपास जो भी है उनके अतीत क्या है तो वर्तमान को समझ सकते हैं। लोगों को मन में गलत गलत श्रद्धा बैठ गई है। हम जिसको जैसा मान लेते हैं हमें उसमें वही नजर आता है। अगर किसी के बारे में हम बुरा सोच लेते तो हम उसमें बुराई ही देखते हैं। अच्छा सोचेंगे तो अच्छा दिखाई देगा। उन्होंने मां बेटी के उदाहरण के जरिए बखूबी समझाया की कैसे बच्चों में भी भेदभाव हो जाता है। सम्यक दर्शन का मतलब सही मान्यता है।अब हमें क्या करना है यह सोचने वाली बात है। लोगों को दुख मिलता नहीं लोग दुख खरीद रहे हैं। पर उन्हें पता नहीं है। हमें बच्चों को लेकर प्रयास करना चाहिए कि उनकी सोच कैसे बदले। उन्हें साबित करना है कि संसार में अगर कोई सबसे ज्यादा चाहता है तो उनके माता-पिता ही हैं। आपको जो परिवार मिला है आपने चुना। उन्होंने जीवन में सुखी रहने के उपाय सुझाए ताकि हमें अपने श्रद्धाओं को सही करना होगा। जो भी हम कर रहे हैं वह श्रद्धा विश्वास से आ रहा है। धारणा बदलना है। हम प्रवचन तो सुन लेते हैं लेकिन अपने धारणा और विश्वास बदलने के लिए कुछ नहीं करते। अपने आप से पूछे कि मैं ऐसा कर क्यों रहा हूं..? निश्चिंत रहिए परेशानी आती जाती रहती है। तो वह कोई परेशानी नहीं लगेगी। अपना नजरिया बदल कर देखिए नजारे बदल जाएंगे। उन्होंने यह उपाय बताएं कि जब भी किसी से शिकायत करनी हो तो यह सोच लेना है कि उसने मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया। अपने आप को समय दीजिए। आप स्वयं में ही उलझे हैं। पूरे परिवार को कभी खुश नहीं कर पाते। कभी-कभी सामने वाले की इच्छा के अनुरूप भी व्यवहार करें।

### श्रद्धा से हटकर देखना आसान काम नही

उन्होंने कहा कि एक बार अपने आसपास के लोगों को देखकर समझें कि ऐसा व्यक्ति क्यों कर रहा है फिर आपको खुशियां मिलने शुरू होगी। हम अपने धारणा मान्यता पर काम नहीं कर पा रहे हैं। खुद को बदलने की शुरुआत बचपन के बारे में सोच कर करें।हमें अपने श्रद्धा, धारणा को धीरे-धीरे बदलना है। विचार करते हुए शुरुआत पहले अपना बचपन देखें। उसके बारे में निष्पक्ष सोचिए। अपनी श्रद्धा से हटकर देखना आसान काम नहीं है। आपके संपर्क में जो लोग आए हैं आपकी सोच के हिसाब से आया है या नहीं, मेरी श्रद्धा अवधारणा के हिसाब से मुझे वातावरण मिल रहा है कि नहीं..? तो समझ में आएगा कि आपके साथ बुरा व्यवहार क्यों हो रहा है। आपकी सोच के कारण यह सब हो रहा है। जिसके प्रति गलत सोच आएगी हम या वह हमसे दूर होते जाएंगे और यही वजह है कि हम जीवन में अच्छे लोगों से दूर रहते हैं। अपने धारणा पर अब दृष्टि डालने की कोशिश करिए सब बदल जाएगा। प्रवचन प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 9.30 बजे तक जारी है।

# अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले आरोपीयो पर आबकारी विभाग सक्ती



पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष मार्गदर्शन में जिला-सक्ती में आबकारी विभाग की अवैध शराब धारण कर विक्रय करने वाले व्यक्तियों पर दबिश की कार्यवाही की गई। इस तारतम्य में वृत्त सक्ती के ग्राम भुरसाडीह में रामू बसोड़ पिता कन्हैया के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी में मकान के कमरे से 05 ली वाली प्लास्टिक जरिकेन व प्लास्टिक पन्नियों में भरी 6.2 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। इसी तरह ग्राम किरारी में तरुण यादव पिता टेकलाल के रहवासी मकान की विधिवत तलाशी में एक प्लास्टिक पन्नी में भरी 06 ली महुआ शराब बरामद होने से 34(2) आब अधि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया, उक्त कार्यवाही में वृत्त सक्ती प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार, आब. उप निरी. घनश्याम प्रधान, आब. आर रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत, आबकारी स्टाफ परसराम कहरा, बसंती चौधरी व वाहन चालक कमलेश यादव का योगदान रहा।

# ना नियम ना योग्यता 6 से 10 लाख की बोली में प्रबंधक पद सेट करने की तैयारी







पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

तेंदुपत्ता संग्रहण समिति प्रबंधक भर्ती में जिम्मेदार नियम और योग्यता को अनदेखा करते पैसे से सेट हुए अभ्यर्थियों को प्रबंधक पद पर पदस्थ करवाने में जुटे हुए है बकायदा भर्ती प्रक्रिया में शामिल कई अभ्यर्थी के पैसे भी विभाग के लोगो के पास होने की बात कही जा रही है। बताया जाता है कि प्रबंधक पद के लिए 6 लाख से 10 लाख के बीच तय किया जा रहा है। मतलब ज़िम्मेदार योग्यता संघर्ष और काबिलियत को दरकिनार करते इस पोस्ट को बेचकर अपनी अपनी जेब भरने के फिराक में होने की बात कही जा रही है जिसे लेकर पायनियर जिला ब्यूरो की वार्तालाप में नाम नही छापने की एवज में भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थी ने बताया की हर अभियार्थी अपने अपने जुगाड अनुसार जिम्मेदारों के पास पैसा पहुंचा रहें हैं मेरे द्वारा विभाग के एक कर्मचारी के समक्ष बड़ी रकम छोड़ा है इसके अलावा अन्य अभ्यर्थियों के पालकों ने तो दस दस लाख खर्च होने की बात कह रहे हैं तब कही जाकर प्राथमिकता देने का आरोप लगाया जा रहा है शायद यही वजह है कि मनमानी ढंग से अपात्र अभ्यर्थियों को भी पात्रता की सूची में शामिल किया गया है ताकि बोली और अधिक लगाया जा सके ऐसे में निष्पक्ष प्रबंधक पद नियुक्ति की कल्पना किया जा सकता है उल्लेखनीय हो की जिला अंतर्गत लाटापारा समिति सहित 6 समिति प्रबंधक के लिए वेकेंसी निकाला गया और भर्ती प्रक्रिया शुरु करते अपात्र पात्र की सूची जारी कर दिया लेकिन विभागीय जिम्मेदार बिना सद्स्य बिना तेंदूपत्ता बेचे बिना एपीएल राशनकार्डधारी शिक्षक के पुत्र तेंदूपत्ता प्रबंधक की बेटी नगर सैनिक जैसे को पात्रता सूची में शामिल करते प्रथम से सातवा स्थान का जगह दिया गया है जिसकी वन विभाग के गलियारों में काफी ज्यादा सुनने को मिल रहा है।

### प्रचार प्रसार की कमी और नियमों के असमंजस

तेंदुपत्ता समिति प्रबंधक पद की भर्ती के लिए व्यापक प्रचार प्रसार करने के साफ आदेश देते कहा है की डोंडी पिटवाकर मुनादी करवाकर संस्था समिति जनपद ग्राम पंचायत सहकारिता विभाग सहित अन्य स्थान के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने का उल्लेख है लेकिन नियम अनुसार प्रचार प्रसार बिल्कुल भी नही हो पाया इसके अलावा वेकेंसी के दौरान कंप्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य बताया है लेकिन अब कंप्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित करने के लिए कागजी कार्रवाई हुई है शायद यही वजह है कि अभ्यर्थी असमंजस की स्थिति पर होते सेट किए अभ्यर्थियों को तेंदुपत्ता समिति प्रबंधक पद पर नियुक्ति करवाने के लिए मनमानी नियम बनाने का भी आरोप लगाया जा रहा है।

### वन मंत्री सचिव कलेक्टर से शिकायत की तैयारी

पढ़े लिखे बेरोजगार इसी उम्मीद से तैयारी में जुटे होते हैं की आज नही तो कल काबिलियत को देखते प्रबंधक जैसे पदो पर चयन होगा लेकिन प्रबंधक भर्ती प्रक्रिया को देख संघर्षशील अभ्यार्थी हिम्मत हार रहें, क्योंकि नियम को ताक पर रखकर पैसा को प्राथमिकता देते प्रबंधक की भर्ती प्रक्रिया की कवायद को अंजाम देकर होनहार संघर्षशील अभ्यर्थियों में काफी ज्यादा नाराजगी देखने को मिल रहा है। बकायदा वन मंत्री सचिव कलेक्टर से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराने की मांग करने की बात कही जा रही है ताकि निष्पक्ष तरीके से प्रबंधक नियुक्ति किया जा सके अन्यथा पैसा की लालसा में काबिलियत की बलि चढ़ने से कोई नही रोक सकता।

# विद्यार्थी अपने माता-पिता का करें नाम रोशन : रामविचार नेताम



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें विधायक रामविचार नेताम शामिल हुए। जहां उन्होंने माँ सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नेताम ने शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकल योजना के तहत कुल 85 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। नेताम ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी बच्चे मेहनत और परिश्रम कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। उन्होंने मिनी मैदान के समतलीकरण, खेल मैदान बनाने,स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजगंज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, स्कूल में शेड निर्माण तथा शासकीय हाई स्कूल कनकपुर में साइकिल स्टैंड एवं अहाता निर्माण की घोषणा की। घोषणा के क्रियान्वयन के लिए उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व देवेन्द्र प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.डी.एन.मिश्रा, जयप्रकाश गुप्ता शैलेश गुप्ता राजनाथ विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# ईट एवं पत्थर से मारने वाहन को क्षति पहुचाने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

## प्रकरण में अब तक 08 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ईट एवं पत्थर से मारने वाहन को क्षति पहुचाने के मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 16.09.2024 को हर्षित सलूजा उम्र 22 साल निवासी वार्ड नंबर 08 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने साथियों के साथ अपनी गाडी में जा रहा था तो जय स्तम्भ चौक बेमेतरा पर सूर्या चौहान एवं उसके साथियों ने हम लोगों को रोककर गाडी पर इंट पत्थर से मारने लगे, हम लोगों ने गाडी बैक कर भागकर अपनी जान बचाई, प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 191(2),126(2), 324(4),109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना आरोपियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की पतातलाश के दौरान विगत दिनों में 07 आरोपियों गजेन्द्र निषाद, विमल कुमार टण्डन, निलेश साहू, पार्थ मानिकपुरी, शुभम सोनी, रूपेन्द्र चौहान, पुरेन्द्र साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी के दौरान आरोपी गोविन्द वर्मा पिता फगुआराम वर्मा उम्र 31 साल साकिन सांकरा थाना धरसीवा जिला रायपुर के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 27.09.2024 को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया तथा प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पतासाजी जारी हैं। उक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि संतोष ध्रुर्वे, सउनि मोहन लाल साहू, सउनि उदलराम तांडेकर, सउनि जितेन्द्र कश्यप व गठित विशेष टीम के अन्य स्टाफ का अहम भुमिका रही।

# 4 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम के सारे अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अपनी 4 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम रायपुर के सारे अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर थे। नगर निगम के वाइट हाऊस के सामने गार्डन में धरना देकर वाइट हाउस से इंडोर स्टेडियम तक रैली भी निकाली गई जिसमें निगम कर्मचारियों अधिकारियों को अपार जन समर्थन मिला। कर्मचारिहित में संघ की मुख्य मांगे नगरीय निकायों में प्रत्येक माह 1 तारीख को वेतन भुगतान ट्रेजरी के माध्यम से सुनिश्चित हो। नगरीय निकायों में अन्य विभाग की भांति ओल्ड पेंशन योजना शीघ्र ही लागू किया जावे एवं सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आदेश, निर्देश जिस तिथि से जारी हो उस तिथि से आदेश निर्देश समस्त नगरीय निकायों में पूर्णतः लागू हो। नगरीय निकायों में मृतक कर्मचारी के परिवारों को शीघ्र ही संभाग स्तर में रिक्त पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान जावे। नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 6वें व 7वें वेतमान की एरियर्स की राशि का भुगतान।

# उद्यानिकी महाविद्यालय सांकरा के एमएससी एवं पीएचडी के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सांकरा के पीएचडी एवं एमएससी हॉर्टिकल्चर, सब्जी विभाग के छात्रों द्वारा वीएनआर सीट्स प्राइवेट लिमिटेड धमधा रोड, अहिवारा एवं चावड़ा बाग रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण 26 सितंबर 2024 को किया गया। जिसमे सब्जी प्रसंस्करण इकाई में कार्य कर रहे रवींद्र यादव ने बताया कि कैसे सब्जियों के बीजों को ग्रेडिंग करना उनका बीज शोधन, पैकिंग और इन क्रियाकलापों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों की विस्तृत जानकारी और बीज को लंबे समय तक कोल्ड स्टोरेज में संरक्षित रूप में भंडारण और समय-समय पर मांग के अनुसार इन बीजों का विपणन और इनसे प्राप्त लाभ की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और वही बीज गुणवत्ता प्रयोगशाला इकाई में कार्यरत संतोष जी ने बीच के गुणवत्ता संबंधी जांच जैसे बीजों की अंकुरण क्षमता, बीज शक्ति, शुद्धता परीक्षण की विस्तृत जानकारी दी। जिससे बीजों की गुणवत्ता का आसानी पूर्वक जांच छात्रों द्वारा किया जा सकेगा। अंत में चावड़ा बाग रायपुर में भ्रमण किया गया जिसमे वेजिटेबल ग्राफ्टिंग की सही प्रक्रिया सिखाई गई। जो की नवीनतम तकनीकों के दौर पर एक अच्छे आय के स्रोत के रूप में उभर रहा है। यह तकनीक विपरीत परिस्थिति या वातावरण में भी अच्छा उत्पादन देने की क्षमता रखती है। इस पद्धति को भविष्य में छात्र अपने स्वयं के व्यापार द्वारा लाभ अर्जित करने में सक्षम हो सकते है। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के अध्ययन में गुणवत्ता लाना, नई तकनीक को देखकर समझना और भविष्य में आजीविका के रूप में उपयोग कर सकते है। शैक्षणिक भ्रमण अधिष्ठाता डॉक्टर अमित दीक्षित के मार्गदर्शन में हुआ एवं सफलतापूर्वक भ्रमण कराने में सहायक प्राध्यापक डॉ अनीता केरकेट्टा एवं डॉ श्रेया पैकरा की विशेष योगदान रहा शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में उत्साह एवं खुशी का माहौल है और इस प्रकार की भ्रमण कराने के लिए सभी बच्चों ने महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. अमित दीक्षित को धन्यवाद प्रेषित किया है।

# सेजेस राठी में स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर मानक लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न




पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में गठित मानक क्लब के तत्वावधान में 'स्वच्छता पखवाड़ा' के अवसर पर व्यक्तिगत स्वच्छता और साफ-सफाई से संबंधित उत्पाद के मानक विषय पर मानक लेखन और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानक क्लब के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा दैनिक जीवनोपयोगी उत्पाद जैसे टूथपेस्ट, शैंपू, साबुन, डिटर्जेंट, नेल कटर, फेस वाश, हैंड वाश इत्यादि के मानक के मापदंडों को जाना व लेखन एवं चित्रकारी के माध्यम से प्रस्तुत किया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से आम जनता को दैनिक जीवन में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों के मानकों के विषय मे जागरूक करना है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। बीआईएस वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास और उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिए जिम्मेदार है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुदेश चटर्जी और मानक क्लब की मार्गदर्शिका स्मृति अग्रवाल एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पितृ पक्ष के पावन अवसर पर दो दिवसीय पुरखा के सुरता मानस तिहार शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत वासी भिंभौरी द्वारा आयोजित पितृ पक्ष के पावन अवसर पर दो दिवसीय पुरखा के सुरता मानस तिहार का शुभारम्भ पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि 70 लोक कलाकारों के स्मृति में यह कार्यक्रम निरंतर 3 वर्षों से लगातार हो रहा है जिसमें भिंभौरी के सभी नागरिक एवं स्मृति कलाकारों के परिवार जनों के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम रहे या ना रहे यह कार्यक्रम बिल्कुल चला रहे यही कामना करता हूं। रामचरितमानस संघ के संरक्षक डॉ रीझन सिंह सेन ने कहा हमें जितने भी स्मृति लोक कलाकार इस लोक से गए हैं उनको हमें कभी भूलना नहीं है कार्यक्रम संचालक विनोद साहू की विशेष कृपा से कार्यक्रम आयोजित हुआ है। व बेमेतरा तहसील अध्यक्ष देवराम साहू पार्षद, विनोद साहू,डॉ उत्तम देवांगन, मोहन वैष्णव एवं हरिश्चंद्र वर्मा ने भी अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर कुंजीलाल साहू, अमर साहू, ग्राम सभा अध्यक्ष विक्रम सिंह वर्मा, हरिश्चंद्र वर्मा, लखनलाल साहू, यूके देवांगन, गणेश पाटिल, के साहू शिक्षक, पं. सरजू प्रसाद तिवारी, पं. सत्यनारायण तिवारी, उत्तम साहू, पंचराम यादव एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उद्बोधन एवं आशीर्वचन के माध्यम से आगामी वर्ष के पुरखा के सुरता मानस तिहार की मंगल कामनाएं संप्रेषित की। कार्यक्रम प्रारंभ श्री कृष्णा मानस मंडली आनंद गांव द्वारा हनुमान चालीसा के पाठ से प्रारंभ हुआ श्री कृष्णा मानस मंडली बावनलाख, श्रद्धा सुमन मानस मंडली हथबंध, श्री राम मानस मंडली पापरा बालोद, समर्पण ज्ञान गंगा मानस मंडली रिसामा उतई, श्रद्धा सुमन मानस मंडली पिरदा, जय गंगा मां मानस मंडली नेवनारा, जय मां अनुसूया महिला मानस मंडली गुजरा धमतरी, श्री कृष्णा मानस मंडली चैनगंज बालोद, एवं श्री राम लाल मानस मंडली गुंडरदेही बालोद ने रामचरितमानस की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम संचालन एवं आभार विनोद साहू द्वारा किया गया।


# मलाबार ग्रुप ने 21,000 छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की, महिला सशक्तिकरण के लिए अपनी दृष्टि को और सुदृढ़ किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स की पैरेंट कंपनी और देश के अग्रणी कारोबारी समूह मलाबार ग्रुप ने बीकेसी, मुंबई के भारत डायमंड बोर्स में आयोजित एक कार्यक्रम में साल 2024 के नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम की घोषणा की। यह घोषणा समूह की प्रमुख सीएसआर पहल मलाबार नेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए अहम मील का पत्थर है, जो लड़कियों की शिक्षा को सपोर्ट करने को लेकर समूह की प्रतिबद्धता को दिखाता है. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद, मलाबार ग्रुप के एमडी (इंडिया ऑपरेशन्स) अशेर ओ, मलाबार ग्रुप के वाइस चेयरमैन अब्दुल सलाम के पी भी उपस्थित थे। इस छात्रवृत्ति कार्यक्रम (स्कॉलरशिप प्रोग्राम) के तहत इस साल भारत की 21,000 छात्राओं की शिक्षा को सपोर्ट करने के लिए 16 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस पहल को लेकर मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, शिक्षा दुनिया को बदलने का सबसे ताकतवर साधन है। हमारा छात्रवृत्ति कार्यक्रम मलाबार ग्रुप की उस गहरी मान्यता को सीधे तौर पर दिखाती है कि शिक्षा अवसरों के द्वार खोल देती है और लोगों के जीवन को बदल देती है। हम युवतियों के लिए बाधाओं को खत्म करने को लेकर प्रतिबद्ध हैं ताकि वे अपनी शैक्षणिक आकांक्षाओं को पूरा कर पाएं और समाज के लिए सार्थक योगदान कर पाएं। अपनी शुरुआत के समय से ही मलाबार ग्रुप ने सामाजिक कल्याण से जुड़ी अपनी गतिविधियों के जरिए समावेशी वृद्धि (ग्रोथ) को लेकर अपनी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाया है। साल 1999 में इन प्रयासों की रूपरेखा तैयार करने और इसके विस्तार के लिए मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट (एमसीटी) का गठन किया गया था। समूह अपने लाभ का पांच प्रतिशत सीएसआर पहलों पर खर्च करता है। ये खर्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरणीय स्थिरता और गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में किए जाते हैं, जिसमें सबसे ज्यादा ध्यान उन समुदायों को सशक्त बनाने के लिए किया जाता है जो हाशिए पर हैं।

# सैमसंग इंडिया ने दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स- गैलेक्सी टैब एस10+ और टैब एस10 अल्ट्रा लॉन्च किए




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने गैलेक्सी टैब एस10+ और टैब एस10 अल्ट्रा लॉन्च किया। ये दोनों टैबलेट्स अपने अत्याधुनिक एआई फीचर्स के साथ टैबलेट के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। दुनिया के पहले एआई-पावर्ड टैबलेट्स, गैलेक्सी टैब एस10+ और एस10 अल्ट्रा में कई नए इनोवेशन हैं। इनमें शानदार परफॉर्मेंस, बेहतर क्रिएटिव टूल्स, और उत्पादकता और रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए खासतौर पर डिजाइन किए गए गैलेक्सी एआई फीचर्स शामिल हैं। चाहे आप एक प्रोफेशनल हों जो अपनी उत्पादकता बढ़ाना चाहते हैं, या एक क्रिएटर जो अपने काम को और बेहतर बनाना चाहते हैं, ये दोनों टैबलेट्स आपकी उम्मीदों से कहीं ज्यादा देने के लिए तैयार हैं। गैलेक्सी टैब एस10+ और एस10 अल्ट्रा दोनों में बेहतरीन डायनैमिक एमोलेड 2-डिस्प्ले दिया गया है, जो शानदार विजुअल्स और मनोरंजन का अनुभव प्रदान करता है। इनके साथ एंटी-रिफ्लेक्टिव कोटिंग भी है, जिससे तेज रोशनी में भी देखने का अनुभव शानदार रहता है। गैलेक्सी टैब एस10 अल्ट्रा में 14.6 इंच का बड़ा डिस्प्ले है, जो इसे खास बनाता है, और इसके साथ ही डुअल 12-मेगापिक्सल सेल्फी कैमरा और डुअल रियर कैमरा (13एमपी मुख्य और 8एमपी अल्ट्रावाइड) इसे फोटोग्राफी और वीडियो कॉल्स के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनाते हैं। गैलेक्सी टैब एस10 अल्ट्रा और एस10+ में जबरदस्त परफॉर्मेंस के लिए एआई प्रोसेसिंग का इस्तेमाल किया गया है। गैलेक्सी टैब स10 अल्ट्रा अपने पुराने मॉडल एस9 अल्ट्रा की तुलना में सीपीयू में 18%, जीपीयू में 28%, और एनपीयू में 14% सुधार के साथ आता है।

# अमेजन फ्रेश के फेस्टिव सुपर वैल्यू डेज के साथ त्योहारों की उमंग का जश्न मनाएं, 1 से 7 अक्टूबर तक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

अक्टूबर माह के आगमन के साथ जब त्योहारों की खुशियां दस्तक दे रही हैं, यह आगामी उत्सवों की तैयारियां शुरू करने का सही समय है। अमेजन फ्रेश के सुपर वैल्यू डेज, 1 से 7 अक्टूबर 2024 तक, आपको अपने मेहमानों को स्वादिष्ट भोजन से प्रभावित करने के लिए हर जरूरत की चीज़ें प्रदान करते हैं। ग्राहक ताजे फल और सब्जियों, स्नैक्स, पेय पदार्थों और दैनिक आवश्यकताओं सहित विभिन्न उत्पादों पर 50% तक की बड़ी बचत का आनंद ले सकते हैं। दुर्गा पूजा, दशहरा, दीवाली और अन्य त्योहारों के साथ त्योहारों की धूमधाम के बीच, ग्राहक अपने पेंट्री को अच्छी तरह से भरने के लिए आशिर्वाद, टाटा सम्पन्न, पार्ले, बिकाजी, पीएंडजी, मैरिको, सेंसोडाइन, निविया, हिमालया और डव जैसे ब्रांड्स पर भरोसा कर सकते हैं, वह भी अपने पसंदीदा समय पर स्लॉटेड डोरस्टेप डिलीवरी की सुविधा के साथ। चाहे आप अमेजन फ्रेश के मौजूदा ग्राहक हों या नए ग्राहक, बेहतरीन डील्स और वैल्यू ऑफर्स के साथ हर कोई आगामी त्योहारों का जश्न बड़ी बचत के साथ मना सकता है। प्राइम के नियमित ग्राहकों को 50% तक की छूट के साथ 400 का फ्लैट कैशबैक मिलेगा, साथ ही वीकेंड पर फलों और सब्जियों पर 50 का अतिरिक्त कैशबैक और मुफ्त डिलीवरी का लाभ मिलेगा। नए प्राइम ग्राहक 50% तक की छूट, 200 का फ्लैट कैशबैक और वीकेंड पर फलों और सब्जियों पर 50 का कैशबैक, वह भी मुफ्त डिलीवरी के साथ प्राप्त कर सकते हैं। नए ग्राहकों को 50% तक की छूट के साथ अपनी खरीदारी पर 100 का फ्लैट कैशबैक और फलों और सब्जियों पर 50 का अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा, जो इस फेस्टिव सीजन को अमेजन फ्रेश से शॉपिंग शुरू करने का सही समय बनाता है।

# एमवे इंडिया ने सेहतमंद भारत के लिए राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सभी के लिए पौष्टिक आहार कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

एक सेहतमंद राष्ट्र के लिए नागरिकों के जीवन को बदलने में मदद करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, स्वास्थ्य और कल्याण आवश्यकताओं का समर्थन करने वाली एक अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने पूरे देश में लक्षित उपायों के साथ राष्ट्रीय पोषण माह मनाया। इस वर्ष के विषय सभी के लिए पौष्टिक आहार के साथ संरेखित, इस पहल ने दैनिक पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने वाले आहार के महत्व के बारे में समझ बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। इन उपायों ने स्वस्थ जीवन को प्राथमिकता देकर एक सेहतमंद भारत के निर्माण के कंपनी के दृष्टिकोण को मजबूत किया। संतुलित आहार, दिन की सही शुरुआत के लिए सुबह का पौष्टिक आहार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों द्वारा समर्थित आवश्यकता-आधारित पोषण संबंधी सिफारिशें और खाना पकाने की स्वस्थ युक्तियों को बढ़ावा देकर, महीने भर चलने वाली इस पहल का उद्देश्य वितरकों को ज्ञान और जरूरी उपकरणों से लैस करना था ताकि वे खुद और अपने ग्राहकों को सूचित आहार विकल्प बनाने और स्थायी, स्वास्थ्यवर्धक आदतें बनाने में मदद कर सकें।

# मोटोरोला के सबसे ज़्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन आज से फ्लिपकार्ट पर द बिग बिलियन डेज सेल 2024 में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मोबाइल तकनीक और नवाचार में अग्रणी, मोटोरोला ने हाल ही में फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोनों पर त्यौहारी छूट की घोषणा की है और नए रंगों के वेरिएंट पेश किए हैं। मोटोरोला ने अपने Hello Colours, Hello AI अभियान के तहत इन नए रंगों को पेश किया है, जिसमें इसके प्रीमियम, स्टाइलिश और जीवंत स्मार्टफोनों के अद्वितीय डिज़ाइन और रंग शामिल है। नए रंगों के वेरिएंट मोटोरोला edgez® Pro, मोटोरोला edge50 Fusion, मोटोरोला edgez Neo, moto g85 5जी और moto g64 5जी के लिए है, और Flipkart.com पर बिक्री के लिए उपलब्ध होंगें। ये उत्पाद 26 सितंबर से प्रारंभिक ग्राहकों के लिए और 27 सितंबर से द बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान सभी ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होंगे।

CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye
कॉर्पोरेट और पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नं. 801, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कलिना, सांताक्रूज (पूर्व), मुंबई – 400098, सीआईएन नं. U65922MH2016PLC273826

कब्जा नोटिस
(सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के अनुसार)
ऋण खाता सं. RPRMU18001791

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत प्रभास दीवान उधारकर्ता के रूप में और विभास दीवान सह–उधारकर्ता के रूप में, को एक मांग सूचना दिनांक 17-11-2023 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. 11,46,873/- (रु. ग्यारह लाख छियालीस हजार आठ सौ तिहत्तर मात्र) और साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज, पीनल ब्याज, प्रभार, लागत इत्यादि सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक 27.09.2024 को लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, के प्रभार वास्ते रु. 11,46,873/- (रु. ग्यारह लाख छियालीस हजार आठ सौ तिहत्तर मात्र) और साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज, पीनल ब्याज, प्रभार, लागत इत्यादि सहित के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण
अधिकारों में, अचल संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि मौजा– तुमगांव, खाता सं. 933, खं. सं. का 1662/5–6 हिस्सा, पी एच नं. 136, आर.एन.एम.– महासमुंद, जिला– महासमुंद– 493445, छत्तीसगढ़ चौहद्दीः पूरब में – खुली जमीन फिर सड़क, पश्चिम में – प्लॉट नं. 186, दक्षिण में – प्लॉट नं. 182, उत्तर में – सड़क
दिनांकः 29.09.2024, स्थानः महासमुंद
प्राधिकृत अधिकारी, सेंट्रम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

# अधूरा अमृत मिशन प्रोजेक्ट हैंडओवर... तत्कालीन अभियंताओं की प्लानिंग और ठेकेदार कंपनी के काम पर खड़े हो रहे सवाल, केंद्रीय मंत्री ने कहा- जो किया जाना चाहिए वो होगा

## पाइप लाइन की जरुरी जानकारी अभियंताओं के पास भी नहीं, मेंटनेंस में निगम के पसीने छूट रहे

■ कई हिस्सों में नहीं बिछाइ गइ लाइन तो पाइप का क्या हुआ.. जांच की जरुरत

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

निगम को हैंडओवर किए जा चुके 230 करोड़ का अमृत मिशन प्रोजेक्ट अधूरा है। शनिवार को राजनांदगांव दौरे पर रहे केंद्रीय जल शक्ती मंत्री सीआर पाटिल ने भी इस पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि, अभी 4 महीने हुए हैं। प्रोजेक्ट को लेकर किया जो किया जाना चाहिए वो किया जाएगा।

नगर निगम में ठेकेदार कंपनी ने सालों काम करने के बावजूद कई इलाकों में पाइप लाइन नहीं बिछाई है। यह बड़ी बात है कि निगम ने इसे हरी झंडी देते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी को उसकी जिम्मेदारी से बरी कर दिया। भारी भरकम राशि खर्च होने के बाद अब आए दिन शहर के कुछ हिस्सों में जल आपूर्ति को लेकर बखेड़ा खड़ा हो रहा है। सवाल खड़े हो रहे हैं कि आखिर दो अरब से ज्यादा के प्रोजेक्ट की इस दुर्गति के जिम्मेदार कौन हैं।

शहर के कुछ हिस्सों में अमृत मिशन के पाइप बिछाए ही नहीं गए हैं। कई स्थानों पर अब भी भागीरथी योजना के तहत बिछाई गई लाइन से ही आपूर्ति हो रही है। अमृत मिशन के तहत तैयार की गई पानी टंकियों को पुरानी लाइन से जोड़ दिए जाने की भी बात सामने आ रही है। हैरानी इस बात की है कि, इस पुरानी लाइन से भी अमृत मिशन के नाम पर नए कनेक्शन दिए गए हैं। कई ऐसे स्थान जहां पानी टंकी की सबसे ज्यादा जरुरत थीं वहां टंकियों के निर्माण को प्रोजेक्ट की प्लानिंग से अलग कर दिया गया।

निगम के तत्कालीन अभियंताओं के काम और प्रोजेक्ट में उनके दखल को लेकर संशय की स्थिति बन रही है। माना जा रहा है कि, प्रोजेक्ट की शुरुआत में ही अभियंताओं और कंस्ट्रक्शन कंपनी ने मिलकर बड़ा खेल कर दिया। एक बार योजना पूरी तरह तैयार होने के बाद इसका काम तो शुरु हो गया लेकिन इसे इस तरह पूरा किया गया कि निगम के अभियंताओं को भी



मिशन के काम की पूरी जानकारी नहीं है। आरोप लगने लगे हैं कि, पाइप लाइन बिछाने में ही बड़ी गड़बड़ी को अंजाम दिया गया है। इस गड़बड़ी का खाका ड्राईंग तैयार किए जाने के दौरान ही तैयार कर लिया गया था। अब बड़ा पेंच यह है कि प्रोजेक्ट हैंडओवर किए जाने के बाद इसका मेंटनेंस निगम के हवाले है। जबकि निगम के जिम्मेदारों को पाइप लाइन और दूसरे तकनीकी कार्यों की बेहद कम जानकारी ही हासिल हुई है। ऐसे में अमृत मिशन में आ रही दिक्कतों को समझ पाना निगम के लिए ही चुनौती साबित हो रहा है।

### निगम महकमे को भी पूरी जानकारी नहीं

अब स्थिति ये है कि, कहां, कैसे पाइप लाइन बिछाई गई, कैसे इंटर कनेक्शन हुए हैं ये पता लगाने में भी निगम महकमे के पसीने छूट रहे हैं। कुल मिलाकर पूरे 8 साल तक मिशन का काम अंधाधुन चलता रहा। कभी कंस्ट्रक्शन कंपनी से कुल बिछाए गए पाइप लाइन को लेकर भी सवाल नहीं पूछे गए। न ही निगम महकमे में कुछ ऐसे लोगों को तैयार किया गया जो इस पूरे काम से वाकिफ हों ताकि प्रोजेक्ट हैंडओवर किए जाने के बाद कंपनी की रवानगी से प्रोजेक्ट से जल आपूर्ति में कोई समस्या न आए।

### पार्षदों को पूरे प्रोजेक्ट से दूर रखा

इंजीनियरों के अलावा किसी पार्षद को भी अपने वार्ड में ही अमृत मिशन की पाइप लाइन और इससे जुड़ी कोई दूसरी जानकारी नहीं है। मिशन के काम के दौरान पार्षदों को इससे बिल्कुल दूर रखा गया। उनकी शिकायतों, मांग और सुझावों को भी कोई महत्व नहीं दिया गया। किस वार्ड में पाइप लाइन कितनी बिछाई गई और किस तरह ये काम किया गया इसकी कोई जानकारी पार्षदों को नहीं है। जिस तरह ये सब छिपाया जाता रहा वो बड़ी गड़बड़ी की ओर इशारा करता है।

### प्रोजेक्ट में गड़बड़ी

निगम का मौजूदा महकमा दबी जुबान में अमृत मिशन में गड़बड़ियों की पुष्टि करता है। दूसरी ओर जब अधिकारियों से इस पर सवाल दागे जाते हैं वो हड़बड़ा जाते हैं। जल विभाग संभाल रहे सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम भी कहते हैं कि, वे अमृत मिशन प्रोजेक्ट के दौरान यहां नहीं थे। उन्हें इससे जुड़ी सभी जानकारियां अभी नहीं है। जबकि कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने कहा कि, प्रोजेक्ट को दूरदर्शिता के साथ तैयार किया गया था। कुछ समस्याएं आ भी रहीं हैं तो उन्हें ठीक कर लिया जाएगा।

### क्यूं नहीं बिछी लाइन, कहां गए पाइप ?

केंद्र की अमृत मिशन योजना के तहत शहर में 24 घंटे जल आपूर्ति का प्रोजेक्ट लांच किया गया था। अमृत (अटल मिशन फॉर रिजुवेशन एंड अरबन ट्रांसफॉरमेशन) का काम वर्ष 2016 में शुरु किया गया था। इसमें पेयजल सप्लाई मजबूत करने के अलावा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सहित कई और काम शामिल थे। बहरहाल, अब जब शहर के कई हिस्से में पाइल लाइन नहीं बिछाए जाने की जानकारी सामने आ रही है तो सवाल खड़े हो रहे हैं कि ये पाइप आखिर गए कहां इस मुद्दे पर जांच की जरुरत महसूस होती है।

### भाजपा-कांग्रेस के कार्यकाल में हुआ काम

शहर में 230 करोड़ के अमृत मिशन की दुर्गति के जिम्मेदार कौन हैं ? यह योजना निगम के दो पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान पूरी की गई है। पहले कार्यकाल में भाजपा की सत्ता रही तब मधुसूदन यादव महापौर थे। मौजूदा समय में निगम कांग्रेस की सत्ता है और महापौर हेमा देशमुख का कार्यकाल पूरा होने को है। इस बीच कई अभियंता आए और गए। पुणे की तेजस कंस्ट्रक्शन ने तकरीबन 8 साल काम किया और प्रोजेक्ट हैंडओवर कर यहां से बोरिया-बिस्तर समेट लिया।

# भाजपा के लिए आयुक्त को न हटाए जाने को लेकर बन रही असहज स्थिति

■ रणनीति बनाने जुटे भाजपाई, फिर उठा आयुक्त का मुद्दा

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




30 सितंबर को नगर निगम में पंचवर्षीय कार्यकाल की आखिरी सामान्य सभा की तैयारियों को लेकर भाजपा पार्षद दल की बैठक शनिवार की शाम भाजपा कार्यालय में हुई। इस बैठक में सभा के लिए तय 11 विषयों पर रणनीति तैयार की गई।

जानकारी आ रही है कि, इस दौरान भाजपा के कुछ पार्षदों ने निगम के मौजूदा अफसरों को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने आपत्ति रखते हुए कहा कि, जिन अफसरों के स्थानांतरण की मांग भाजपा पार्षद दल करता रहा वे अब भी यहीं डटे हुए हैं। सामान्य सभा में सत्ता पक्ष कांग्रेस के सामने इस मुद्दे को लेकर असहज महसूस किए जाने की बात भी रखी गई है। पार्षदों ने आयुक्त अभिषेक गुप्ता के रवैये को लेकर शिकायत रखी है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि, बैठक में सभी भाजपा पार्षदों ने नगर विकास के दृष्टिकोण को आगे रखते हुए अपनी रणनीति तैयार की है। विभिन्न मुद्दों पर सदन में चर्चा होनी है और भाजपा पार्षद दल इसमें पूरी तैयारी के साथ भाग लेगा। उन्होंने कहा कि, विगत 10 महीनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार और पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर शहर को विकास कार्यों लिए करोड़ों की सौगात मिली है जिससे शहर का विकास एक बार फिर जीवंत हो उठा है।

# नए थाना प्रभारी शशांक सिंह के पुलिसिंग कार्रवाई से अपराधियों में हडकंप

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com



कृष्णकांत निवासी वार्ड क्रमांक 10 न.पं. लवन द्वारा थाना लवन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वाहन क्र. टाटा 407 क्र. सीजी 04 एनएफ 1312 के आरोपी वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर लवन नगर में झालर लाईट खम्भा को तोडते हुए एक कार क्र. सीजी 04 पीटी 2187 को भी सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। तत्पश्चात आरोपी चालक उक्त वाहन को मौके पर छोडकर वहां से भाग गया है। घटना की सूचना मिलते ही थाना लवन का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल पहुंचा, जिसमें उक्त वाहन का निरीक्षण करने पर वाहन में मवेशी (भैंस/भैसा) को क्रूरता पूर्वक वाहन में भरकर उनके सिंग को बांध दिया गया था।

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान



पायनियर संवाददाता ‹ कसडोल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरुआत के पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा यह यात्रा राज्य के बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के खिलाफहै। प्रदेश की भाजपा सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में महिलायें, युवतियाँ सुरक्षित नहीं है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से प्रदेश चिंतित है। राज्य में आदमी जिंदा जलाये जा रहे है।

# रन फॉर जीरो हंगर अभियान से जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बालकोनगर
www.dailypioneer.com






वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन (वीडीएचएम) के अंतर्गत टाउनशिप वाकथॉन का आयोजन किया। 20 अक्टूबर तक चलने वाले वीडीएचएम 'रन फॉर जीरो हंगर' अभियान में बालको ने अबतक 10 लाख किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। वेदांता कर्मचारियों के लिए एक फिटनेस ऐप भी लॉन्च किया है। इस ऐप से पता चलेगा कि कर्मचारी कितने किलोमीटर की दौड़ तय कर चुके हैं। दिल्ली हाफ मैराथन के आयोजक वेदांता ने संकल्प लिया है कि कर्मचारियों के प्रत्येक किमी दौड़ने पर एक जरूरतमंद बच्चे को पौष्टिक भोजन मिलेगा। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग खुद को फिट करने के उद्देश्य से मैराथन से जुड़ेंगे और उनके दौड़ने से लाखों जरूरतमंद बच्चों को पौष्टिक भोजन मिलेगा। कंपनी ने वीडीएचएम के अंतर्गत विभिन्न वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किय हैं। स्वास्थ्य के साथ सामाजिक भलाई को बढ़ावा देते हुए बालको कर्मचारियों तथा उनके परिवारजन ने टाउनशिप के रन फॉर जीरो हंगर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पिछले हफ्ते बालको कर्मचारी, व्यावसायिक साझेदारों, विद्यार्थी और समुदाय के 1400 से अधिक लोग दौड़ में शामिल हुए। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा बाल विकास में योगदान देने के उद्देश्य से नंद घर परियोजना की शुरूआत की गई है। समुदाय के साथ-साथ कंपनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में विश्वास रखती है। यह कंपनी के कुपोषण मुक्त भारत बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। वेदांता समूह नंद घर परियोजना से देश भर में सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को प्रभावित करने की दिशा में काम कर रहा है।


## ग्रुप संचालक के खिलाफ एफआईआर की मांग

# मोदी की फोटो दिखाकर युवाओं से करोड़ों की ठगी, एंटाफगास्टा कंपनी में युवावर्ग धोखाधड़ी के शिकार

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में एक एन्टोफगास्ता नाम की कंपनी द्वारा युवाओं से ठगी का मामला उजागर हुआ है। युवाओं ने कंपनी के एजेंट प्रवीण बाम्बेश्वर, सेरेना मिचेल एवं वनिता नामक लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत पुलिस में की है। उल्लेखनीय है प्रवीण बाम्बेश्वर नगर का स्थानीय निवासी बताया जा रहा है, तो वहीं सेरेना व वनिता का कोई अतापता नही है।

दरअसल आर्थिक धोखाधड़ी के शिकार युवाओं में डोंगरगांव नगर, मटिया, अर्जुनी, रातापायली, सीताकसा सहित अंचल के लगभग दर्जनभर गांवों के युवा शामिल हैं। आवेदको में मुख्य आवेदक विकास साहू, पीताम्बर यादव, टोमन साहू, जनक साहू, टामन साहू, जनक साहू, प्रियांशु मंडावी, जयप्रकाश यादव, दुष्यंत साहू सहित अर्जुनी, रातापायली के लगभग 40 से




अधिक युवाओं ने थाने पहुंचकर एजेंट व ग्रुप संचालकों के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए एफआईआर की मांग की है।

आवेदकों ने मीडिया को बताया कि प्रवीण कुमार बाम्बेकर द्वारा प्रत्यक्ष रूप से विभिन्न स्थलों पर तथा सेमीनार के माध्यम से एंटाफगास्ता



कंपनी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत सरकार की कंपनी हैं, मोदी सरकार की गरीबी उन्मूलन परियोजना के अंतर्गत हैं, जिसे सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। उक्त कंपनी को भारतीय स्टेट बैंक से सम्बद्ध बताया गया। स संबंधित दस्तावेज दिखाया गया। जिसके प्रभाव में आकर आवेदकगणां द्वारा उनके द्वारा बताये मोबाईल एप के माध्यम से संबंधित कंपनी के द्वारा दिये गये बार कोड में विभिन्न व्यवहारों में राशि जमा किया गया है। । जिसमें शुरूआत में कमीशन व फायदे के नाम से थोड़ी बहुत राशि जमा अनुपात में 9 प्रतिशत आता था, जबकि अनावेदक द्वारा अधिक लाभ का झांसा दिया गया था। जिसके झांसे में आकर सभी ने उक्त मोटी रकम जमा की थी लेकिन एक सप्ताह पूर्व कंपनी ने रिफंड भेजना बंद कर रिफंड के लिए 6 - 6 हजार रूपये टैक्स जमा करने के नाम से व्हाट्सअप के माध्यम से मांग की। नहीं देने पर आईडी ब्लॉक करने की धमकी दी गई है।

आवेदकों ने बताया कि अनावेदक के द्वारा एक व्हाट्सअप ग्रुप इंडिया इन्टाफगास्टा के नाम से संचालित कर लगभग 900 लोगों को कंपनी से संबंधित जानकारियां, सुझाव, नियम व कानून लेनदेन के तरीके, रूपये रिचार्ज करने के तरीके एवं बोनस व विड्राल के तरीकों को लगातार बताया जाता था एवं भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की फोटोयुक्त संदेश जिसमें गरीबी उन्मूलन का हवाला दे करके उक्त कंपनी को भारत सरकार द्वारा संचालित किया जाना बताया जाता था। अनावेदक के द्वारा एक व्हीआईपी ग्रुप ऑफ ए इन्टाफगास्टा नामक व्हाट्स ग्रुप संचालित कर स्वयं को कंपनी द्वारा मैनेजर नियुक्त करने का ऑफर देने तथा गवर्नमेंट प्रोजेक्ट देने का हवाला दिया गया। हम सभी उसके झांसे में आ गये। वे लगातार झांसा देते रहे ताकि बोनस व कमीशन आवेदकगणों को प्राप्त हो, जबकि इसके विपरित हम सभी के द्वारा किये गये जमा रकम से अनावेदक प्रवीण बाम्बेश्वर को मोटी रकम उसके तथा उसके भाई एवं अन्य उसके सहयोगियों के विभिन्न खातों में मिलते रहा है। अर्थात इससे स्पष्ट होता है कि प्रवीण बाम्बेश्वर सभी के साथ आर्थिक धोखाधड़ी की नियत रखते हुए फर्जी कंपनी को बनाकर तथा उस कंपनी के नाम पर अनेक व्हाट्सअप ग्रुप को संचालित कर हमारी मेहनत की कमाई लूट लिया है। आवेदकों की माने तो अनावेदक प्रवीण बाम्बेश्वर के द्वारा एक दिन पूर्व ही शिकायत होने की स्थिति बनते देख संदेहास्पद रूप से कंपनी के व्हाट्सअप ग्रुप से कुछ मोबाईल नंबरो को अकस्मात रिमूव कर दिया गया।

### महिला ठग सक्रिय होने का संदेह

आवेदकों ने बताया कि ग्रुप संचालक प्रवीण बाम्बेश्वर के अलावा इनके सहयोगी कोई वनिता तथा सेरेना मिचेल के द्वारा भी कंपनी से संबंधित दस्तावेज, नीति नियम व छत्तीसगढ़ में अतिशीघ्र खनन क्षेत्र प्रारंभ करने का हवाला देते हुए विभिन्न प्रकार के धातुओं की खरीदी बिक्री किये जाने की जानकारी प्रसारित की जाती थी। जिससे हम सभी उपरोक्त अनावेदकगणों के झांसे में आ गये हैं।

### सैकड़ों युवाओं से लाखों की ठगी

पुलिस ने मीडिया को बताया कि विकास साहू द्वारा 2,80,000 रू, टामन साहू 1,25,000 रू, टोमन साहू 1,91,200 रू., पोखराम साहू मटिया 1,50,000 रू, जनक साहू मटिया 77,900 रू. एवं शेरसिंह साहू सीताकसा 3,00,000 रू. एवं अर्जुनी तथा रातापायली के युवाओं द्वारा आर्थिक धोखाधड़ी की शिकायत कर कार्रवाई करने एवं रुपये वापस कराने की मांग की है।

युवाओं ने एंटाफ़गास्ता कंपनी की शिकायत कर एजेंट के खिलाफ आर्थिक धोखाधड़ी की शिकायत की है।

**-उपेन्द्र शाह,** टीआई

# जानलेवा होता है रेबीज, टीका लगवाना ही बचाव का सही तरीका इसी संदेश के साथ मनाया गया विश्व रेबीज दिवस




पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 28 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों सहित स्कूलों में लोगों को रेबीज के प्रति जागरुक एवं सावधानी बरतने के संबंध में अपील की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया की देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हज़ार लोगों की मौत रेबीज से हो जाती है जिसमें से 97 प्रतिशत केस संक्रमित कुत्ते के काटने से होता है। रेबीज एक जानलेवा रोग है यदि इसका टीका नहीं लगवाया गया और लक्षण प्रकट हो गए तो मरीज की मृत्यु हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार संक्रमित जानवर के काटने पर रेबीज के लक्षणों में बुखार, सरदर्द, थकान, पश्चात श्वशन तंत्र, तंत्रिका तंत्र, पाचन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है। मरीज को हवा, पानी प्रकाश से भय लगता है और वह कोमा में चला जाता है जिसके बाद उसकी मृत्यु हो जाती है। रेबीज से बचाव हेतु जानवर के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से कम से कम 15 मिनट तक धोएं फिर एंटीसेप्टिक लगा के तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर एंटी रेबीज टीका लगवाएं। क्योंकि संक्रमित जानवर के संपर्क में आने के बाद यदि लक्षण दिख गए तो इलाज संभव नहीं है इसलिए यह टीका लगवाना जरूरी है टीका का पूरा डोज लेना अनिवार्य है। पहले लगने वाले 14 इंजेक्शनों के बजाय आजकल मांसपेशियों में लगने वाला पांच टीका जिसे 0, 3 ,7,14 और 28 वें दिन लगाया जाता है अथवा त्वचा में लगने वाला चार टीका जिसे 0,3,7 और 28 वें दिन लगाया जाता है पूर्णत सुरक्षित और असरकारक है। किसी प्रकार के अंधविश्वास के झांसे में आ के झाड़-फूंक की गतिविधियों से दूर रहें। घर में यदि पालतू जानवर है तो उसे टीका लगवाएं। यह टीका शासकीय अस्पताल में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा ने बताया कि जिले में वर्ष 2024 में जनवरी से अब तक भाटापारा में 596, बलौदाबाजार में 726, सिमगा में 640, पलारी में 365 और कसडोल में 326 कुत्ते काटने के प्रकरण सामने आए। वर्ष 2023 में जिले में ऐसे कुल केस 3486 के थे जो इस वर्ष अब तक 2653 हैं। यदि आपके जानवर मे रेबीस जैसे लक्षण दिखाई दे तो तुरंत अपने नजदीकी पशु चिकित्सक

# जरूरतमंदों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाना इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सभी सदस्यों का दायित्व : चन्द्रवाल



पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

इंडियन रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि सेवा भाव से जिले में कार्य करते हुए जरूरतमंदों तक चिकित्सा सहायता पहुँचाना इंडियन रेडक्रास सोसायटी के सभी सदस्यों का दायित्व है। हमें सभी जरूरतमंदों तक समय पर मदद पहुँचाकर मानवता का प्रसार करना है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला स्तर की वार्षिक बैठक में उपस्थित सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर किया जा रहा है जो कि रेडक्रास सोसायटी की बेहतर सक्रियता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने जिले में ऐसे ही विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर सेवा भाव से कार्यक्रम में सभी सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक की शुरुआत इंडियन रेडक्रास सोसायटी की प्रार्थना से हुई जिसके पश्चात् रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष चन्द्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को अपने और दूसरों की स्वास्थ्य की देखभाल करने, दुःखी लोगों की सहायता करने, विशेष तौर से बच्चों और वृद्धों और दुनिया के सभी बच्चों की सहायता करने की प्रतिज्ञा दिलाई। बैठक में सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न एजेंडो पर बिंदुवार चर्चा भी की। जिसमें सदस्यता अभियान, आय-व्यय की जानकारी, फंड राईजिंग, यूथ रेडक्रास के गठन, जिला प्रबंधन समिति के गठन, समस्त शासकीय-अशासकीय शालाओं में जूनियर रेडक्रास का संचालन, पॉलिटेक्निक कॉलेज और सभी आईटीआई में रेडक्रास के गठन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में इसके अलावा समिति के सदस्यों ने विभिन्न सुझाव भी दिए। बैठक में समिति के उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन, सचिव एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम के सूर्यवंशी, जिला संगठक एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, सिविल सर्जन डॉ. श्रीमाली, जिला

## हत्या से लेकर हड़ताल तक जूझ रहा छत्तीसगढ़ : मोनेश बंछोर



**रिसाली।** कांग्रेस नेता मोनेश बंछोर ने राज्य की भाजपा सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि वर्तमान परिदृश्य में छत्तीसगढ़ लगातार हत्याओं, बलात्कार से दहल उठा है. पिछले 8 महीनों में 600 से अधिक बलात्कार के प्रकरण जो अब लगातार कम से कम 5 नए प्रकरण प्रतिदिन अखबारों के माध्यम से जनता के संज्ञान में आ रहें है जिससे जनता असुरक्षित महसूस करने के साथ-साथ लचर कानून व्यवस्था को लेकर आक्रोशित भी है. इसके अलावा चाकूबाजी, मारपीट, लूट और चोरी की घटनाओं का अंबार लग गया है. शांति का टापू छत्तीसगढ़ आज अपराधगढ़ का स्वरूप ले चुका है। मोनेश बंछोर ने भाजपा सरकार को उनके 2023 के चुनावी घोषणापत्र मोदी की गारंटी में शामिल पंचायत सचिवों के नियमितीकरण के वादे को शीघ्र पूरा करने की मांग की है। इसके अलावा कहा है कि केंद्र के समान महंगाई भत्ते के जिस मांग को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के 4 लाख सरकारी कर्मचारी हड़ताल पर है और स्कूलों से लेकर मंत्रालयों के कामकाज ठप्प हो गए हैं शीघ्र निराकरण किया जाना चाहिए।

# आंदोलनकारी महिलाओं से बायो टेक के मालिक ने की बहस, महिलाओं ने वापस कराई उसकी कार

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



एथेनाल प्लांट को बंद करने शांति पूर्ण धरना दे रही महिलाओं से बायो टेक प्लांट के मालिक रोहित सचदेवा बहस बाजी पर उतर आया, उसकी इस हरकत से गुस्साई महिलाओं ने धारण छोड़ के एकत्रित हो गई और नारे बाजी करने लगी। उसकी कार को वापस करा दिया। दरअसल पथर्रा गांव की महिलाएं गांव से धरना स्थल की ओर आ रही थी उसी समय रोहित सचदेवा की कार उसी सड़क से गुजरी। महिलाओं की कम संख्या को देख कर रोहित सचदेवा ने गलत से टिप्पणी कर दी जिससे महिलाएं भड़क गई और धरना स्थल पर बैठी अन्य महिलाओं की आवाज लगाई, जिससे धरना स्थल पर बैठी सभी महिलाएं उसी और दौड़ पड़ी। फैक्ट्री मालिक कथित रूप से महिलाओं के वीडियो भी बना रहा था जिससे महिलाएं और भी ज्यादा भड़क गई। कंपनी में लाए गए बाउंसर भी गांव वालों एक्का-दुक्का देख कर धमका रहे थे। जिससे धरना स्थल पर माहौल गर्म रहा। शासन प्रशासन का किसी तरह संज्ञान नहीं लेने से माहोल और भी ज्यादा गर्म हो गया। अभी तक ग्रामीण किसान शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा लगातार बाहर से काम के नाम पर असमाजिक तत्वों को लाकर रखा जा रहा है। जिससे शांति पूर्ण गांव का माहौल इस फैक्ट्री के चलते पूरा क्षेत्र अशांत हो रहा है और शासन प्रशासन न केवल मूक दर्शक बन देख रहा है बल्कि उसकी कार्य शैली किसानो को आक्रोश के लिए आग में घी का काम कर रहा है। 23 तारीख से शुरू हुए इस आंदोलन को पूरा एक सप्ताह हो चुका है। दिन प्रति दिन किसानो की संख्या बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। फैक्ट्री प्रबंधन के कार्य शैली, किसानों के आंदोलन को और भड़का

# हाईवा के पीछे जा घुसी बाईक, एक की मौत

- हाईवा चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक लगाया था ब्रेक
- मृतक का नाम राजकुमार बंजारे निवासी सांकरा

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

रायपुर से पाटन मुख्य मार्ग पर अमलेश्वर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार की रात हाईवा चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक ब्रेक लगा दिया। जिसके कारण पीछे चल रही मोटरसाइकिल हाईवा के अंदर घुस गई। इस दुर्घटना में मौके पर मोटरसाइकिल चालक की मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को चोटे आई हैं। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि गुरुवार की रात को ग्राम साकरा निवासी राजकुमार बंजारे अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सी जी 04 पी के 2758 से ग्राम जामगांव एम जा रहे थे। मोटरसाइकिल में दो लोग गोविंदा डहरिया, सूरज बघेल उर्फ चूकी बघेल भी सवार थे। मोटरसाइकिल राजकुमार बंजारे चला रहा था। दोनों साथी पीछे बैठे थे। रात्रि करीबन 8.30 बजे जब वे ग्राम जामगांव एम रेस्ट हाउस के पास पहुंचे उसी समय सामने चल रहे हाईवा क्रमांक सी जी 04 एम टी 4049 का चालक अपने हाईवा को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। अचानक ब्रेक मारने से राजकुमार बंजारे हाईवा के पीछे जा टकराया, जिससे राजकुमार बंजारे को गंभीर चोटे आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीछे बैठे दोनों भी दूर जा गिरे और उन्हें मामूली चोटे आई। घटना को अंजाम देते ही हाईवा का चालक वहां से फरार हो गया। दुर्घटना में राजकुमार बंजारे के सिर में गंभीर चोंट आने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं गोविन्दा के बाये हाथ, कंधा व चेहरे तथा सूरज बघेल उर्फ चूकी बघेल के माथे मे चोंट आई है। मृतक के भाई प्रार्थी सुनील बंजारे ग्राम सांकरा द्वारा की गई शिकायत पर अमलेश्वर पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ धारा 106, 125 (ए), 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# दल्ली राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी को बालोद जिला भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक लाफचंद बाफना व भाजपा बालोद जिले के अध्यक्ष पवन साहू की सहमति से दल्ली राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी को बालोद जिला भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति से पूरे व्यापारियों में हर्ष का माहौल बना हुवा है। ज्ञात रहे कि गोविन्द वाधवानी व्यापारियो के साथ नगर एवं जिले के हित के लिए हमेशा से लड़ते आ रहे हैं। सभी के सुख दुख में साथ खड़े रहने वाले वाधवानी की नियुक्ति से निश्चित ही बालोद जिले में पार्टी से व्यापारियो के बीच मजबूती मिलेगी व व्यापारी व पार्टी के बीच सेतु का कार्य

## नियुक्ति पर वाधवानी ने जताया शीर्ष नेतृव का आभार

गोविन्द वाधवानी ने कहा कि मैं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश संयोजक लाफचंद बाफना, श्रीचंद सुंदरानी, पवन साहू, प्रमोद जैन, राकेश यादव, चेमन देशमुख, कृष्णकांत पावर, यशवंत जैन, यगदत्त शर्मा, राकेश यादव का आभार व्यक्त करता हूँ, जिस विश्वास से आप सभी ने मुझे ज़िम्मेदारी सौंपी है, मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं पार्टी को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा और पार्टी की रीति-नीति तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार की योजनाओं को अंतिम चरण के व्यक्ति तक पहुंच सके ये सुनिश्चित करूँगा।

## गुड गवर्नेन्स के गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन

**दल्लीराजहरा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत गुड गवर्नेन्स के गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे ने परिवार रोजगार कार्ड का सत्यापन एवं अद्यतन, केश रिकार्ड, कार्य नस्ती का संधारण, नागरिक सूचना पटल बनाने, सात प्रकार पंजियों का संधारण करने के निर्देश समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक को दिए। उन्होंने जनपद स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित कर समस्त ग्राम रोजगार सहायक को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही महात्मा गांधी नरेगा के प्राथमिकता के कार्य, सेग्रीगेशन शेड, आंगनबाड़ी निर्माण कार्य सहित विशेष प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने सेग्रीगेशन शेड निर्माण कार्य में विलंब होने पर समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं संबंधित तकनीकी सहायक को कारण बताओ सूचना जारी कर 03 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण कराते हुए स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रशिक्षण में जिला स्तरीय सहायक परियोजना अधिकारी, शिकायत समन्वयक, लाईन डिपार्टमेंट के अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

# सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई साजा की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सहायक शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई साजा की बैठक माँ महामाया मंदिर साजा मे आयोजित की गई जिसमें सभी पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित हुये। व माँ महामाया की जयकारा के साथ बैठक व क्रमशः प्रस्ताव पारित हुआ। प्रस्ताव इस प्रकार है। बैठक में सबसे पहले यह प्रस्ताव रखा गया कि सहायक शिक्षक फेडरेसन साजा ग्रुप में कोई भी अन्य ब्लॉक के शिक्षक, सहायक शिक्षक व पदाधिकारी नहीं रहेंगे। ब्लॉक साजा की वार्षिक सहयोग राशि 200 रुपए लिया जाए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जो संकुल प्रभारी होगा उनके सहयोग राशि में पूर्ण रहता। समयमान वेतन की राशि जारी करवाने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को संपर्क करेंगे। ब्लॉक उपाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से टिकेन्द्र सिंह राजपूत को नियुक्त किया गया। सर्वसम्मति से दिलीप पटेल को ब्लॉक संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। शिक्षक मोर्चा की आगामी 2 अक्टूबर को होने वाले आंदोलन में वेतन विसंगति की मांग प्रथम पंक्ति में नहीं होने पर सहायक शिक्षक फेडरेशन आंदोलन में शामिल नहीं होंगे। ब्लॉक स्तर पर राशि खर्च के लिए पांच सदस्य टीम गठित किया गया। सर्विस बुक को संपरिक्षक से सत्यापन करने के लिए भी बीईओ से संपर्क किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव ने आय व्यय का व्यवरा प्रस्तुत किया। जिसमें शेष राशि शून्य है। आय व्यय का व्यारा प्रति वर्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा रावन शासकीय स्कूल प्राागंण में सफाई अभियान





पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रावन हायर सेकेड्री, माध्यमिक एवं प्रायमरी स्कूल के सयुक्त प्रागंण में जनसहभागिता से वृहद स्तर पर सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस सफाई अभियान में शासकीय स्कूल के प्राध्यापक, समस्त शिक्षकगण, शाला एवं स्कूल प्रबंधन समिती, ग्राम पंचायत भारत माता वाहिनी समिती, शाला के विद्यार्थीगण एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन से सीएसआर एवं माइंस टीम के पदाधिकारी उपस्थित थें। स्कूल प्रागंण की साफ सफाई के अलावा फागींग मशीन से मच्छर दवा तथा घास कटिंग मशीन से समस्त घास झाडियों को साफ किया गया। स्कूल प्रागंण के सफाई के साथ-साथ एक शपथ समारोह का आयोजन कर कार्यक्रम मे उपस्थित सभी भागीदारों को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में हायर सेकेड्री स्कूल प्राचार्य योगेन्द्र वर्मा, माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य कल्याणी वर्मा, प्राथमिक स्कूल प्राचार्य मोंगरा वर्मा, शिक्षकगण भगवान दास, सुधा वर्मा के साथ 400 विद्यार्थीगण, ग्राम पंचायत सरपंच माधुरी वर्मा तथा भारत माता वाहिनी के सदस्य डागेश्वरी वर्मा, भुनेश्वरी वर्मा, शीला विश्वास तथा सूनिता वर्मा एवं शाला समिती के पदाधिकारी कुलेश्वर वर्मा एवं त्रिलोचन वर्मा उपस्थित थे। संयंत्र प्रबंधन से माइंस डी-एच रमेश कुमार नकुम, एस एच कमलेश चंद्राकर एवं दिनेश दत्त, आदित्य महंत, साकची, हर्ष तथा सी एस आर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा सीएसआर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव, हेमलता ध्रुव, धनेश्वरी साहू, साहिल पैकरा, अरुणेन्द्र सिंह एवं ताराचंद

## बाबा दरबार में नवरात्रि की तैयारी पूर्ण



**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा में कुंवार नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर-शोर से चल रहा है। दरबार को रंग रोगन किया जा रहा है एवं गुमान साहू के द्वारा लाईट से सजाया जा रहा है। नवरात्रि की तैयारी लगभग पूर्ण हो गया है। दरबार में नवरात्रि 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा एवं दरबार में ज्योति कलश प्रज्वलित हेतु 701 रु शुल्क राशि निर्धारित किया गया है। नवरात्रि के पहले दिन लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा के द्वारा विधी विधान मंत्र उच्चारण के साथ घटस्थापना किया जाएगा एवं महावीर उद्यान में इस वर्ष मां नव दुर्गा की मुरती स्थापित किया जाएगा सुबह शाम आरती के बांद दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा विद्वान पंडितों के द्वारा यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने दी।

# कंतेली वृद्धाश्रम में जाकर एपीसी ने की बुजुर्गों की सेवा



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एपीसी बेमेतरा भूपेन्द्र कुमार साहू तथा उमा जाटव के द्वारा जनसेवा के उद्देश्य से कंतेली संचालित वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों का हालचाल और स्वास्थ्य के सम्बंध में बातचीत कर उनका हाल चाल जाना गया। तथा आश्रम में मौजूद समस्त बुजुर्गो, वृद्धजनों से उनकी दिनचर्या और रुचि, घर परिवार के सम्बंध में बातचीत किया गया। दोनों जने से मिलकर बुजुर्गों के चेहरे पे मुस्कान की किरण छा गई और खुशी खुशी अपना हालचाल उन्होंने बताया। कुछ वृद्धजनों ने अपना जीवन गाथा बहुत ही उत्साह से जो उन्होंने अपने जीवन में अनुभव किया, उसे बताया। उन्होंने बताया कि हमने अपने घर परिवार व बाल बच्चों के लिए सब कुछ किया। लेकिन जीवन के अंतिम पड़ाव में इस आश्रम में रहने के लिए मजबूर हो गए हैं। जिसे नियति का लेख मानकर हमने स्वीकार कर लिया है। और अपनों का गम लेकर इस आश्रम में जीवन यापन कर रहे हैं। भूपेंद्र साहू और उमा जाटव के द्वारा सभी बुजुर्गो को उनकी दैनिक उपभोग की खाद्य पदार्थ सप्रेम भेंट किया गया।

# अच्छी कनेक्टिविटी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता की सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण तेजी से पूर्ण करें : अरुण साव

## तकनीकी मापदंडों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें सभी निर्माण

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com




उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने जगदलपुर में बस्तर संभाग के सभी जिलों में किए जा रहे लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को अच्छी कनेक्टिविटी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता की सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी मापदंडों के अनुरूप अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी निर्माण कार्यों को पूरा करने को कहा। उन्होंने चुनौतियों को स्वीकार कर बस्तर के लोगों के लिए वहां पदस्थ अधिकारियों को बेहतर काम करने को कहा। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और प्रमुख अभियंता के.के. पीपरी भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक में कहा कि अपने नैसर्गिक सौंदर्य, अकूत वन एवं खनिज संपदा, पर्यटन स्थलों एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण बस्तर छत्तीसगढ़ के लिए ही नहीं, अपितु देश के लिए भी महत्वपूर्ण इलाका है। छत्तीसगढ़ और देश को अग्रणी बनाने का रास्ता बस्तर से ही जाएगा। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों एवं चुनौतियों के बावजूद बस्तर के लोगों की बेहतरी के लिए अधिकारियों को पूरी प्रतिबद्धता से काम करने को कहा। उन्होंने बैठक में लोक निर्माण विभाग के बस्तर संभाग के अंतर्गत प्रगतिरत एवं संधारण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में भवन एवं सड़क निर्माण, विद्युत एवं यांत्रिकी और सेतु निर्माण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों को समयबद्ध और व्यवस्थित ढंग से संचालित करने स्वयं सिस्टम बनाएं और हर दिन के लिए लक्ष्य निर्धारित कर काम करें। इससे अच्छे नतीजे हासिल होंगे। उन्होंने आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा निर्धारित समय में तकनीकी मापदंडों के साथ गुणवत्तायुक्त काम पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। समय पर काम पूर्ण करने पर यदि प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है, तो इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करें। एक इंजीनियर के नाते नियमित तौर पर फील्ड में ज्यादा समय दें, काम पर पूरी नजर रखें। खराब काम करने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने सड़क निर्माण के दौरान सड़क सुरक्षा सम्बन्धी तकनीकी मापदंडों को सुनिश्चित किए जाने पर बल देते हुए डीपीआर में सम्मिलित तकनीकी प्रावधानों का अनुपालन अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। बैठक में आरआरपी प्रथम एवं द्वितीय फेस, आरसीपीएलडब्ल्यूई प्रथम एवं द्वितीय फेस, नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और छत्तीसगढ़ राज्य सड़क विकास अभिकरण के कार्यों सहित राज्य बजट के कार्यों तथा भवनों एवं सड़कों के संधारण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। लोक निर्माण विभाग के बस्तर जोन के मुख्य अभियंता जी.आर. रावटे, विद्युत एवं यांत्रिकी, सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के मुख्य अभियंता, जगदलपुर एवं कांकेर सर्कल के अधीक्षण अभियंता तथा दोनों सर्कल्स के विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

# 40 से अधिक गांव के क्वालिटीहीन झिल्ली पाउच शराब की बिक्री विष्णुदेव सरकार को लाखों का नुकसान

- आबकारी विभाग के शिकंजे से कोसों दूर माफिया

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



आबकारी विभाग अधिकारियों के संरक्षण देने के चलते गांव गांव शराब की अवैध बिक्री जोरों शोरों में हो रही है लेकिन आज भी वह शराब माफिया आबकारी विभाग के शिकंजे से कोसों दूर है जिसके चलते एक ओर विष्णुदेव साय सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है तो दूसरी ओर मंदिरा प्रेमियों को अपने सेहत का फिर भी उड़ीसा का पाउच दारू सहित कच्चा शराब को रोकने में विभागीय अफसर असफल है यह जानकर आश्चर्य होगा की 112 गांव वाला देवभोग ब्लॉक के 40 गांव अवैध शराब बेचा जाता है। पीटापारा, दरलीपारा, खुटगांव, तुवासमाल, दहीगांव निस्टीगुड़ा बरही, दीवानमुड़ा, झाखरपारा, कुमड़ाई जामगांव चीचीयां मुंडागांव सहित ऐसे 40 गांव हैं जहां कच्चा उड़ीसा की दारु खुलेआम बेची जाती है जगह जगह आपको पाउच दारू की झिल्ली भी नजर आएगी बताया जाता है कि उड़ीसा के शराब कारोबारी पिकअप और बड़े-बड़े वाहन मैं पहुंच दारू ब्लॉक के शराबियों के घरों में पहुंचाते हैं, जिनमें ऐसे भी शराब माफिया हैं जो 1 सप्ताह के भीतर 5 से 7 हजार पांच दारू आसानी के साथ बेच लेते हैं इस हिसाब से अगर ब्लॉक में अवैध शराब सप्लाई की बात करें तो सप्ताह भर में 15 लाख से अधिक उड़ीसा की दारू पहुंचने का अनुमान है और इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राज्य को सालाना कितना राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा शराब माफियाओं को भी शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ती है, क्योंकि थर्ड डिग्री क्लास तरीके से उड़ीसा के डबल घोड़ा दारू को झील्ली में पैक किया जाता है। इसके साथ ना मैन्युफैक्चरिंग की तिथि होती है और न एक्सपायरी ऐसे में सीधा सीधा शराबियो को यह पाउच पाउच दारू से काफी परेशान होना पड़ता है। बावजूद इसके आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं करना सांठ गांठु की ओर इशारा करता है।

### मार्ग की तिथि समय की होती है जानकारी

ब्लॉक के अवैध शराब कारोबारियों से में एक ने नाम नहीं छापने के एवज में बताया कि आबकारी अमला को उड़ीसा की दारु को लेकर पूरी जानकारी होती है कब किस मार्ग और कितना समय पाउच दारू पहुंचेगा यह सब पता होता है। लेकिन उक्त दारू पर कार्यवाही करने से पहले ही शराब माफिया को भनक लग जाती है और वह शराब छुपाने में कामयाब होते हैं। शायद यही वजह है कि शराब की समुंदर के कई बड़े-बड़े माफिया आबकारी शिकंजे से दूर है कुछ तो ऐसे भी शराब कारोबारी है, जिन्हें आबकारी विभाग के दस्तक की भनक देवभोग पहुंचने से पहले ही लग जाती है और ऐसी स्थिति में कार्यवाही की कल्पना किस तरह किया जा सकता है। हालांकि ऊपरी दिखावा के लिए अधिकारी बीच-बीच में छूट मुठ कार्यवाही कर वाहवाही लूटते हैं मगर हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

### अल्कोहल की मापक नहीं किडनी प्रॉब्लम की संभावना

जानकरो की माने तो जो डबल घोड़ा की पाउच दारू ब्लॉक के गांव गांव में बेचा जाता है। उक्त पाउच दारू मे अल्कोहल की मापक बिल्कुल नहीं होती कभी अल्कोहल की मात्रा ज्यादा होती है तो कभी और बढ़ा दिया जाता है ऐसे में यह दारू किडनी की बीमारी के लिए काफी खतरा माना जाता है, फिर भी हजारों की संख्या में आए दिन डबल घोड़ा शराब का बिकना समझ से परे है। मतलब चंद पैसे की लालसा में शराब माफिया सैकड़ों लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# शहीद भगत सिंह की जयन्ती पर नगर निगम के पूर्व सभापति, गणमान्यजनों ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




शहीद भगत सिंह की जयन्ती पर उनके शंकर नगर एसआरपी चौक के किनारे स्थित प्रतिमा स्थल के समक्ष उन्हें सादर नमन करने नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में नगर निगम जोन क्रमांक 3 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में पहुंचकर नगर निगम रायपुर के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव सहित सिख समाज के गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों ने शहीद भगत सिंह को जयन्ती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 63 किलो गांजा के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी में पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। तेलीबांधा क्षेत्र के जोरा ओव्हरब्रीज के पास नाकेबंदी कर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 63 किलोग्राम गांजा और एक चारपहिया वाहन बरामद किया गया, जिसकी कुल कीमत लगभग 15,50,000 रुपये आंकी गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग ओडिशा से गांजा तस्करी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर तेलीबांधा पुलिस और नारकोटिक्स सेल ने इलाके में घेराबंदी की। पहले आरोपी कमलेश तेलाशी को गिरफ्तार किया गया, जो गांजा बेचने की फिराक में था। उससे पूछताछ के बाद, पुलिस ने जोरा ओव्हरब्रीज के पास नाकेबंदी की और एक चारपहिया वाहन से अजय उईके और प्रमोद सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया।

# आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाएंगे इंफ्लुएंसर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित नो योर आर्मी मेले में आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन इंफ्लुएंसर के माध्यम से सोशल मीडिया में भी देखने को मिलेगा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर के इंफ्लुएंसर से चर्चा करते हुए सैन्य प्रदर्शन मेले को सफल बनाने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इंफ्लुएंसर से सुझाव भी मांगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि नो योर आर्मी मेले का आयोजन 5 एवं 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूलों में आर्मी थीम पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आर्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

# आगामी वर्ष धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग हेतु मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक कल

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में 30 सितम्बर को आगामी खरीफ विपणन वर्ष की धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक आगामी 30 सितम्बर को आयोजित की जा रही है। बैठक दोपहर 12 बजे से मंत्रालय महानदी भवन स्थित कक्ष क्रमांक एस-2-12 में होगी। मंत्री-मंडलीय उप समिति की बैठक में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री रामविचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, वित्त एवं वाणिज्यिकर मंत्री ओ.पी. चौधरी, बी सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा सदस्य के रूप शामिल होंगे।

# विधायक कार्यालय में शहीद भगत सिंह जी की 117वीं जयंती मनाई गई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश को आजाद कराने में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीद भगत सिंह की 117वीं जयंती विधायक कार्यालय बसना में मनाई गई। इस दौरान शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर कार्यालय प्रभारी शीत गुप्ता, कामेश बंजारा,आकाश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा,पार्षद डेनियल पीटर, जुगेश्वर बाग, नंद कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

# पॉवर कंपनी के अखिल भारतीय स्पर्धा के लिए 16 खिलाड़ी चयनित

## क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता रजनीश और दिव्या आमदे रही विजेता

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज ने अखिल भारतीय स्तर पर टेबल टेनिस की टीम की घोषणा कर दी है, इसमें 16 खिलाड़ियों के नाम का ऐलान क्षेत्रीय कला एवं क्रीड़ा परिषद के तत्वावधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पुरुष वर्ग से रजनीश ओबेराय और महिला वर्ग से दिव्या आमदे ने बाजी मारी। पुरस्कार वितरण समारोह में कार्यपालक निदेशक एमएस चौहान, जेएस नेताम एवं संदीप वर्मा ने सभी विजेता व उपविजेताओं को ट्राफी दी। उन्होंने उद्बोधन में कहा कि पावर कंपनी अपने कर्मियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल व कला गतिविधियों का आयोजन करती है। इसे और बेहतर बनाने के लिए सभी खिलाड़ी नए कर्मियों को खेल के लिए प्रोत्साहित करें। क्षेत्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महिला वर्ग में एकल श्रेणी में दिव्या आमदे विजेता व श्रद्धा वर्मा उपविजेता रहीं। समूह स्पर्धा में यशोदा रौतिया व दिव्या आमदे की जोड़ी विजेता तथा शोभना सिंह व श्रद्धा वर्मा की जोड़ी उपविजेता रही। इसी तरह पुरुष वर्ग में एकल श्रेणी में रजनीश ओबेराय विजेता व योगेश प्रधान उपविजेता रहे। समूह स्पर्धा में समीर तिवारी, रजनीश ओबेराय तथा अनुराग शर्मा व योगेश प्रधान की जोड़ी उपविजेता रही। टीम इवेंट में रायपुर सेंट्रल की टीम विजेता रही, इसके खिलाड़ी प्रशांत बापट, अनिल अग्रवाल, अनुराग शर्मा, खिलेंद्र व सागर पिंपलापुरे को ट्राफी दी गई। उपविजेता दुर्ग क्षेत्र की टीम रही, जिसमें तरूण कुमार ठाकुर, पीएल माहेश्वरी, महेश्वर टंडन, महेंद्र कुमार साहू व रजनीश ओबेराय को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंत में योगेश प्रधान को लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। इसमें अखिल भारतीय स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ पावर कंपनीज की टीम की घोषणा की गई, जिसमें रजनीश ओबेराय दुर्ग, योगेश प्रधान रायपुर, समीर तिवारी बिलासपुर, टीपी सिंह कोरबा पूर्व, अनुराग शर्मा रायपुर सेंट्रल, प्रशांत बापट, सागर पिंपलापुरे रायपुर सेंट्रल, संजीव केशकर बिलासपुर, अनिल अग्रवाल रायपुर सेंट्रल व पीएल माहेश्वरी दुर्ग को शामिल किया गया है। आल इंडिया टीम में महिला वर्ग से दिव्या आमदे रायपुर, श्रद्धा वर्मा रायपुर सेंट्रल, शिखा खांडे बिलासपुर, शोभना सिंह रायपुर सेंट्रल, यशोदा रौतिया रायपुर व निरंजना गवेल कोरबा पूर्व को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में सेंट्रल आब्जर्वर वीके तिवारी और रेफरी सुशांत बोरवंडकर एवं एसबी पेंडारकर को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने एवं आभार प्रदर्शन क्षेत्रीय क्रीड़ा सचिव विनय चंद्राकर ने किया।

29 Sep. 2024 Pride Of Raipur

हकीकत है ये सपना नहीं, हर चीज मिलती है सही... सही...
बढ़ीया क्वालिटी और सस्ता दाम, बस आपको मिलेंगे सिर्फ यही
रोज आइये, रोज उपहार पाइए...
लक्की ड्रॉ
2 पीस कप सेट
आपका विश्वास... हमारी पहचान...
ZEE महासेल
पहला एवं दूसरा माला, दिक्षित कॉम्प्लेक्स
मोतीमहल होटल के पास, बैजनाथपारा, रायपुर
समय : सुबह 10 से रात 9.30 बजे तक पार्किंग सुविधा उपलब्ध

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरा साधना है
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान...
बुकिंग के लिए संपर्क करें :
+91 7470674060
पं. एस.के. शास्त्री जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
नोट: मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
पं. रविकांत शर्मा एवं पं.एस. के. शास्त्री - +919755964567

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure
R.B.Plus RAIPUR 81091 11313 86028 11220

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

Home Constrution
HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403